# नेशनल प्रेस टाइम्स

नई दिल्ली, मंगलवार
18 मार्च 2025


राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र

नई दिल्ली। (राष्ट्रीय संस्करण) वर्ष : 11, अंक : 18 www.nationalpresstimes.com पृष्ठ : 10 मूल्य : 05 रुपया RNI No : UPHIN/2015/64579


# आईएसआई के संरक्षण में कैसे मर रहे भारत के दुश्मन

## बलूचिस्तान से पंजाब तक कौन कर रहा आतंकियों का अंत?

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान में जिन आतंकियों का सफाया किया गया है, उनमें सबसे ताजा नाम अब्दुल बाकी नूरजई और हाफिज सईद के करीबी अबु कताल का है। दोनों की हत्या ही रहस्यमयी परिस्थितियों में हुई। ऐसे में यह जानना अहम है कि पाकिस्तान में भारत के कितने मोस्ट वॉन्टेड आतंकी हालिया वर्षों में पाकिस्तान में मारे गए हैं? इनकी हत्या कब और कैसे हुई? क्रक के संरक्षण में छुपे बैठे इन आंतिकों को कौन मार रहा है? भारत में इन आंतकियों ने कौन से अपराध किए थे? आइये जानते हैं...



पाकिस्तान में एक के बाद एक भारत के दुश्मनों का सफाया होना जारी है। पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी- इंटर सर्विस इंटेलिजेंस के संरक्षण के बावजूद बीते करीब दो साल में 15 से ज्यादा आतंकियों को मारा जा चुका है। चौंकाने वाली बात यह है कि पाकिस्तान में यह सभी लोग भारत के खिलाफ साजिश रचते हुए और आतंकी संगठनों को संचालित करते हुए आसानी से जिंदगी काट रहे थे। लेकिन एक-के-बाद-एक रहस्यमयी स्थितियों में हुई हत्या की घटनाओं ने पाकिस्तान में आतंक के आकाओं को चिंता में डाल दिया।

हाल ही में पाकिस्तान में जिन आतंकियों का सफाया किया गया है, उनमें सबसे ताजा नाम अब्दुल बाकी नूरजई और हाफिज सईद के करीबी अबु कताल का है। दोनों की हत्या ही रहस्यमयी परिस्थितियों में हुई। ऐसे में यह जानना अहम है कि पाकिस्तान में भारत के कितने मोस्ट वॉन्टेड आतंकी हालिया वर्षों में पाकिस्तान में मारे गए हैं? इनकी हत्या कब और कैसे हुई? क्रक के संरक्षण में छुपे बैठे इन आंतिकों को कौन मार रहा है? भारत में इन आंतकियों ने कौन से अपराध किए थे? आइये जानते हैं...

**1. अब्दुल बाकी नूरजई**

पाकिस्तान के आतंकी और जमीयत उलेमा ए इस्लाम के नेता मुफ्ती अब्दुल बाकी नूरजई की क्वेटा में गोली मारकर हत्या कर दी गई। पाकिस्तान में हाल के समय में कई आतंकियों की अज्ञात हमलावरों द्वारा हत्या की गई है। अब उस कड़ी में अब्दुल बाकी नूरजई का नाम भी जुड़ गया है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, नूरजई को क्वेटा हवाई अड्डे के नजदीक गोलियां मारी गई। हमले में नूरजई गंभीर रूप से घायल हुआ, जिसके बाद उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। अभी तक नूरजई पर हमलावरों की पहचान नहीं हुई है और उनकी तलाश की जा रही है।

**2. अबु कताल**

15 मार्च 2025 यानी शनिवार रात को पाकिस्तान में हाफिज सईद के करीबी और कश्मीर में कई हमलों में संलिप्त रहे लश्कर ए तैयबा के आतंकी अबू कताल की हत्या कर दी गई। कताल भारत के रियासी हमले का मास्टरमाइंड था। हत्या के पीछे किसका हाथ है, अभी इसका खुलासा नहीं हो सका है।

रिपोर्ट्स के मुताबिक, झेलम जिले में अज्ञात बंदूकधारियों ने गोली मारकर कताल की हत्या कर दी।

शेष पेज 2 पर

# न्यूजीलैंड के पीएम लक्सन ने पीएम मोदी से की मुलाकात भारत को बताया अविश्वसनीय रूप से उदार

**नई दिल्ली।** लक्सन की यात्रा में भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर के साथ बैठक भी शामिल थी, जहाँ दोनों पक्षों ने कूटनीतिक और आर्थिक संबंधों को बढ़ाने के तरीकों पर चर्चा की। न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री भू-राजनीति और भू-अर्थशास्त्र पर भारत के प्रमुख सम्मेलन रायसीना डायलॉग में मुख्य भाषण देने वाले हैं, जहाँ वे वैश्विक सुरक्षा और आर्थिक सहयोग से जुड़े प्रमुख मुद्दों पर चर्चा करेंगे।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लक्सन ने सोमवार को नई दिल्ली के हैदराबाद हाउस में मुलाकात की और दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत बनाने पर चर्चा की। लक्सन की भारत की आधिकारिक यात्रा के तहत हुई इस बैठक में आर्थिक सहयोग, व्यापार विस्तार और क्षेत्रीय सुरक्षा सहित कई मुद्दों पर चर्चा हुई। पांच दिवसीय यात्रा पर रविवार को भारत पहुंचे लक्सन का प्रधानमंत्री मोदी ने गर्मजोशी से स्वागत किया। इस बैठक में भारत-न्यूजीलैंड संबंधों में बढ़ती गति को रेखांकित किया गया, जिसमें दोनों नेता सहयोग के लिए आगे के अवसरों का पता लगाने के लिए तैयार हैं। इस यात्रा में दोनों देशों के बीच मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के लिए बातचीत शुरू करने पर भी चर्चा हुई, जो आर्थिक जुड़ाव को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

लक्सन की यात्रा में भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर के साथ बैठक भी शामिल थी, जहाँ दोनों पक्षों ने कूटनीतिक और आर्थिक संबंधों को बढ़ाने के तरीकों पर चर्चा की। न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री भू-राजनीति और भू-अर्थशास्त्र पर भारत के प्रमुख सम्मेलन रायसीना डायलॉग में मुख्य भाषण देने वाले हैं, जहाँ वे वैश्विक सुरक्षा और आर्थिक सहयोग से जुड़े प्रमुख मुद्दों पर चर्चा करेंगे।

शेष पेज 2 पर

# मस्जिद, मजार छीन लेंगे.. वक्फ बिल के खिलाफ जंतर-मंतर पर प्रदर्शन में क्या बोले ओवैसी और मदनी




दिल्ली। दिल्ली के जंतर-मंतर पर वक्फ (संशोधन) विधेयक 2024 के खिलाफ मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के नेतृत्व में बड़ा प्रदर्शन हो रहा है। असदुद्दीन ओवैसी समेत कई राजनीतिक दलों ने इसका समर्थन किया है। प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि यह विधेयक वक्फ संपत्तियों पर कब्जा करने का षड्यंत्र है। जमीयत उलेमा-ए-हिंद ने भी इस विधेयक का कड़ा विरोध किया है।

वक्फ (संशोधन) विधेयक 2024 के खिलाफ दिल्ली के जंतर-मंतर पर प्रदर्शन हो रहा है। ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड (अक्टढछइ) की अगुवाई में मुस्लिम संगठन विरोध जता रहे हैं। प्रदर्शन को कई सियासी दलों का समर्थन है। इस बीच विरोध प्रदर्शन में ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी भी शामिल हुए है।

शेष पेज 2 पर

# महिलाओं की झोली फिर खाली

## बजट का प्रावधान, लेकिन अभी नहीं आएंगे 2100 रुपये



### आवेदन प्रक्रिया ऑनलाइन और ऑफलाइन

- हरियाणा सरकार की आधिकारिक वेबसाइट पर जाएं।
- लाडो लक्ष्मी योजना के आवेदन लिंक पर क्लिक करें।
- आवश्यक जानकारी भरें और आवश्यक दस्तावेज अपलोड करें।

सबमिट बटन पर क्लिक करें।

- ऑफलाइन आवेदन
- स्थानीय तहसील कार्यालय या संबंधित सरकारी कार्यालय से आवेदन पत्र प्राप्त करें।
- आवेदन पत्र को भरें और आवश्यक दस्तावेजों के साथ जमा करें।

चण्डीगढ़-हरियाणा। विधानसभा चुनाव के दौरान भाजपा ने प्रदेश की महिलाओं के लिए लाडो लक्ष्मी योजना के तहत हर महीने 2100 रुपये देने का एलान किया था। इस योजना को लेकर प्रदेश सरकार ने 5000 करोड़ का बजट का प्रावधान रखा है।

हरियाणा सरकार के बजट 2025-26 में प्रदेश की महिलाओं के लिए निराशा हाथ लगी है। क्योंकि हरियाणा में महिलाओं की लाडो लक्ष्मी योजना के तहत 2100 रुपये की राशि अभी नहीं मिलेगी। हालांकि बजट अभिभाषण में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि लाडो लक्ष्मी योजना का प्रावधान किया गया। महिलाओं को प्रति माह 2100 की आर्थिक सहायता देने का संकल्प लिया था। इसे पूरा करने के लिए लाडो लक्ष्मी योजना को अंतिम रूप दिया जा रहा है। वित्त वर्ष 2025-26 में इसके लिए सरकार ने 5000 करोड़ रुपये का प्रावधान किया है।

हरियाणा सरकार की तरफ से प्रदेश की महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए एक लाडो लक्ष्मी योजना की शुरूआत की गई है। इस योजना का उद्देश्य महिलाओं आत्मनिर्भर को बनाने के लिए सरकार द्वारा 2100 रुपये प्रति माह की आर्थिक सहायता प्रदान करना है। लाडो लक्ष्मी योजना का मुख्य उद्देश्य गरीब एवं कमजोर वर्ग की महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाना है।

लाडो लक्ष्मी योजना में आवेदन करने के लिए आयु सीमा 18 वर्ष से अधिक होना चाहिए। लाडो लक्ष्मी योजना की आवेदन करने के लिए लाडो लक्ष्मी योजना की आधिकारिक वेबसाइट पर योजना के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

**कल्पना चावला छात्रवृत्ति का एलान**

बजट में कल्पना चावला छात्रवृत्ति का एलान किया गया है। छात्राओं को एक लाख तक की छात्रवृत्ति दी जाएगी। इसके अलावा सभी स्कूलों में सीसीटीवी लगाए जाएंगे। हर जिले में एक राजकीय महाविद्यालय को संस्कृति महाविद्यालय के तौर पर विकसित किया जाएगा।

# 2 दिन में 22 हत्याएं बिहार में बढ़ते अपराध पर फखऊने घेरा, कुशवाहा ने पूछा- कहां से आकड़ा लाती हैं?




पटना। पूर्व सीएम राबड़ी देवी ने विधान परिषद में नीतीश कुमार को घेरा है। उन्होंने कहा कि बिहार में होली में 22 हत्याएं दो दिन में हुई है। इतने पुलिस वाले पहले कभी नहीं मारे गए।

बिहार में कानून व्यवस्था पर राजद नेता तेजस्वी यादव ने कहा कि सरकार अपराधियों को संरक्षण दे रही है इसलिए अपराधियों का मनोबल बढ़ा हुआ है। जिन लोगों को आम नागरिकों की सुरक्षा में लगाया गया है, अगर वे ही सुरक्षित नहीं हैं, उनकी पिटाई हो रही है तो यहां कौन सुरक्षित है? सब नीतीश जी के राज में असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। मुख्यमंत्री जी से कोई सवाल पूछे तो लालू जी जिम्मेदार होते हैं। सत्ता पक्ष को लोगों से पूछो तो लालू जी जिम्मेदार होते हैं। आप 20 साल का बताइए? पूर्व सीएम राबड़ी देवी ने विधान परिषद में नीतीश कुमार को घेरा है। उन्होंने कहा कि बिहार में होली में 22 हत्याएं दो दिन में हुई है। इतने पुलिस वाले पहले कभी नहीं मारे गए।

शेष पेज 2 पर

# महाकुंभ को मृत्युकुंभ बताने वालीं ममता पहुंची फुरफुरा शरीफ

हुगली। केंद्रीय मंत्री सुकांत मजूमदार ने कहा कि तोहा सिद्दीकी (एक मुस्लिम मौलवी) पिछले कुछ समय से ममता बनर्जी के लिए काम कर रहे हैं और मुस्लिम वोटों को एकजुट करने में मदद करते हैं। तोहा सिद्दीकी को बदले में बहुत कुछ मिला और हम इस बारे में विस्तार से नहीं बता रहे हैं... यह कोई नई बात नहीं है और ममता बनर्जी चुनावों के दौरान इन सांप्रदायिक शक्तियों का इस्तेमाल करती हैं।



ममता बनर्जी की इफ्तार पार्टी से सियासी बवाल मच गया है। दरअसल, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी हुगली के फुरफुरा शरीफ में इफ्तार में शामिल हुईं। बीजेपी ने इसी को लेकर ममता बनर्जी पर निशाना साधा है। बीजेपी का कहना है कि ममता बनर्जी ने कुंभ को मृत्युकुंभ कहा था। अब इस्लामिक त्यौहार मना रही है। सुंकाता मजूमदार ने कहा कि ममता बनर्जी तुष्टीकरण की राजनीति कर रही हैं। केंद्रीय मंत्री सुकांत मजूमदार ने कहा कि तोहा सिद्दीकी (एक मुस्लिम मौलवी) पिछले कुछ समय से ममता बनर्जी के लिए काम कर रहे हैं और मुस्लिम वोटों को एकजुट करने में मदद करते हैं। तोहा सिद्दीकी को बदले में बहुत कुछ मिला और हम इस बारे में विस्तार से नहीं बता रहे हैं... यह कोई नई बात नहीं है और ममता बनर्जी चुनावों के दौरान इन सांप्रदायिक शक्तियों का इस्तेमाल करती हैं।

शेष पेज 2 पर

वक्फ विवाद ▪ वक्फ विवाद पर CAA-NRC जैसे

# राष्ट्रव्यापी विरोध की तैयारी, मुसलमानों का 'भ्रम' दूर करना जरूरी

केंद्र सरकार वक्फ बो्र्ड कानून में उचित बदलाव कर इस तरह के विवादों को हमेशा के लिए समाप्त करना चाहती है। बदलावों में वक्फ की कमेटी में उचित लोगों को जगह देकर वक्फ की संपत्तियों को उचित तरीके से देखभाल करना और इसका लाभ आम मुसलमानों तक पहुंचाना शामिल है।

व२वक्फ बोर्ड संशोधन बिल के मामले पर ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के देश भर से आए प्रतिनिधियों ने जंतर-मंतर पर प्रदर्शन किया। विरोध प्रदर्शन में शामिल मुसलमानों ने इसे उनकी धार्मिक आजादी में सरकार का हस्तक्षेप बताया। मुसलमान नेताओं ने केंद्र सरकार से वक्फ संशोधन बिल वापस लेने की मांग की है। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि यदि सरकार इसे वापस नहीं लेती है तो वे पूरे देश में सीएए-एनआरसी जैसा विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। तो क्या एक बार फिर पूरे देश में शाहीन बाग जैसे धरने-प्रदर्शन देखने को मिल सकते हैं? प्रदर्शनकारियों ने इसी तरह के तेवर दिखाए हैं। भाजपा ने कहा है कि यह संसद की कानून बनाने की संवैधानिक शक्ति को संख्या बल के आधार पर दी जा रही चुनौती है। इसे किसी कीमत पर स्वीकार नहीं किया जाएगा। प्रदर्शनकारी मोहम्मद इस्लाम ने कहा कि भाजपा की अगुवाई वाली केंद्र सरकार मुसलमानों के हर मुद्दे में छेड़छाड़ करने की कोशिश कर रही है। कभी तीन तलाक के मुद्दे पर तो कभी विवाह करने की प्रथाओं के मुद्दे पर और कभी मदरसे पर कानूनी डंडा चलाकर वह हमारे धार्मिक अधिकारों में कटौती करना चाहती है। लेकिन अब इसे और स्वीकार नहीं किया जाएगा। वे पूरे देश में इसका पुरजोर विरोध करेंगे।

सलमान आलम ने कहा कि केंद्र सरकार अपने हर मामले को आधुनिकता के साथ जोड़ती है। उसका दावा रहता है कि वह पिछड़े मुसलमानों को विकास की मुख्यधारा में लाकर उनका विकास करना चाहती है। तीन तलाक और मदरसे के मामलों को भी मुसलमानों को आधुनिक दुनिया के अनुसार चलाने की कोशिश बताई गई थी। लेकिन सरकार को यह समझना चाहिए कि धार्मिक मामले समय के अनुसार बदलने वाले नहीं होते। यह हमारी धार्मिक भावनाओं के साथ खिलवाड़ है और इसे स्वीकार नहीं किया जा सकता।

**वक्फ पर सबसे बड़ी चिंता**

वक्फ मामले पर दूसरे पक्ष के लोगों की चिंता यह है कि वक्फ नियमों की आड़ में किसी भी संपत्ति को वक्फ बोर्ड की संपत्ति करार दे दिया जाता है। हाल ही में प्रयागराज में आयोजित हुए महाकुंभ के दौरान एक मौलाना ने यह कहकर विवाद खड़ा कर दिया था कि महाकुंभ जिस भूमि पर हो रहा है, वह वक्फ की जमीन है। इसी तरह दक्षिण भारत के हजारों साल पुराने गांवों को अचानक वक्फ बोर्ड की संपत्ति घोषित करने से भी विवाद खड़ा हुआ था।

**बदलाव से यह होगा लाभ**

कहा जा रहा है कि केंद्र सरकार वक्फ बो्र्ड कानून में उचित बदलाव कर इस तरह के विवादों को हमेशा के लिए समाप्त करना चाहती है। बदलावों में वक्फ की कमेटी में उचित लोगों को जगह देकर वक्फ की संपत्तियों को उचित तरीके से देखभाल करना और इसका लाभ आम मुसलमानों तक पहुंचाना शामिल है।


शेष पेज 2 पर

# मजदूर की मौत का मामला: सीवर में उतरने से एक की गई थी जान, दूसरे की हालत नाजुक; ठेकेदार के खिलाफ केस दर्ज

नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो

नई दिल्ली। पंतलाल दिल्ली जल बोर्ड के एक ठेकेदार के साथ जुड़ा हुआ था। ठेकेदार के कहने पर वह सफाई के लिए जाता था। रविवार को फ्रेंड्स क्लब, न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी के पास सीवर की सफाई की कॉल मिली थी।

न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी इलाके में रविवार दोपहर सीवर की जहरीली गैस की चपेट में आने से मजदूर की मौत मामले में पुलिस ने ठेकेदार के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। जांच के दौरान पुलिस को पता चला है कि ठेकेदार ने बिना सुरक्षा उपकरणों के तीनों मजदूरों को सीवर में सफाई के लिए उतार दिया। हादसे में एक मजदूर की मौत हो गई, जबकि दूसरा जहरीली गैस



की चपेट में आकर अचेत हो गया। उसको एम्स ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया है, जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। पुलिस ने सोमवार को मृतक पंत लाल चंदर (43) का शव परिवार के हवाले कर दिया।

वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि मूलरूप से छत्तीसगढ़ का रहने वाला पंतलाल चंदर परिवार के साथ जेजे कॉलोनी, श्रीनिवासपुरी में रहता था। परिवार में पत्नी कमला के अलावा चार बेटियां और 10 साल का बेटा अमन है। पंतलाल दिल्ली जल बोर्ड के एक ठेकेदार के साथ जुड़ा हुआ था। ठेकेदार के कहने पर वह सफाई के लिए जाता था। रविवार को फ्रेंड्स क्लब, न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी के पास सीवर की सफाई की कॉल मिली थी।

वहां सीवर सफाई के अलावा एक पाइप को भी काटना था। रविवार को पंत अपने दस साल के बेटे अमन को भी ले गया था। वहां पहुंचने पर पहले पंतलाल नीचे उतरा। उसके अचेत होने पर छोटा भाई रामकिशन अंदर गया। बाद में शिवदास अंदर घुसा। अमन के शोर मचाने पर शिवदास को बचा लिया गया। वहीं, बाकी दोनों अंदर फंसे रहे। बाद में दमकल की टीम मौके पर पहुंची तो उनको बाहर निकालकर अस्पताल भेजा गया, जहां पंतलाल को मृत घोषित कर दिया गया। रामकिशन की हालत नाजुक बनी हुई है।

# साली के साथ जीजा ने की छेड़छाड़, मौका देख जीजा के बहनोई ने भी की गंदी हरकत; युवती ने ऐसे सिखाया सबक

नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो

नई दिल्ली । दिल्ली के अलीपुर इलाके में एक युवती ने अपने जीजा, उसके बहनोई पर छेड़छाड़ और पिता पर मारपीट करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया है और मामले की छानबीन कर रही है।

अलीपुर इलाके में बहन की ससुराल आई एक युवती ने अपने जीजा, उसके बहनोई पर छेड़छाड़ और पिता पर मारपीट करने का आरोप लगाया है। वहीं उसके जीजा के पिता ने भी घर के बाहर होली खेलने से मना करने पर युवती पर ईंट से हमला करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया है और मामले की छानबीन कर रही है।

पुलिस को दी शिकायत में युवती ने बताया कि होली के दिन उसके जीजा उसे लेकर अपने घर आए थे। शराब के नशे में उन्होंने उनके साथ छेड़छाड़ की। शर्म की वजह से उसने किसी को नहीं बताया। वह



अपनी बहन के बेटे को लेकर घर के बाहर आ गई। उसका आरोप है कि जीजा के पिता और बहनोई ने उसके साथ गाली-गलौज की और जीजा का बहनोई उसके साथ छेड़छाड़ करने लगा। बहन के विरोध करने पर आरोपी ने उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। परेशान होकर उसने ईंट उठाकर मारा, जो जीजा के पिता के सिर में लगी।

वहीं, उसके जीजा के पिता ने युवती पर मारपीट का आरोप लगाया है। पुलिस को दी शिकायत में उसने बताया कि वह अपनी बहू और उसकी बहन को घर के बाहर होली खेलने से मना किया, इस बात को लेकर विवाद हुआ। दोनों ने गुस्से में आकर ईंट से हमला कर दिया, जिससे उसका सिर फुट गया। घटना की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने पीड़ित का इलाज करवाया और मामला दर्ज कर लिया। वहीं, अगले दिन युवती ने भी जीजा, उसके बहनोई और जीजा के पिता पर मारपीट और छेड़छाड़ करने की शिकायत की। पुलिस दोनों पक्षों की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया है और मामले की छानबीन कर रही है।

## पेज एक का शेष...

### आईएसआई के संरक्षण में कैसे मर रहे भारत के दुश्मन

वह मुंबई 26/11 हमले के मास्टरमाइंड हाफिज सईद का करीबी था। राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) के मुताबिक अबू कताल 2002-03 में भारत आया था और यहां कश्मीर के पुंछ-राजौरी इलाके में सक्रिय रहा।

इसके अलावा 9 जून को रियासी में तीर्थयात्रियों कर बस हुए हमले में उसकी अहम भूमिका थी। यह हमला उस दिन हुआ था, जब नरेंद्र मोदी ने तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री पद की शपथ ली थी। इस हमले की चार्जशीट में एनआईए ने दावा किया था कि हमले का मकसद पूरी तरह से देशभर से शिवखोड़ी व वैष्णो देवी आने वाले श्रद्धालुओं में खौफ पैदा करना था। यहीं नहीं, आतंकी स्थानीय लोगों में भी भय पैदा करना चाहते थे। क्योंकि बस में सवार यात्री मां वैष्णो देवी के दर्शन कर लौटे थे।

3. शेख जमील-उर-रहमान

मार्च 2024 में पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा में स्थित ऐबटाबाद में यूनाइटेड जिहाद काउंसिल का सचिव और आतंकी कमांडर शेख जमील-उर-रहमान को रहस्यमयी परिस्थितियों में मरा हुआ पाया गया। भारत के गृह मंत्रालय ने उसे अक्तूबर 2022 में आतंकी घोषित किया था। तब से उसकी तलाश जारी थी।

4. हंजला अदनान

6 दिसंबर 2023 को लश्कर-ए-तैयबा के आतंकी हंजला अदनान की कराची में हथियारों से लैस लोगों ने हत्या कर दी। पाकिस्तान के कराची में उसे गोलियों से भून दिया गया। हंजला ने 2016 में जम्मू-कश्मीर में सीआरपीएफ के काफिले पर हमले की साजिश रची थी। हंजला को हाफिज सईद का करीबी माना जाता था। हाफिज 26/11 मुंबई हमले के मास्टरमाइंड है।

5. मोहम्मद मुजम्मिल

14 नवंबर 2023 को सियालकोट में अज्ञात हमलावरों ने लश्कर के आतंकी मोहम्मद मुजम्मिल को गोली मारकर मौत के घाट उतारा दिया। मारा गया लश्कर आतंकी अपने साथी नईम-उर-रहमान के साथ कार में सियालकोट के पसरूर तहसील इलाके में था। उसी दौरान खोखरण चौक के पास बाइक सवार हमलावरों ने कार को रोककर गोलियों से मुजम्मिल और उसके साथी को मौत के घाट उतार दिया।

6. तारिक रहीम

12 नवंबर 2023 को जैश कमांडर मौलाना तारिक रहीम उल्लाह तारिक को गोली मार दी गई। रहीम उल्लाह भारत के मोस्ट वांटेड मौलाना मसूद अजहर का करीबी था। रहीम उल्लाह की कराची में अज्ञात हमलावरों ने गोली मारकर हत्या कर दी। वह कराची में भारत के खिलाफ जुटी भीड़ को संबोधित करने जा रहा था।

7. अकरम खान

9 नवंबर 2023 को भारत में वांछित एक और आतंकी अकरम खान उर्फ अकरम गाजी की हत्या कर दी गई। अकरम को पाकिस्तान के बाजौर में अज्ञात हमलावरों ने गोली मार दी थी। आतंकी अकरम गाजी ने साल 2018 से 2020 तक लश्कर भर्ती सेल का नेतृत्व किया था। साथ ही वह पाकिस्तान में अपने भारत विरोधी भाषणों के लिए जाना जाता था। वह लंबे समय से आतंकी गतिविधियों में शामिल था।

8. ख्वाजा शाहिद

5 नवंबर 2023 को आतंकी ख्वाजा शाहिद पीओके में उसके घर में मृत पाया गया। साल 2018 में जम्मू में सेना के कैंप पर हमले के मास्टरमाइंड ख्वाजा शाहिद की सिर कटी लाश मिली थी। लाश मिलने से कुछ दिन पहले ख्वाजा शाहिद को अगवा किया गया था।

9. मोहम्मद सलीम

23 अक्तूबर 2023 को दाऊद इब्राहिम का गुर्गा मोहम्मद सलीम मारा गया। कराची की दिल्ली कॉलोनी में रहने वाले सलीम की अज्ञात लोगों ने हत्या करके शव दरगाह अली शाह सखी सरमस्त के करीब ल्यारी नदी में फेंक दिया था। बाद में पुलिस ने नदी से उसका शव बरामद किया।

10. दाऊद मलिक

20 अक्तूबर को उत्तरी वजीरिस्तान में मसूद अजहर का एक और करीबी आतंकी दाऊद मलिक मारा गया। 'जैश-ए-मोहम्मद' के अलावा दाऊद मलिक, लश्कर-ए-जब्बर और लश्कर-आई-जांगवी से भी जुड़ा हुआ था।

11. मुल्ला बाहौर उर्फ होर्मुज

आईएसआई एजेंट मुल्ला बाहौर उर्फ होर्मुज को बलूचिस्तान के केच इलाके में गोली मारकर हत्या करने की खबर भी 11 अक्तूबर को समाने आई। बाहौर के बारे में कहा जाता है कि उसने ही ईरान से कुलभूषण जाधव को अगवा कर आईएसआई के हवाले किया था। भारतीय नौसेना से रिटायर हुए कुलभूषण जाधव इस वक्त पाकिस्तान की जेल में हैं।

12. शाहिद लतीफ

पठानकोट हमले का मास्टरमाइंड और भारत के मोस्टवांटेड आतंकी शाहिद लतीफ की 11 अक्तूबर 2023 को सियालकोट में हत्या कर दी गई। अज्ञात हमलावरों ने एक मस्जिद में गोली मार दी। शाहिद लतीफ को 1994 में भारत में गिरफ्तार किया गया था। लतीफ भारतीय जेल में करीब 16 साल तक बंद रहा। भारत में सजा पूरी होने के बाद 2010 में उसे पाकिस्तान भेज दिया गया था।

13. अबु कासिम

भारत में वांछित आतंकवादी अबु कासिम को 8 सितंबर 2023 को पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में एक मस्जिद के अंदर अज्ञात बंदूकधारियों ने गोली मार दी। हाफिज सईद का करीबी अबु कासिम 1 जनवरी 2023 को राजौरी जिले में ढांगरी आतंकी हमले के मुख्य साजिशकर्ताओं में से एक था। ढांगरी गांव में आतंकवादियों द्वारा की गई अंधाधुंध गोलीबारी में सात लोगों की मौत हो गई थी और 13 घायल हो गए थे।

14. सरदार हुसैन

1 अगस्त 2023 को हाफिज सईद से जुड़ा आतंकवादी सरदार हुसैन अरेन की कराची में हत्या कर दी गई। इसकी जिम्मेदारी सिंध में मौजूद सिंधुदेश रेवोलुसनरी आर्मी (रफ्क) ने ली थी। जमात-उद-दावा से जुड़े आतंकी की किसी दुकान के नजदीक गोली मार दी गई, जिसके बाद उसने अस्पताल में दम तोड़ दिया। हुसैन पाकिस्तान में लश्कर-ए-तैयबा और जमात-उद-दावा के मदरसा नेटवर्क को संचालित करता था।

15. सैयद नूर शालोबर

कश्मीर में आतंकवाद फैलाने वाले सैयद नूर शालोबर किए 4 मार्च 2023 को हत्या कर दी गई। भारत की वांछित आतंकियों की सूची में शामिल शालोबर को पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा इलाके में अज्ञात बंदूकधारियों ने गोली मारी थी। वह पाकिस्तानी सेना और खुफिया एजेंसी आईएसआई के साथ मिलकर कश्मीर में आतंक फैलाने का काम करता था और नए आतंकियों की फौज को प्रशिक्षण देता था।

16. खालिद रजा

28 फरवरी 2023 को जम्मू कश्मीर में अल-बद्र नाम के आतंकी संगठन का पूर्व कमांडर खालिद रजा पाकिस्तान के कराची में ढेर हो गया। अज्ञात हथियारबंद व्यक्ति ने खालिद को उसके घर बाहर गोली मार दी थी। हिज्बुल मुजाहिदीन के प्रमुख सलाउद्दीन का करीबी खालिद कश्मीर में आतंकी कमांडर रह चुका था। इसके बाद वह कराची चला गया। वह कराची में रहकर आतंकियों की भर्तियां करता था।

17. बशीर अहमद पीर

पाकिस्तान के रावलपिंडी में 20 फरवरी 2023 को हिजबुल मुजाहिदीन के शीर्ष कमांडर बशीर अहमद पीर की गोली मारकर हत्या कर दी गई। हमलावर ने पीर को एक दुकान के बाहर गोली मारी। पिछले साल चार अक्तूबर को आतंकी गतिविधियों में शामिल होने के चलते भारत ने उसे आतंकी घोषित किया था। वह जम्मू कश्मीर में आतंकी घटनाओं को अंजाम देने में शामिल था। वह हिजबुल, लश्कर जैसे आतंकी संगठनों को आगे बढ़ाने के लिए पूर्व आतंकियों को एकजुट करने में जुटा था।

भारत के गुनहगारों को कौन कर रहा है खत्म?

दूसरी तरफ केंद्रीय एजेंसियों के सूत्रों का कहना है, पाकिस्तान में भारत के मोस्ट वांटेड एवं उनके सहयोगी लगातार मारे जा रहे हैं। ऐसा भी नहीं है कि आईएसआई, इन आतंकियों को महफूज रखने का प्रयास नहीं कर रही। इसके बावजूद आतंकी, अज्ञात हमलावरों का निशाना बन रहे हैं। दो तीन सप्ताह के अंतराल पर किसी न किसी आतंकी संगठन जैसे 'जैश-ए-मोहम्मद', 'डी कंपनी', 'लश्कर ए तैयबा', लश्कर-ए-जब्बर और लश्कर-आई-जांगवी आदि समूहों के सदस्य मारे जा रहे हैं। पाकिस्तानी आईएसआई ने हिज्बुल मुजाहिदीन प्रमुख सैयद सलाहुद्दीन, जैश-ए-मोहम्मद का सरगना मसूद अजहर और 'लश्कर ए तैयबा' प्रमुख हाफिज सईद को सुरक्षा घेरा प्रदान किया है। इन्हें बुलेटप्रूफ गाड़ियां मुहैया कराई गई हैं। उन्हें सतर्क किया है कि वे अपने ठिकाने से बाहर न निकलें।

एक्सपर्ट्स का कहना है कि पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई यूज एंड थ्रो के फॉर्मूले पर चलती है। हो सकता है जो आंतकी जो उसके काम के नहीं रह गए हैं उन्हें वो खुद ही साजिश मरवा रही हो। दूसरा यह भी हो सकता है कि आतंकियों के बीच वर्चस्व की लड़ाई में ये आंतकी मारे जा रहे हों। विदेश मामलों के जानकार संजीव श्रीवास्तव ने अमर उजाला से कहा कि पाकिस्तान की छवि आतंक परस्त राष्ट्र के रूप में रही है। कंगाली की कगार पर खड़े पाकिस्तान को इन आतंकियों की वजह ब्लैक लिस्टेड होने का डर बना रहता है। ऐसे में हो सकता है कि सरकारी मशीनरी के जरिए ही इनका खात्मा किया जा रहा हो।

### न्यूजीलैंड के पीएम लक्सन ने पीएम मोदी से की मुलाकात भारत को बताया अविश्वसनीय रूप से उदार

पीएम मोदी के साथ अपनी बैठक के बाद, लक्सन हैदराबाद हाउस में कई समझौता ज्ञापनों (एमओयू) पर हस्ताक्षर करते हुए नजर आएंगे, जिससे दोनों देशों के बीच साझेदारी और मजबूत होगी। इसके बाद वे राष्ट्रपति भवन जाकर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात करेंगे।

लक्सन 19-20 मार्च को मुंबई का भी दौरा करेंगे, जहां वे भारतीय व्यापार जगत के नेताओं और विभिन्न क्षेत्रों के प्रतिनिधियों से बातचीत करेंगे। बयान में आगे कहा गया है कि लक्सन के साथ विभिन्न क्षेत्रों से एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल भी आएगा। उनके साथ एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल भी आएगा, जिसमें मंत्री, वरिष्ठ अधिकारी, व्यवसाय, मीडिया और न्यूजीलैंड में भारतीय प्रवासी समुदाय के सदस्य शामिल होंगे।

### मस्जिद, मजार छीन लेंगे.. वक्फ बिल के खिलाफ जंतर-मंतर पर प्रदर्शन में क्या बोले ओवैसी और मदनी

उन्होंने केंद्र सरकार पर जमकर हमला बोला है। उन्होंने आरोप लगाया है कि इस बिल का मकसद वक्फ की संपत्तियों को छीनना है।

असदुद्दीन ओवैसी ने कहा कि मोदी सरकार का मकसद है कि अमन चैन को खत्म किया जाए। आवाम मंदिर मस्जिद के नाम पर लड़ती रहे। दिल्ली में 123 वक्फ बोर्ड की संपत्तियां हैं। सरकार कहती है कि वो सरकार की संपत्ति है। कल को अगर ये बिल पास हुआ तो कोई भी वहां चस्पा कर सकता है कि ये वक्फ की संपत्ति नहीं है। इस बिल का उद्देश्य मुस्लिमों से मस्जिद, मजार और संपत्तियों को छीनना है।

उन्होंने कहा कि चंद्रबाबू नायडू, नीतीश कुमार और चिराग पासवान से भी हम यही कहेंगे कि इसमें साथ न दें। अगर मोदी सरकार देश की अमन शांति और लोगों को लड़ाना चाहती है तो सरकार जिम्मेदार होगी। ये गैर संवैधानिक और गैर कानूनी है।

वक्फ बिल पर क्या बोले महमूद मदनी-वहीं, जमीयत उलेमा ए हिंद के अध्यक्ष मौलाना महमूद मदनी ने कहा कि ये सिर्फ मुस्लिमों का मामला नहीं है, बल्कि मुल्क के दस्तूर का मामला है। हमारे घरों पर बुलडोजर चले, अब संविधान पर बुलडोजर चलाने की कोशिश हो रही है। अब आगे क्या होगा, ये तो सिर्फ शुरूआत है। हर लड़ाई के लिए कुर्बानी की जरूरत होती है। आपको आराम से नहीं बैठना है। इसकी मुखालफत हर हाल में करनी है। यह लड़ाई आगे कैसे लड़ी जाएगी? बहुसंख्यक राज्य बनाने की कोशिश हो रही है। सिर्फ हमें नहीं सभी को जमा करना है। हमें कुर्बानी के लिए तैयार रहना चाहिए। अब सड़क से काम नहीं चलेगा।

AIMPLB के प्रदर्शन को इन पार्टियों का समर्थन-ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने भारत की मुसलमानों से अपील की है कि वे इस बिल के विरोध में जंतर मंतर पर पहुंचें। अक्टछह्ड ने सरकार पर संशोधन बिल थोपने का आरोप लगाया है। बोर्ड के प्रदर्शन को कांग्रेस, टीएमसी, आरजेडी, जेएमएम, एनसीपी, एसपी, एआईएमआईएम, डीएमके, एसएडी, शिवसेना (यूबीटी) और आईयूएमएल ने समर्थन दिया है।

### महाकुंभ को मृत्युकुंभ बताने वाली ममता पहुंची फुरफुरा शरीफ

बंगाली मुसलमानों के लिए एक पूजनीय स्थल फुरफुरा शरीफ राज्य में महत्वपूर्ण धार्मिक और राजनीतिक महत्व रखता है। पीर साहब मोहम्मद अबू बकर सिद्दीकी के परपोते नवसाद सिद्दीकी, जिनकी मजार फुरफुरा शरीफ में स्थित है, एक प्रभावशाली व्यक्ति हैं। वर्तमान में, वे बंगाल विधानसभा में एकमात्र गैर-टीएमसी, गैर-भाजपा विधायक हैं, जो वामपंथियों और कांग्रेस के समर्थन से भांगर का प्रतिनिधित्व करते हैं।

बंगाल के मतदाताओं में मुस्लिम और अन्य अल्पसंख्यकों की संख्या करीब एक तिहाई है और 2009 के लोकसभा चुनावों के बाद से वे लगातार ममता बनर्जी का समर्थन करते रहे हैं। भाजपा के मुख्य विपक्ष के रूप में उभरने के साथ ही अल्पसंख्यकों का समर्थन बनाए रखने के उनके प्रयास महत्वपूर्ण हो गए हैं, खासकर 294 विधानसभा सीटों में से 120 पर, जहां उनका निर्णायक प्रभाव है।

पिछले हफ्ते, नवसाद की ममता बनर्जी के साथ नबाना में 20 मिनट की चर्चा ने राजनीतिक बहस को और भी बढ़ा दिया। जहाँ कुछ लोगों ने उन पर दलबदल पर विचार करने का आरोप लगाया, वहीं नवसाद ने इस मुलाकात का बचाव करते हुए कहा कि यह प्रशासनिक मुद्दों और स्थानीय क्षेत्र विकास निधि तक पहुँचने में उनकी कठिनाइयों के बारे में थी। बाद में उन्होंने सहायता का वादा करने के लिए मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया।

### 2 दिन में 22 हत्याएं बिहार में बढ़ते अपराध पर फखऊने घेरा, कुशवाहा ने पूछा- कहां से आकड़ा लाती हैं?

राजद नेता तेजस्वी यादव ने कहा कि आज विधानसभा में विपक्ष ने कानून व्यवस्था पर कार्यस्थगन प्रस्ताव लाया। नीतीश कुमार के नेतृत्व में राज्य में कानून व्यवस्था चौपट है और मुख्यमंत्री अचेत अवस्था में हैं। बिहार में अपराधियों की बहार है, एएसआई रैंक के अधिकारी की हत्या हो रही है... लेकिन मुख्यमंत्री के पास इन घटनाओं पर कहने के लिए दो शब्द भी नहीं हैं। नीतीश कुमार 20 साल से बिहार के मुख्यमंत्री हैं और हमने 20 साल का एनसीआरबी का आंकड़ा निकाला है, नीतीश कुमार के मुख्यमंत्री रहते 20 साल में राज्य में 60 हजार हत्याएं और 25 हजार बलात्कार हुए हैं। अगर किसी मुख्यमंत्री या गृह मंत्री के राज में सबसे ज्यादा हत्याएं और पुलिसकर्मियों की पिटाई हुई है तो वह नीतीश कुमार हैं। वे कानून व्यवस्था पर बहस नहीं करना चाहते क्योंकि उनके पास कोई जवाब नहीं है। सत्ता में बैठे लोग केवल लालू यादव और उनके 15 साल को जिम्मेदार ठहराएंगे। ये लोग अपराधियों को बचाने और संरक्षण देने का काम करते हैं। यह सरकार पूरी तरह विफल हो गई है।

बिहार की पूर्व मुख्यमंत्री और राजद नेता राबड़ी देवी के बयान पर आरएलएम अध्यक्ष उपेन्द्र कुशवाहा ने कहा कि ये कहां से आकड़ा लाती हैं ये तो वही जानें। उनका चश्मा राजद के समय वाला है, इसलिए उन्हें पुराना दृश्य दिखता होगा। कहीं-कहीं घटना जरूर हुई है लेकिन जिस तरह की बात वो कर रही हैं इसमें सच्चाई नहीं है। राज्य में कानून व्यवस्था की स्थिति को लेकर राबड़ी देवी द्वारा उठाए गए सवालों पर बिहार के उपमुख्यमंत्री विजय सिन्हा ने कहा कि मैंने कहा है कि अपराध और भ्रष्टाचार पर जो प्रश्न उठा रहे हैं वे पहले स्वयं कसम खाएं कि हम एक भी अपराधी को टिकट नहीं देंगे। किसी भी अपराधी को शरण नहीं पहुंचने देंगे, आपमें ये क्षमता है? करनी कथनी एक करें फिर अपराध भ्रष्टाचार पर प्रश्न उठाएं।

### राष्ट्रव्यापी विरोध की तैयारी, मुसलमानों का 'भ्रम' दूर करना जरूरी

सरकार वक्फ की संपत्तियों का डिजिटल लेनदेन रखने का फॉर्मूला भी तैयार करने का बदलाव प्रस्तावित कर सकती है जिससे किसी गलत दावे के समय सही निर्णय लिया जा सके।

इससे यह लाभ होगा कि वक्फ बोर्ड किसी की संपत्ति को गलत तरीके से कब्जा नहीं कर सकेगा, वहीं दूसरे लोग भी वक्फ की संपत्तियों को कब्जा नहीं कर सकेंगे। इस समय वक्फ बोर्ड की हजारों संपत्तियों पर दूसरे लोगों का कब्जा होने की बात कही जा रही है। नए कानून के बाद इस तरह का कोई कब्जा संभव नहीं होगा।

वक्फ बोर्ड कमेटी के चेयरमैन जगदंबिका पाल ने इस प्रदर्शन को राजनीतिक हितों का प्रदर्शन बताया है। उन्होंने कहा है कि यह सुधार वक्फ बिल में उचित बदलाव कर इसका आम मुसलमानों के हित में उपयोग करना आवश्यक है। वक्फ की संपत्तियों पर कुछ लोगों का अवैध कब्जा है। इसमें सुधार कर इन संपत्तियों का आम मुसलमानों के हित में उपयोग करना चाहिए। कानून इसी मंशा को देखकर लाया गया है।

उन्होंने इन विरोध प्रदर्शनों को अनुचित बताया और कहा कि जब वक्फ बोर्ड कमेटी के सामने ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के लोगों को अपना पक्ष रखने के लिए बुलाया गया था, तब वे सामने नहीं आए। ऐसे में उनका अब सार्वजनिक प्रदर्शन करना केवल राजनीति है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार इस बदलाव के लिए तैयार है। माना जा रहा है कि केंद्र सरकार अगले सप्ताह वक्फ बोर्ड संशोधन बिल लोकसभा में पेश कर सकती है।

**सर तन से जुदा जैसी धमकी दे रहे कुछ लोग- भाजपा**-भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने अमर उजाला से कहा कि वक्फ बिल आम मुसलमानों के हित में है। लेकिन कुछ राजनीतिक दल जिस तरह से इस मुद्दे पर मुसलमानों को भरमाने की कोशिश कर रहे हैं, वह सही नहीं है। इन लोगों को मुसलमानों के मन से भ्रम दूर करना चाहिए। उन्होंने कहा कि इसके पहले सीएए-एनआरसी के मामले में भी मुसलमानों को भ्रमित किया गया था, जबकि इसमें किसी की नागरिकता छीनने जैसी कोई बात नहीं कही गई थी, लेकिन इसके बाद भी आम मुसलमानों को इस मुद्दे पर भ्रमित कर पूरे देश में विरोध प्रदर्शन किए गए। आज के बयान एक बार फिर उसी तरह का इशारा कर रहे हैं।

ऑल इंडिया मुस्लिम सिविल राइट्स के चेयरमैन मोहम्मद अदीब ने 'वक्फ बिल पास करने पर हश्र देख लेने' की धमकी दी है। पूनावाला ने कहा कि यह 'सर तन से जुदा' वाले अंदाज में वक्फ संशोधन बिल के चेयरमैन जगदंबिका पाल को दी गई धमकी है। उन्होंने कहा कि इस तरह की मानसिकता वाले लोगों पर कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए।

# फूलन देवी पर अभद्र टिप्पणी के विरोध में निषाद पार्टी क्रांतिकारी ने सौंपा ज्ञापन



**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

बागपत, निषाद पार्टी क्रांतिकारी के जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र कश्यप की अध्यक्षता में बागपत जिले के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन करते हुए एक ज्ञापन सौंपा। यह ज्ञापन जिलाधिकारी की अनुपस्थिति में कलेक्ट्रेट प्रभारी को दिया गया।

ज्ञापन के माध्यम से पार्टी ने मांग की कि पूर्व सांसद स्वर्गीय वीरांगना फूलन देवी के खिलाफ अभद्र एवं अश्लील टिप्पणी करने वाले आशीष मिश्रा को तुरंत गिरफ्तार किया जाए और उसे उचित सजा दिलाई जाए। आशीष मिश्रा ने खुद को जालौन निवासी बताया है और उसके द्वारा की गई टिप्पणी से संपूर्ण कश्यप एवं निषाद समाज में आक्रोश फैल गया है।

इसके अलावा, पार्टी ने यह भी मांग की कि फूलन देवी की हत्या की सीबीआई जांच कराई जाए ताकि इस मामले में पूरी सच्चाई सामने आ सके और दोषियों को कड़ी सजा मिल सके।

उचित कार्रवाई न होने पर आंदोलन की चेतावनी

निषाद पार्टी क्रांतिकारी के जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र कश्यप ने स्पष्ट किया कि यदि इस मामले में जल्द से जल्द न्याय नहीं मिलता तो पार्टी राष्ट्रीय अध्यक्ष महामना डॉक्टर संजय कुमार निषाद के निदेर्शानुसार पूरे प्रदेश में बड़ा आंदोलन करेगी। उन्होंने प्रशासन से तत्काल कार्रवाई करने की अपील की, ताकि समाज में बढ़ते रोष को रोका जा सके।

**प्रदर्शन में मौजूद प्रमुख नेता एवं कार्यकर्ता**

इस विरोध प्रदर्शन एवं ज्ञापन सौंपने के दौरान कई प्रमुख पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे, जिनमें शामिल थे–

धर्मेंद्र कश्यप (जिला अध्यक्ष, निषाद पार्टी क्रांतिकारी)

रविंद्र कश्यप (संगठन जिला अध्यक्ष)

जितेंद्र कश्यप (युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष)

गुड्डी कश्यप (महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष)

तेजवीर सिंह कश्यप (जिला उपाध्यक्ष)

ब्रह्मपाल कश्यप, जगमेर कश्यप, जसवीर कश्यप, अनिल कश्यप, अजय कश्यप, मीतली कश्यप, राजकुमार कश्यप, दादरी एवं अन्य कार्यकर्ता।

**समाज में आक्रोश, जल्द कार्रवाई की मांग**

फूलन देवी पर की गई अपमानजनक टिप्पणी को लेकर संपूर्ण कश्यप और निषाद समाज में आक्रोश की लहर है। कार्यकताओं ने चेतावनी दी कि यदि दोषी के खिलाफ सख्त कार्रवाई नहीं की गई तो आने वाले समय में बड़े स्तर पर आंदोलन किया जाएगा।

प्रशासन द्वारा अभी तक इस मामले में क्या कदम उठाए गए हैं, इस पर सभी की नजरें टिकी हुई हैं।

# दिगंबर जैन महाविद्यालय में चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय की वार्षिक परीक्षाएँ प्रारंभ

**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

बड़ौत/बागपत- चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ की वार्षिक परीक्षाएँ 17 मार्च से दिगंबर जैन महाविद्यालय में प्रारंभ हो गईं। परीक्षाएँ दो पालियों में आयोजित की गईं– प्रथम पाली सुबह 10:00 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक एवं द्वितीय पाली दोपहर 2:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक संचालित की गई।

**प्रथम पाली में उर्दू परीक्षा, एक विद्यार्थी अनुपस्थित**

सुबह की पाली में उर्दू विषय की परीक्षा आयोजित की गई, जिसमें कुल 6 विद्यार्थियों ने पंजीकरण कराया था। हालांकि, परीक्षा में केवल 5 विद्यार्थी उपस्थित रहे, जबकि 1 विद्यार्थी



अनुपस्थित रहा।

**द्वितीय पाली में बीए द्वितीय वर्ष की परीक्षा**

दोपहर की पाली में बीए द्वितीय वर्ष के उर्दू विषय की परीक्षा आयोजित की गई। इस परीक्षा में कुल 3 विद्यार्थी शामिल हुए और सभी निर्धारित समय पर परीक्षा में उपस्थित रहे।

**एमकॉम परीक्षा में 4 विद्यार्थी रहे अनुपस्थित**

दूसरी पाली में ही एमकॉम के विद्यार्थियों की परीक्षा भी आयोजित की गई, जिसमें कुल 4 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे।

इस संबंध में परीक्षा केंद्र के अतिरिक्त अधीक्षक डॉ. के. एस. सिंह एवं महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. महेश कुमार मुछाल ने जानकारी दी। उन्होंने परीक्षा के सुचारू संचालन की पुष्टि करते हुए बताया कि सभी परीक्षाएँ निर्धारित नियमों के अनुसार शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हुईं।

# शराब दुकानों की लाइसेंस प्रक्रिया पूरी, 40 फीसदी नए कारोबारियों को मिला मौका; अवैध शराब बनी चुनौती

**एनपीटी ब्यूरो**

लखनऊ। शराब की दुकानों की ई लॉटरी में 40 फीसदी नए कारोबारियों को लाइसेंस मिला है। आबकारी मंत्री नितिन अग्रवाल ने अधिकारियों को निर्देश दिया है कि नए कारोबारियों के साथ बैठक कर उन्हें आवश्यक जानकारी दें, ताकि उनको व्यवसाय में कोई असुविधा न हो। कहा, अन्य राज्यों से अवैध मदिरा प्रदेश में नहीं आनी चाहिए, इसके लिए चेक पोस्ट को 24 घंटे क्रियाशील रखें। बिहार से जुड़े जिलों पर खास निगरानी रखी जाए। वे सोमवार को विभागीय कामकाज की समीक्षा कर रहे उन्होंने अवैध शराब की रोकथाम के लिए प्रवर्तन कार्रवाई तेज करने के निर्देश दिए। कहा, प्रदेश को दो भागों में बांटकर अलग-अलग अधिकारियों से पर्यवेक्षण और फील्ड में अपनी देखरेख में प्रवर्तन की कार्रवाई कराएं। उन्होंने कहा कि सभी फील्ड ऑफिसर प्रत्येक 15 दिन के अंदर प्रवर्तन कार्रवाई की रिपोर्ट शासन को भेजें। बैठक में प्रमुख सचिव आबकारी वीना कुमारी, विशेष सचिव ज्ञानेंद्र त्रिपाठी, आयुक्त डॉ. आदर्श सिंह समेत जिलों के अधिकारी ऑनलाइन शामिल हुए।

उन्होंने कहा कि सीएम योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश को दस खरब डॉलर अर्थव्यवस्था वाला राज्य बनाने में आबकारी विभाग का अहम योगदान होगा। वित्तीय वर्ष 2025-26 में 63 हजार करोड़ रुपये राजस्व का लक्ष्य हर हाल में प्राप्त करना है। इसके लिए 20 फीसदी राजस्व बढ़ाना होगा। चालू वित्तीय वर्ष 2024-25 में फरवरी तक करीब 42,828 करोड़ रुपये का राजस्व मिला है, जो बीते वर्ष की तुलना में 1604 करोड़ अधिक है।

# 4600 के ग्रेड पे के हिसाब से पेंशन स्वीकृति के लिए डीडीओ की ओर से भेजी गई फाइल

## कोषागार विभाग ने किया खारिज

**एनपीटी ब्यूरो**

**बरेली**। सेवानिवृत्त उर्दू अनुवादक को 4600 ग्रेड-पे के अनुरूप की थी पेंशन भुगतान की संस्तुतिविकास विभाग के उर्दू अनुवादकों को फिर झटका लगा है। विकास विभाग के सेवानिवृत्त उर्दू अनुवादक को तीसरी एसीपी के अनुरूप 4600 के ग्रेड पे के हिसाब से पेंशन स्वीकृति के लिए डीडीओ की ओर से भेजी गई फाइल को कोषागार विभाग ने खारिज कर दिया है। नियुक्ति प्राधिकारी से ये जवाब भी मांगा है कि 4600 का ग्रेड पे क्यों दिया जाए।




पिछले साल दिसंबर में कृषि एवं माध्यमिक शिक्षा विभाग के वित्त एवं लेखाधिकारी की जांच में विकास विभाग के पांच उर्दू अनुवादकों को गलत तरीके से 4200 की जगह 4600 रुपये के ग्रेड पे के तहत तीसरी एसीपी का लाभ देने का मामला सामने आया था। इस प्रकरण में नियुक्ति प्राधिकारी और विकास भवन के प्रशासनिक अधिकारी समेत कई अफसर रडार पर हैं। इसके बावजूद हाल ही में डीडीओ की ओर से विकास विभाग के सेवानिवृत्त उर्दू अनुवादक इंतसाब हैदर की 4600 के ग्रेड पे के हिसाब से पेंशन स्वीकृति के लिए फाइल भेजी गई थी जिसे संयुक्त निदेशक कोषागार एवं पेंशन विनोद कुमार ने खारिज कर दिया।

संयुक्त निदेशक ने अपने आदेश में कहा है कि उर्दू अनुवादक की नियुक्ति मार्च 1995 में हुई थी। 26 वर्ष की सेवा के उपरांत तीसरी एसीपी की स्वीकृति कर वेतन निर्धारित किया जाना त्रुटिपूर्ण प्रतीत होता है। सेवानिवृत्त अनुवादक की फाइल खारिज होने के बाद बाकी उर्दू अनुवादकों का टेंशन बढ़ गया है। बता दें कि 4600 ग्रेड पे के हिसाब से उर्दू अनुवादकों को भुगतान के मामलों में पहले ही कई जिलों में रिकवरी की जा रही है। इधर, इस मामले में डीडीओ और सीडीओ से संपर्क करने की कोशिश की लेकिन फोन रिसीव नहीं हुआ।

# यज्ञ करने से शुद्ध होता है पर्यावरण सर्वव्यापी है ईश्वर : वीर देव



**एनपीटी ब्यूरो**

बरेली /मीरगंज ' आर्य समाज कुल्छाखुर्द का तीन दिवसीय वार्षिकोत्सव के प्रथम दिन के प्रथम बेला मे यज्ञ(हवन) पर प्रकाश डालते हुए यज्ञ के ब्रह्ममा पंडित वीर देव आर्य ने बताया कि हवन(यज्ञ) करने से हमारा पर्यावरण शुद्ध होता हैं।

इसी क्रम मे दुसरी बेला मे पंडित उदयराज आर्य ने ईश्वर के बारे मे बताया किवे सर्व व्यापक है संसार में कही भी कोई ऐसा स्थान नहीं हैं जहाँ ईश्वर न हो ।और बताया कि उसके अनेक नामों में से श्रेष्ठ और मुख्य नाम ओ३म् हैं।इसी क्रम मे आचार्य पुष्पा शास्त्री ने ईश्वर भक्ति पर प्रकाश डालते बताया कि ईश्वर दिखाई क्यों नही देता हैं खुद उत्तर देते हुए कहां कि ईश्वर निराकार होने के कारण दिखाई नहीं देते हैं। कार्यक्रम के अध्यक्ष अनोखे लाल आर्य ने सभी का धन्यवाद किया। कार्यक्रम का संचालन रामपुर के मंत्री ओमवीर आर्य वैदिक ने किया।

# महानगर अध्यक्ष बनने पर अधीर सक्सेना का कार्यकताओं ने किया स्वागत

**एनपीटी ब्यूरो.**

बरेली। एक बार फिर भाजपा महानगर अध्यक्ष बनने पर अधीर सक्सेना का पार्टी कार्यकताओं ने गर्म जोशी के साथ उनका स्वागत किया। महापौर डॉक्टर उमेश गौतम ने बधाई देते हुए कहा की पार्टी के सभी कार्यकताओं का सहयोग मिलने पर ही उन्हें यह जिम्मेदारी मिली है। उन्होंने यह भी कहा की महानगर अध्यक्ष रहते हुए पार्टी कार्यकताओं का साथ लेते हुए सक्रियता के साथ उन्होंने अपनी जिम्मेदारी को निभाया है। अधीर सक्सेना ने अपील करते हुए कहा की पार्टी कार्यकताओं का सहयोग प्राप्त करते हुए वह और अधिक मजबूती के साथ पार्टी का विस्तार करेंगे। स्वागत की



इस घड़ी में महापौर डॉक्टर उमेश गौतम, एस सी एस टी आयोग के सदस्य उमेश कठेरिया, महिला आयोग की सदस्य पुष्पा पांडे, गुलशन आनंद, डॉक्टर सीपीएस चौहान , प्रभु दयाल लोधी, नीलम जेठा, डॉ तृप्ति गुप्ता, विष्णु शर्मा, रेखाश्रीवास्तव, अमन सक्सैना, बंटीठाकुर, राज किशोरकश्यप, विपिनभास्कर, अजय चौहान, राज किशोर कश्यप, विशाल गुप्ता, गौरव गुप्ता, संजीव शर्मा, सहित बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# भाई की हत्या करने के आरोपी को भेजा गया जेल

**एनपीटी ब्यूरो**

बरेली। राजेंद्रनगर में होली के दिन सीने में कटार घोंपकर छोटे भाई की हत्या करने के आरोपी अरविंदर सिंह उर्फ बब्बे को प्रेमनगर थाना पुलिस ने सोमवार को गिरफ्तार कर लिया। उसे कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया।



राजेंद्रनगर निवासी गुरमीत सिंह उर्फ लवी और उनका बड़ा भाई अरविंदर सिंह उर्फ बब्बे शुक्रवार दोपहर दो बजे घर में ही होली खेल रहे थे। दोनों शराब के नशे में थे। गुरमीत की पत्नी बलवीर कौर के मुताबिक नशे में धुत जेठ अरविंदर उन्हें गालियां देने लगे। गुरमीत ने विरोध किया तो अरविंदर ने उसके सीने में कटार घोंप दी थी।

परिजन गुरमीत को अस्पताल ले गए। वहां डॉक्टर ने उनको मृत घोषित कर दिया था। बलवीर कौर ने अरविंदर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इंस्पेक्टर प्रेमनगर आशुतोष रघुवंशी ने बताया कि आरोपी अरविंदर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

# गाजियाबाद पुलिस ने यति नरसिंहानंद को दिल्ली जाने से रोका, समर्थकों को किया नजरबंद

गाजियाबाद । गाजियाबाद पुलिस ने यति नरसिंहानंद को दिल्ली के जंतर मंतर जाने से रोक दिया है। प्रदर्शन के लिए अगुवाई करने वाली उदिता त्यागी को नजरबंद किया गया है।

गाजियाबाद पुलिस ने जूना अखाड़े के महामंडलेश्वर और डसना के देवी मंदिर के महंत यति नरसिंहानंद को दिल्ली जाने से रोक दिया है। वहीं यति के समर्थकों को नजरबंद किया गया है। यति ने आज जंतर मंतर पर धरना देने का एलान किया था। यह धरना जमीयत उलेमा ए हिंद के सदर अरशद मदनी के धरने के विरोध में बताया गया। मदनी अपने समर्थकों के साथ वक्फ बोर्ड बिल के विरोध में जंतर-मंतर पर धरना दे रहे हैं। प्रदर्शन के लिए अगुवाई करने वाली उदिता त्यागी को नजरबंद कर लिया गया है। उदिता त्यागी जिनको उनके घर के अंदर नजरबंद किया गया है। उनका कहना है कि हमें अपने ही देश में अपनी बात शांतिपूर्वक रखने की आजादी नहीं है।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में तहसील सदर में सम्पूर्ण समाधान दिवस का हुआ आयोजन

## प्राप्त शिकायतों का ससमय एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण करने हेतुअधिकारियों को दिये गये निर्देश

**एनपीटी ब्यूरो**

बरेली । जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार ने आज जनपद बरेली की तहसील सदर में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस (तहसील दिवस) की अध्यक्षता करी।

जिलाधिकारी द्वारा तहसील सदर में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में जनसामान्य की समस्याओं को सुनकर उनके ससमय एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए।

सम्पूर्ण समाधान दिवस में शिकायतकर्ता रहीसन पत्नी नवाज अली ने बताया कि उनके पास न तो आवास है और न ही वृद्धावस्था पेंशन आ रही है, जिस पर जिलाधिकारी ने जिला समाज कल्याण अधिकारी को निर्देश दिये कि जांच कर आवश्यक



कार्यवाही की जाए।

ग्राम भड़सर के एक अन्य शिकायतकर्ता ओमकार ने शिकायत की कि मत्सय पालन हेतु 10 वर्ष के पटटे की पत्रावली उनके नाम पर स्वीकृत हुई थी जिस पर 10 वर्ष का लगान भी जमा कराया गया लेकिन पट्टा अभी तक प्राप्त नहीं हुआ है, जिस पर जिलाधिकारी ने तहसीलदार सदर को जांच कर उचित कार्यवाही के निर्देश दिये।

सम्पूर्ण समाधान दिवस में पुलिस, अवैध कब्जे, पेंशन, आवास, रास्ते, मेड़ आदि से संबंधित 49 शिकायतें प्राप्त हुई।

सम्पूर्ण समाधान दिवस में तहसील सदर क्षेत्र से आई0जी0आर0एस0 पर प्राप्त शिकायतों के निस्तारण की समीक्षा की गयी और सम्बन्धितों को निर्देश दिये कि जिस गांव में सबसे ज्यादा शिकायतें आ रही हैं उस गांव का भ्रमण कर शिकायतों का शत प्रतिशत निस्तारण करें। बताया गया कि आई0जी0आर0एस0 में जिस शिकायतकर्ता की शिकायत का निस्तारण किया जाए उससे फोन पर वार्ता कर यह भी जानकारी ली जाये कि निस्तारण से वह सन्तुष्ट है या नहीं। आई0जी0आर0एस0 पर विशेष ध्यान देंने और इसमें किसी प्रकार की शिथिलता न बरतने के निर्देश दिये गये।

सम्पूर्ण समाधान दिवस में उप जिलाधिकारी सदर प्रमोद कुमार, तहसीलदार सदर, सहित समस्त विभागीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# संपादकीय

## होली पर इतना तनाव क्यों

होली गुजर गई, लेकिन माहौल बेहद तनावपूर्ण रहा। हमने जिस भाव और रंगों में होली को देखा और खेला है, वे आज गायब लगे। रंगों के इंद्रधनुष थे, उल्लास और उमंग के भाव भी थे, लेकिन विभाजन और कड़वाहट भी थी। जब मस्जिदों को तिरपाल से ढका जा रहा था, तब मन स्तब्ध था। लगातार सवाल उठते रहे कि आखिर हम किस देश में रह रहे हैं? हमारी धर्मनिरपेक्षता, सहिष्णुता और भाईचारा कहां गायब हो गए? मस्जिद को तिरपाल से क्यों ढका गया था? क्या होली के रंगों से भी कोई नापाक होता है? उप्र के 15 जिलों में तिरपालबाजी की गई। यह कोई सामान्य स्थिति नहीं थी? हमने तो ऐसा कभी नहीं देखा। होली के दिन तो रूठने वाले भी खुश हो जाते हैं। यह त्योहार ही सद्भाव, सौहार्द और उल्लास का है। बेशक 2020 के बाद कुछ मस्जिदों पर तिरपालें डाली जाती रही हैं, लेकिन उनमें न तो तनाव था, न नफरत, न सांप्रदायिक दंगों की साजिशें और न ही वे सुर्खियां बनीं। अर्द्धसैन्य बलों, पीएसी, पुलिस और सरकार के तनाव और सुरक्षा के फोकस उप्र के संभल जिले पर ही थे। गली-मुहल्लों में इतने जवान तैनात थे अथवा मार्च कर रहे थे कि आम आदमी के गुजरने की जगह ही बेहद संकरी थी। ऐसा लगता रहा मानो किसी आतंकी हमले की आशंका हो! साल भर में ह्य52 जुमे (शुक्रवार) बनाम होली का एक जुमाह्न मुहावरा एक पुलिस अधिकारी ने उछाला और उप्र सरकार ने उसे नोटिस थमाने के बजाय होली का एजेंडा ही बना लिया। नेता उसी तर्ज पर बयान देने लगे। मंत्री संजय निषाद ने कहा कि जिन्हें रंगों से परहेज है, वे देश छोड़ कर पाकिस्तान चले जाएं।

हरियाणा सरकार के मंत्री अनिल विज एक कदम और आगे बढ़ गए- ह्यहिंदुस्तान हिंदुओं के लिए ही है।ह्न कइयों ने यह व्यंग्य भी कसा कि रंग न खेलने वाले अपने घरों में ही बंद रहें, बच्चों के साथ खुश रहें और नमाज भी घर में ही पढ़ लें। आखिर यह किस संविधान के अनुच्छेद या कानून की धारा में लिखा है? क्या यह देश किसी धर्म, समुदाय विशेष की बपौती है? सवाल यह भी है कि शुक्रवार को होली या किसी अन्य पर्व के साथ दूसरे समुदायों के त्योहार भी हो सकते थे! ऐसे तनाव हिंदुओं और जैन, सिखों, पारसी, ईसाई, बौद्धों के बीच कभी नहीं देखे गए। हिंदू और मुसलमान के दरमियान ही तनाव, नफरत क्यों होती है? 1964 में भी होली और रमजान का जुमा साथ-साथ मनाए गए थे। तनाव की न तो तिरपालें ढकी गईं और न ही कोई सांप्रदायिक दंगा हुआ। अब बेशक उप्र सरकार दावा कर रही है कि होली शांति से मनाई गई। कहीं, कुछ भी गलत या अनिष्ट नहीं हुआ, लेकिन उप्र के ही शाहजहांपुर, उन्नाव, बिजनौर, अलीगढ़, मुरादाबाद के अलावा लखनऊ और अयोध्या तक में तनावग्रस्त झड़पें क्यों हुईं? सवाल यह भी किया जाना चाहिए कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ हर वक्त ह्यसनातनह्न और ह्य80:20ह्न की माला क्यों फेरते रहते हैं? यह भाजपा का वोट-मंत्र हो सकता है, लेकिन प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री तो सभी के होते हैं। उप्र ही नहीं, झारखंड के रांची, हजारीबाग, गिरिडीह, बिहार के पटना और मुंगेर, राजस्थान के सीकर और पंजाब के लुधियाना आदि में खूब पथराव किए गए, कांच की बोतलों से प्रहार किए गए, दुकानों और पुलिस वाहनों को फूंक दिया गया। मुंगेर में तो हत्या की होली खेली गई। आखिर इतना गुस्सा, इतनी नफरत, एक-दूसरे को मार देने की खुंदक क्यों थी? होली पर इन कुत्सित भावों और जानलेवा हमलों के मायने ही क्या हैं? यह पर्व देश के करीब 116 करोड़ हिंदुओं और करीब 21 करोड़ मुसलमानों की अग्निपरीक्षा थी, जिसमें समग्र रूप से सभी नाकाम रहे। होली तो मुगल बादशाह भी खेलते थे। याद करो अमीर खुसरो और बुल्ले शाह की कविताएं। तनाव की तिरपालें बेमानी थीं और विभाजक थीं।

# विदेशी महिलाओं से दुष्कर्म से शर्मसार होता देश

**समाज विज्ञानियों को आत्ममंथन करना होगा कि यौन अपराधों को लेकर सख्त कानून बनने के बावजूद इस आपराधिक प्रवृत्ति पर अंकुश क्यों नहीं लग पा रहा है? विदेशों में भारत की छवि यौन अपराधियों के चलते लगातार क्षत-विक्षत हो रही है। गाहे-बगाहे सुनसान पर्यटक स्थलों पर यौन दुर्व्यवहार की घटनाएं अक्सर सुनने को मिलती हैं। लेकिन दिल्ली के एक होटल में एक ब्रिटिश पर्यटक के साथ दुष्कर्म का मामला अधिक चिन्ताजनक है। एक युवक ने सोशल मीडिया पर दोस्ती करके भारत घूमने आई ब्रिटिश महिला को दिल्ली बुलाया और एक होटल में दुष्कर्म किया। इस मामले में ब्रिटिश दूतावास ने संज्ञान लिया है। सवाल है कि जब ऐसी कोई आपराधिक घटना हो जाती है और जनाक्रोश उभरता तथा मामला तूल पकड़ लेता है, तभी सरकार, प्रशासन एवं पुलिस की नींद क्यों खुलती है?**

अतिथि देवो भवः भारतीय संस्कार में मेहमान को भगवान का दर्जा दिया गया है, लेकिन आए दिन विदेशी मेहमानों के साथ हो रहे अपराध, यौन-दुराचार एवं व्यभिचार इसे धता बता रहे हैं। तमाम कोशिशों के बावजूद विदेशियों के साथ होने वाले अपराध कम नहीं हो रहे, ऐसी ही दो विदेशी महिलाओं संग हुई दरिंदगी की घटनाओं को सुन भारतीय लोगों का दिल दहल गया। कर्नाटक के हंपी में इस्त्राइली पर्यटक समेत दो महिलाओं के साथ गैंगरेप की घटना का मामला ठंडा भी नहीं पड़ा था कि दिल्ली में एक ब्रिटिश पर्यटक से दुराचार का घृणित मामला सामने आया है। थोड़े-थोडे. अन्तराल के बाद होने वाली ऐसी घटनाएं न केवल शर्मसार कर रही है बल्कि भारत के संस्कारों एवं अस्मिता पर भी दाग लगा रही है। हाल के दिनों में भारत में यौन अपराधों की बाढ़-सी आई हुई है। न केवल विदेशी बल्कि भारतीय महिलाओं के साथ घृणित यौन अपराधों की इन तमाम घटनाओं को लेकर सवाल उठना स्वाभाविक है कि इस नैतिक पराभव का कारण क्या है? कहीं न कहीं ये जीवन मूल्यों में क्षरण एवं विकृत होती मानसिकता का भी परिचायक है। दरअसल, इंटरनेट और कुछ सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अश्लील सामग्री की बाढ़-सी आई हुई है। देश का युवा उसकी चपेट में आकर भटकाव की राह में बढ़ रहा है, जिसे नियंत्रित करना सरकार एवं प्रशासन की प्राथमिकता होनी चाहिए एवं सामाजिक जागृति का माहौल भी बनाया जाना चाहिए।



निश्चय ही विदेशी महिलाओं के साथ होने वाले ऐसे घिनौने एवं दुराचारी कृत्य देश की छवि को धूमिल करने वाले है। हंपी की घटना तो भयावह थी, जिसमें रात में कैंपिंग कर रहे तीन पर्यटकों को नहर में फेंक दिया गया और तीन अपराधियों ने इस्त्राइली महिला व एक भारतीय महिला से सामूहिक दुष्कर्म किया। दोनों महिलाओं को अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहीं नदी में फेंके गए एक पर्यटक की मौत हो गई, जिसका शव बरामद कर लिया गया। पर्यटकों में एक अमेरिकी व दो भारतीय थे। बदमाशों ने न केवल दुष्कर्म किया बल्कि मारपीट व लूटपाट भी की। हालांकि, तीनों अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया गया है, लेकिन देश की प्रतिष्ठा को जो आंच आई है, उसकी क्षतिपूर्ति संभव नहीं। इसने न सिर्फ समाज की छवि को धूमिल किया, बल्कि देश की अंतरराष्ट्रीय प्रतिष्ठा पर भी प्रभाव डाला है। यह भारतीय पर्यटन को आहत कर सकता है, बहुत संभव है कि विदेशी सरकारें भारत आने वाले पर्यटकों को लेकर कोई नकारात्मक एडवाइजरी जारी करें।

समाज विज्ञानियों को आत्ममंथन करना होगा कि यौन अपराधों को लेकर सख्त कानून बनने के बावजूद इस आपराधिक प्रवृत्ति पर अंकुश क्यों नहीं लग पा रहा है? विदेशों में भारत की छवि यौन अपराधियों के चलते लगातार क्षत-विक्षत हो रही है। गाहे-बगाहे सुनसान पर्यटक स्थलों पर यौन दुर्व्यवहार की घटनाएं अक्सर सुनने को मिलती हैं। लेकिन दिल्ली के एक होटल में एक ब्रिटिश पर्यटक के साथ दुष्कर्म का मामला अधिक चिन्ताजनक है। एक युवक ने सोशल मीडिया पर दोस्ती कर-के भारत घूमने आई ब्रिटिश महिला को दिल्ली बुलाया और एक होटल में दुष्कर्म किया। इस मामले में ब्रिटिश दूतावास ने संज्ञान लिया है। सवाल है कि जब ऐसी कोई आपराधिक घटना हो जाती है और जनाक्रोश उभरता तथा मामला तूल पकड़ लेता है, तभी सरकार, प्रशासन एवं पुलिस की नींद क्यों खुलती है? यही सक्रियता अगर सामान्य स्थितियों में भी कायम रहे, तो शायद आपराधिक प्रवृत्ति वाले व्यक्ति के भीतर कानूनी कार्रवाई का डर बन सकता है और इस तरह ऐसे अपराधों को पहले ही रोका जा सकता है।

विदेशी महिलाओं के प्रति यह संवेदनहीनता एवं बर्बरता कब तक चलती रहेगी? भारत विकास के रास्ते पर तेजी से बढ़ रहा है, लेकिन अभी भी कई हिस्सों में विदेशी महिलाओं को लेकर गलत धारणा एवं विकृत सोच कायम है जो भारत की गौरवपूर्ण संस्कृति को धुंधलाती है। देश की राजधानी दिल्ली में ब्रिटिश पर्यटक के साथ दुष्कर्म की घटना ने एक बार फिर हमें शर्मसार किया है, झकझोर दिया है। बड़ा सवाल यह है कि नारी अस्मिता को कुचलने की हिंसक मानसिकता का तोड़ हम अब भी क्यों नहीं तलाश पा रहे हैं? क्यों नये-नये एवं सख्त कानून बन जाने के बावजूद नारी की अस्मिता एवं अस्तित्व असुरक्षित है? क्यों हमारे शहरों को ह्यरेप सिटी ऑफ द वर्ल्डह्न कहा जाने लगा है। आखिर कब तक महिलाओं के साथ ये दरिन्दगीभरी एवं त्रासद घटनाएं होती रहेंगी? नारी की अस्मत का सरेआम लूटा जाना एवं उन पर हिंसा - एक घिनौना और त्रासद कालापृष्ठ है और उसने आम भारतीय को भीतर तक झकझोर दिया।

कौन मानेगा कि यह वही दिल्ली है, जो करीब तीन दशक पहले निर्भया के साथ हुई निर्ममता पर इस कदर आन्दोलित हो गई थी कि उसे इंसाफ दिलाने सड़कों पर निकल आई थी। जाहिर है, समाज की विकृत सोच को बदलना ज्यादा जरूरी है। रेप, यौन-दुष्कर्म, व्यभिचार जैसे अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए रेपिस्टों एवं दुष्कर्मियों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई करने और पुलिस व्यवस्था को और चाक-चौबंद करने की मांग के साथ समाज के मन-मिजाज को दुरुस्त करने का कठिन काम भी हाथ में लेना होगा। ये घटनाएं शिक्षित समाज के लिए बदनुमा दाग है। अगर ऐसी घटनाएं होती रहीं तो फिर कानून का खौफ किसी को नहीं रहेगा और अराजकता की स्थिति पैदा हो जाएगी। कानून कितने भी क्यों न हों जब तक समाज स्वयं महिलाओं को सम्मान नहीं देगा तब तक कुछ नहीं हो सकता। समाज तमाशबीन बना रहेगा तो फिर कौन रोकेगा हैवानियत, दरिन्दगी को, बलात्कार को।

जैसे-जैसे देश आधुनिकता की तरफ बढ़ता जा रहा है, नया भारत-सशक्त भारत-शिक्षित भारत बनाने की कवायद हो रही है, वैसे-वैसे महिलाओं पर हिंसा एवं यौनाचार के नये-नये तरीके और आंकड़े भी बढ़ते जा रहे हैं। अवैध व्यापार, बदला लेने की नीयत से तेजाब डालने, साइबर अपराध, आनलाइन मित्रता और लिव इन रिलेशन के नाम पर यौन शोषण एवं हिंसा के तरीके हैं। पहले कहा जाता था कि ऐसे अपराध केवल निरक्षर और दूरदराज के ग्रामीण क्षेत्रों में ज्यादा होते हैं लेकिन आजकल शहरों और महानगरों में महिलाओं एवं विशेषतः विदेशी महिलाओं के साथ अन्याय एवं यौन-दुष्कर्म की खबरें देखने और पढ़ने को मिल जाती हैं। हम सभी कल्पना रामराज्य की करते हैं पर रच रहे हैं महाभारत। महाभारत भी ऐसा जहां न कृष्ण है, न युधिष्ठिर और न अर्जुन। न भीष्म पितामह हैं, न कर्ण। सब धृतराष्ट्र, दुर्योधन और शकुनि बने हुए हैं। न गीता सुनाने वाला है, न सुनने वाला। बस हर कोई द्रोपदी का चीरहरण कर रहा है। सारा देश चारित्रिक संकट में है। जब समाज की मानसिकता दुराग्रहित है तो दुष्कर्म एवं दुष्प्रवृत्तियां ही होती हैं। कोई आदर्श संदेश राष्ट्र को नहीं दिया जा सकता। जब कभी ऐसी किसी खौफनाक, त्रासद एवं डरावनी घटना की अनेक दावों के बावजूद पुनरावृत्ति होती है तो यह हमारी जबावदारी पर अनेक सवाल खड़े कर देती है।

प्रश्न है कि आखिर हम कब औरत की अस्मत को लुटने की घटना और हिंसक मानसिकता पर नियंत्रण कर पायेंगे? कब हम विदेशी लोगों को सुरक्षित एवं सम्मानजनक आतिथ्य प्रदान करने की पात्रता विकसित कर पायेंगे? अफसोसजनक यह है कि नये-नये नारों एवं उद्घोषों के साथ दुनियाभर के लोगों को भारत आने का आग्रह किया जाता है, मगर विदेश से भारत घूमने आने वाली महिलाओं के साथ ऐसी खौफनाक एवं डरावनी घटनाएं होना न केवल चिन्ताजनक बल्कि दुर्भाग्यपूर्ण है।

बड़ा सवाल है कि विदेशों में भारत की छवि पर दाग न लगे, इसके लिये सरकार को सख्त होना होगा। भारत में जिस ह्यअतिथि देवो भवह्न एवं ह्यवसुधैव कुटुम्बकमह्न का हवाला दिया जाता रहा है, उसे सचमुच जमीन पर उतारना या सुनिश्चित करना सरकार एवं प्रशासन का ही दायित्व है। एक आदर्श-शासन-व्यवस्था, सुसंस्कृत एवं सभ्य देश एवं समाज के लिये ऐसी घटनाओं का बार-बार होना भी शर्मनाक ही कहा जायेगा। हर व्यक्ति एक न्यूनतम आचार संहिता से आबद्ध हो, अनुशासनबद्ध हो। जो व्यवस्था अनुशासन आधारित संहिता से नहीं बंधती, वह विघटन की सीढ़ियों से नीचे उतर जाती है।

# देशहित में है राष्ट्रीय सुरक्षा नीति का निर्धारण

देश के दीर्घकालिक सुरक्षा हित के मद्देनजर एक निर्धारित व कलमबद्ध राष्ट्रीय सुरक्षा नीति का निर्माण और राष्ट्रीय सुरक्षा चर्चा में पारदर्शिता अति आवश्यक कदम हैं। जिसके लिए सियासी इच्छाशक्ति चाहिये। सुरक्षा जोखिम टालने को प्रतिरोध व क्षमता निर्माण ह्यभविष्य में कोई युद्ध नहीं होगाह्न की मान्यता के चलते विकसित नहीं हो सकता। जम्मू कश्मीर के पूर्व राज्यपाल एन.एन. वोहरा बारंबार सुधार करने और प्रतिरोध बनाने को लेकर चेता रहे हैं।

रक्षा और राष्ट्रीय सुरक्षा नीति बनाने की पुरजोर सिफारिश करने वाले एन.एन. वोहरा एक समय रक्षा सचिव और प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव जैसे महत्वपूर्ण पदों पर कार्य कर चुके हैं। ह्यभारत की राष्ट्रीय सुरक्षा चुनौतियांह्न नामक किताब वोहरा द्वारा संपादित निबंधों का एक मौलिक संग्रह है, जिसको लेकर उन्होंने इंडिया इंटरनेशनल सेंटर में दिवंगत जनरल बिपिन रावत और जनरल अनिल चौहान -दोनों चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ- के साथ चर्चा की थी और कई सार्वजनिक व्याख्यान भी दिए हैं।

गत 28 फरवरी को हुई नवीनतम चर्चा में, उन्होंने दो मुद्दों पर जोर दिया : राष्ट्रीय सुरक्षा नीति का अभाव; और राष्ट्रीय सुरक्षा वार्ता में पारदर्शिता की कमी। उन्होंने कई समस्याओं को सूचीबद्ध किया : एकल मंच दृष्टिकोण, अपर्याप्त उच्च रक्षा प्रबंधन, क्रॉस-डोमेन संपर्क की कमी और बाहरी सुरक्षा चुनौतियों के साथ आंतरिक सुरक्षा को मिलाकर देखने में विफलता। उन्होंने आंतरिक सुरक्षा के लिए अलग से मंत्रालय बनाए जाने पर सुझाव दिया। पूर्व विदेश सचिव श्याम सरन के साथ, उन्होंने याद दिलाया कि राष्ट्रीय सुरक्षा नीति के तीन मसौदे तैयार किए गए थे, जिनमें से एक तत्कालीन राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार शिवशंकर मेनन ने अनुमोदित भी कर दिया था, लेकिन राजनीतिक नेतृत्व की जवाबदेही तय होने के डर से कोई एक भी सार्वजनिक नहीं हुआ। चौथा मसौदा संभवतः राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल के पास अटका धूल फांक रहा है।

पिछले साल जनरल चौहान के साथ आमने-सामने की बातचीत के दौरान वोहरा उन्हें सहमत कर पाए कि राष्ट्रीय सुरक्षा सिद्धांत की असल में जरूरत है और ह्यकुछ लिखा जा रहा है।ह्न हालांकि, इससे पहले, 29 मई, 2024 को लेफ्टिनेंट कर्नल गौतम दास (से.नि.) की पुस्तक ह्यइंडियन आर्ट ऑफ वॉर फॉर फ्यूचर चैलेंजेजह्न के विमोचन के दौरान, जब राष्ट्रीय सुरक्षा नीति के बारे में पूछा गया, तो जनरल चौहान ने जवाब दिया था : ह्य लिखित नीति की आवश्यकता नहीं है…हमने बीते 70 वर्षों में कई युद्ध लड़े हैं और प्रबंधन बढ़िया ढंग से किया…।ह्न उसी वर्ष बाद में, जनरल चौहान के समान विचार वाले, एक ह्यअक्लमंदह्न जनरल ने सुरक्षा नीति को कलमबद्ध न किए जाने का अनुमोदन यह कहकर किया :ह्ययह हमारे दिमाग में है।ह्न आधुनिक शासन कला में राष्ट्रीय हितों का प्रबंधन और सुरक्षा हेतु विभिन्न संस्थानों के काम का निष्पादन लिखित योजनाओं एवं आकस्मिकता पर क्रियान्वयन करने पर टिका है। सुरक्षा रणनीति समग्र रणनीतिक, रक्षा और सुरक्षा की समीक्षा कर बनाई जानी चाहिए, इससे जीडीपी के प्रतिशत आधारित संसाधन आवंटन, उच्च रक्षा संगठन और अनिश्चितताओं एवं बड़े पैमाने की व्यवधानों के युग में अंतर्निहित लचीलेपन के साथ रक्षा और सुरक्षा नियोजन में सकल क्षमता का निर्माण हो सकेगा। निवारण उपायों, कूटनीति और विकास को परिवर्तनों के अनुकूल ढलना होगा।



अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने यूक्रेन-रूस युद्ध को समाप्त करने की अपनी योजना पेश करके खलबली मचा दी है। अचानक, यूरोप और नाटो, जो संभवतः अमेरिका से अलग हो जाएंगे, अपने रक्षा बजट को न केवल 2 प्रतिशत, बल्कि 5 प्रतिशत तक बढ़ाने को हाथ-पैर मार रहे हैं। रूस दुश्मन है, लेकिन लगता है अब अमेरिका के लिए नहीं रहा। 1991 में, सोवियत संघ के विघटन के बाद, चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ फील्ड मार्शल लॉर्ड ब्रैमल ने इस लेखक से कहा था कि ब्रिटेन का अब कोई दुश्मन नहीं रहा। उन्होंने कहा : ह्यहम कोई ढूंढ़ रहे हैंह्न। और उन्हें एक मिल गया।

दीर्घकालिक रक्षा नियोजन न होने ने भयावह परिचालन स्थितियों को जन्म दिया। इनमें से एक, जो पिछले दो दशकों से भारत के सामने मुंह बाए खड़ी थी,अब विस्फोटक रूप धर चुकी है : भारतीय वायुसेना के लड़ाकू विमान स्क्वाड्रनों की संख्या घटकर 31 से भी कम रह गई, जबकि प्रावधान 42 स्क्वाड्रन बनाए रखने का है। हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) को अभूतपूर्व कड़ाई से एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने हाल ही में कहा :ह्यहल्के लड़ाकू विमानों की जो संख्या देने का एचएएल ने वादा किया, वह उनकी आपूर्ति देने में विफल रहा हैह्न, उन्होंने आगे कहा : ह्यमुझे एचएएल पर भरोसा नहीं रहा। वह मिशन मोड में नहीं है।ह्न भारतीय वायुसेना को हर साल 35-40 नए लड़ाकू विमान चाहिये, एचएएल ने 2025 में 24 एलसीए एमके-1ए देने का वादा किया है। एपी सिंह कहते हैं कि बाकी निजी क्षेत्र द्वारा उपलब्ध कराए जा सकते हैं। लेकिन 114 बहुउद्देशीय लड़ाकू विमानों पर ह्यआवश्यकता की स्वीकार्यताह्न वाली स्थिति की अनदेखी और पिछले महीने ट्रम्प-मोदी के संयुक्त बयान में जीई-414 इंजन का उल्लेख नहीं होने के साथ, भारतीय वायु सेना को विकट परिस्थिति का सामना करना पड़ रहा है, जैसा कि वायुसेना के एक पूर्व प्रमुख ने गत सप्ताह इस लेखक को बताया कि इससे भारतीय वायुसेना दो मोर्चों पर एक साथ भिड़ने की क्षमता रखने में असमर्थ हो जाती है। उन्होंने याद किया कि उनके कार्यकाल (1986-2002) के दौरान, भारतीय वायुसेना के पास साढ़े 39 स्क्वाड्रन होती थीं, और रक्षा बजट खर्च जीडीपी का 3-4 फीसदी था।

अल्बानी विवि में कार्यरत अंतर्राष्ट्रीय मामले और सुरक्षा विशेषज्ञ क्रिस्टोफर क्लेरी का कहना है- 2014-2024 के बीच, जहां चीन और पाकिस्तान ने क्रमशः 435 और 31 लड़ाकू जहाज अपने बेड़े में जोड़े वहीं अंतर्राष्ट्रीय सामरिक अध्ययन संस्थान के आंकड़ों के अनुसार भारत की सूची में 151 विमान घटे हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मानना है कि यह युग युद्ध का नहीं,और भारत को युद्ध का नहीं बुद्ध का देश बताते हैं। इसीलिए अग्निवीर जैसी योजना पर आलंबन बना रहे हैं। इस धारणा के साथ कि लड़ाई होगी ही नहीं और रक्षा के लिए जीडीपी का केवल 1.9 प्रतिशत ही रखकर, प्रतिरोध एवं क्षमता-निर्माण नहीं बनाए जा सकते। पूर्वी लद्दाख में अक्तूबर, 2024 में भारत और चीन के बीच अपने-अपने सैनिकों को पूर्व-स्थान पर पीछे हटाने को लेकर बनी सहमति पर जारी बयानों में काफी असमानता से बनी अपारदर्शिता का वोहरा ने अपने व्याख्यान में विशेषतया जिक्र किया। पांच दिसंबर, 2024 को भारत-चीन सीमा मामलों पर परामर्श एवं समन्वय के लिए बने कार्य तंत्र का बयान आया कि 2020 के बाद उभरे तमाम मुद्दों को सुलझा लिया गया है,लेकिन यह 3 दिसंबर को संसद में विदेश मंत्री जयशंकर के बयान का विरोधाभासी है, जब उन्होंने कहाः ह्यहम सीमा क्षेत्रों में अपनी गतिविधियों के प्रभावी प्रबंधन के साथ-साथ तनातनी घटाने और पीछे हटने पर वार्ता करेंगे।ह्न गश्त का अधिकार, चारागाह और बफर जोन के भविष्य पर कोई पारदर्शिता नहीं है। जनरल नरवाणे और जनरल पांडे (दोनों पूर्व सेना प्रमुख) और चीफ ऑफ आर्मी स्टाफ जनरल द्विवेदी यथास्थिति (मई 2020 वाली) बहाली का आह्वान कर रहे हैं, जो दूर का सपना है।

# देश-दुनिया के लोग बनेंगे सूर्य तिलक के साक्षी चार मिनट तक राम के ललाट पर पड़ेंगी सूर्य की किरणें

नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो

अयोध्या। बीते वर्ष की तरह इस साल भी रामनवमी पर रामलला का सूर्य तिलक किया जाएगा। राम मंदिर ट्रस्ट इस आयोजन को भव्य बनाने में जुट गया है।

राममंदिर ट्रस्ट ने रामनवमी मेले की तैयारी शुरू कर दी है। रामनवमी मेले को ऐतिहासिक बनाने की कार्ययोजना शुरू कर दी गई है। रामनवमी पर इस बार भी रामलला का सूर्य तिलक किया जाएगा। इसको लेकर इसरो के वैज्ञानिकों की टीम ने कुछ दिन पहले ही राममंदिर का निरीक्षण भी कर चुकी है। रामलला के सूर्य तिलक के साक्षी देश-दुनिया के लोग भी बन सकेंगे। दूरदर्शन पर पूरे कार्यक्रम के लाइव प्रसारण की तैयारी भी की जा रही है। इसके लिए शहर में 50 एलईडी स्क्रीन लगाई जाएगी।



राममंदिर ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने बताया कि रामनवमी मेले में 30 से 50 लाख श्रद्धालुओं के अयोध्या आने की उम्मीद है। रामनवमी पर अयोध्या में भव्य रामजन्मोत्सव का कार्यक्रम होता है। राममंदिर परिसर में नौ दिवसीय उत्सव की योजना बनाई जा रही है। योजना बन जाएगी तो इसकी पूरी सूचना ट्रस्ट की वेबसाइट पर भी डाली जाएगी। उन्होंने बताया कि 29 मार्च से छह अप्रैल तक अंगद टीला के परिसर में अतुल कृष्ण भारद्वाज रामकथा सुनाएंगे। राम जन्मभूमि परिसर में रामकथा का आयोजन दूसरी बार होने जा रहा है। इससे पहले प्रतिष्ठा द्वादशी समारोह के क्रम में अंगद टीला परिसर में ही रामकथा महोत्सव का आयोजन किया गया था।

राममंदिर परिसर को फूलों से सजाया जाएगा। गर्भगृह में फूलबंगला झांकी सजेगी। रामनवमी की प्रतिपदा तिथि से ही राम जन्मभूमि परिसर की यज्ञशाला में अनुष्ठानों का क्रम शुरू हो जाएगा। वाल्मीकि रामायण, रामचरित मानस व आनंद रामायण का नवाह्नपारायण होगा। श्रीराम के मंत्र से एक लाख आहुतियां यज्ञकुंड में अर्पित की जाएंगी। अंगद टीला परिसर में श्रद्धालुओं को निशुल्क भोग प्रसाद का वितरण भी किया जाएगा।

**चार मिनट का होगा सूर्य तिलक**

राममंदिर ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने बताया कि रामनवमी को ठीक 12 बजे सूर्य की किरणें रामलला के ललाट को प्रकाशित करेंगी, इसे सूर्य तिलक का नाम दिया गया है। बताया कि चार मिनट तक 75 मिमी आकार का तिलक रामलला के ललाट को सुशोभित करेगा। बताया कि रामजन्मोत्सव के उत्सव का दूरदर्शन पर लाइव प्रसारण किया जाएगा। राममंदिर में उस समय कुछ ही श्रद्धालु पहुंच पाएंगे, ऐसे में जो श्रद्धालु राममंदिर परिसर में नहीं पहुंच पाएंगे वे घर बैठक रामलला के सूर्य तिलक के साक्षी बन सकते हैं। शहर के प्रमुख चौक-चौराहों, मठ-मंदिरों पर एलईडी स्क्रीन पर पूरे कार्यक्रम का सजीव प्रसारण कराने की योजना बनाई जा रही है।

**श्रीराम जन्मोत्सव कार्यक्रम**

चैत्र शुक्ल नवमी संवत 2081, छह अप्रैल 2025 रविवार

- रामलला का अभिषेक- सुबह 9:30 बजे से 10:30 बजे तक।
-पर्दा रहेगा - सुबह 10:30 बजे से 10: 40 बजे तक।
- रामलला का श्रृंगार - सुबह 10: 40 बजे से 11: 45 बजे तक (पर्दा खुला रहेगा)
- पर्दा रहेगा - सुबह 11: 45 बजे (भोग लगेगा)
- श्रीरामलला जन्म, आरती व सूर्य तिलक- दोपहर 12: 00 बजे।

# निर्भय पांडे भाजपा मथुरा के जिलाध्यक्ष राजू यादव महानगर अध्यक्ष बने

नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो



मथुरा। प्रदेश में भाजपा के नए जिलाध्यक्षों की नई सूची का इंतजार आज खत्म हो गया। हर जिला में जिलाध्यक्ष की लिस्ट जारी हो गई है। इस बार ये सूची प्रदेश स्तर पर घोषित नहीं हुई बल्कि प्रदेश चुनाव समिति के सदस्य जनपदों में जाकर नए जिलाध्यक्ष के नाम का ऐलान किया है। मथुरा में बीजेपी जिलाध्यक्ष का नाम का ऐलान हो गया है। निर्भय पांडे बीजेपी के जिलाध्यक्ष व हरिशंकर द्वाराजूह्न यादव मथुरा महानगर अध्यक्ष बने हैं। काफी विचार विमर्श के बाद प्रदेश,राष्ट्र, व क्षेत्र व जनप्रतिनिधियों व प्रेरक संगठनों तथा वरिष्ठ कार्यकर्ताओ से व्यापक मंथन के बाद आज भाजपा प्रदेश नेतृत्व के निर्देश पर जिला पर्यवेक्षक प्रदेश के सह चुनाव अधिकारी अनिल चौधरी व जिला चुनाव अधिकारी विमल शर्मा द्वारा आज जिला अध्यक्ष निर्भय पांडे को जिलाध्यक्ष जबकि महानगर अध्यक्ष राजू यादव को बनाया है। ज्ञात रहे कि राजू यादव के राजनीतिक जीवन की शुरूआत 1995 में विद्यार्थी परिषद से हुई व उसके बाद बजरंग दल के नगर संयोजक,भाजयुमो में विभिन्न दायित्वों के बाद भाजपा नगर महामंत्री तदोपरांत तीन बार जिला महामंत्री के रूप में पार्टी की सेवा करने के बाद महानगर अध्यक्ष का दायित्व मिला है। इस घोषणा से भाजपा ने एक साथ कई समीकरण साधने के दृष्टि से ओबीसी वर्ग पर पुनः भरोसा जताया है तथा ओबीसी वर्ग के यादव को महानगर अध्यक्ष बनाकर भाजपा ने ब्रजक्षेत्र की राजनीतिक बिसात पर पिछड़े वर्गों को आगे करके आगामी रणनीति स्पष्ट कर दी है। इस अवसर पर जिला पर्यवेक्षक अनिल चौधरी व जिला चुनाव अधिकारी विमल शर्मा ने कहा कि प्रदेश नेतृत्व के निर्देश पर मथुरा महानगर में निवर्तमान जिला महामंत्री राजू यादव को नये महानगर अध्यक्ष का दायित्व सौपा है प्रदेश नेतृत्व ने नवागत महानगर अध्यक्ष राजू यादव से उम्मीद की है कि वह सभी वरिष्ठ जनों,जनप्रतिनिधियों के साथ सम्मानजनक समवन्य रखेगे व सभी कार्यकताओं व पदाधिकारियों के साथ एकजुटता से कार्य करेंगे व जनता के बीच मे सभी वर्गो में विशेष कर पिछड़े वर्ग में पार्टी की रीतिनीति को ले जाकर जनता में भाजपा के प्रति विश्वास व जन समर्थन बढ़ाएंगे।

# जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक की अध्यक्षता में आयोजित हुआ संपूर्ण समाधान दिवस

उत्तर प्रदेश रामपुर शाहबाद।शनिवार के दिन अवकाश रहने के कारण संपूर्ण समाधान दिवस सोमवार को तहसील परिसर में आयोजित किया गया जिसकी अध्यक्षता जिलाधिकारी रामपुर जोगिंदर सिंह और पुलिस अधीक्षक रामपुर विद्या शंकर मिश्रा द्वारा की गई। इस संपूर्ण समाधान दिवस में कुल 35 शिकायतें आईं जिनमें से 3 शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही करा दिया गया। बाकि की शिकायतों के निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को प्रार्थना पत्र सौंप दिए गए और जिलाधिकारी द्वारा उन्हें जल्द से जल्द निस्तारण के सख्त निर्देश भी दिए गए। पत्रकार वेलफेयर एसोसिएशन शाहबाद द्वारा पत्रकारों की सुरक्षा को लेकर एक ज्ञापन भी जिलाधिकारी रामपुर को सोपा गया और मांग की गई कि वह अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत को निर्देश जारी कर पत्रकार वेलफेयर एसोसिएशन के लिए एक क्लब की स्थापना कराएं। जिलाधिकारी के आश्वासन पर पत्रकार संगठन से जुड़े सभी पत्रकारों के चेहरे पर एक खुशी देखने को मिली। नगर पंचायत द्वारा आवंटित की गई कुछ दुकानों के लाभार्थियों ने उन्हें विक्रय कर लिया जो नियमाविरुद्ध है उन पर मुकदमा दर्ज करने के निर्देश भी अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत को दिए इसके पश्चात जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी न्यायालय, तहसीलदार न्यायालय के साथ-साथ रिकॉर्ड रूम का भी निरीक्षण किया, जिसमें पाई गई आंशिक कमियों को दूर करने के निर्देश भी उप जिलाधिकारी को दिए। इस संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर पुलिस क्षेत्राधिकारी हर्षिता सिंह, जिला चिकित्साधिकारी एसपी सिंह, चिकित्साधीक्षक शाहबाद मोहित कुमार सहित सभी विभागों के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।



# बलवे में 30 घंटे बाद दर्ज हुई रिपोर्ट, हल्की धारा लगाने का आरोप

नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो

मोदीनगर। निवाड़ी के गांव अबूपुर में शुक्रवार को दुल्हैंडी के दिन हुए बलवे में घायल युवक अभिषेक के पिता भोपाल सिंह ने पुलिस पर गंभीर आरोप लगाए है। उन्होने प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य को पत्र लिखकर पुलिस की शिकायत की है। पुलिस ने घटना में शामिल तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

भोपाल सिंह का आरोप है कि पुलिस ने बलवे के तीस घंटे बाद बहुत हल्की धाराओं में घटना की रिपोर्ट दर्ज की। भोपाल ने पुलिस पर तहरीर बदलवाने का आरोप भी लगवाया। आरोप है कि पुलिस ने साठगांठ के कारण बलवाइयों का हलकी धाराओं में चालान किया। बाकी बलवाई अभी भी गांव में खुलेआम घूम रहे हैं और उन्हें जान से मारने की धमकी दे रहे हैं।

आरोपी सोशल मीडिया पर धमकी भरे पोस्ट वायरल कर दहशत फैला रहे हैं। भोपाल सागर ने बताया कि उन्होंने उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य को पत्र लिखकर सुरक्षा और न्याय दिलाने की मांग की है। एसीपी मोदीनगर ज्ञानप्रकाश राय का कहना है कि आरोप निराधार हैं। तहरीर प्राप्त होने पर तत्काल रिपोर्ट दर्ज की गई। तीन आरोपियों प्रवीण, लाखन और सागर को गिरफ्तार कर लिया गया है। बाकी आरोपियों की तलाश में दबिश दी जा रही है।

# प्रेस क्लब और पत्रकारों की सुरक्षा मांग को लेकर डीएम और एसपी को सौंपा ज्ञापन

नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो



उत्तर प्रदेश रामपुर शाहबाद। सम्पूर्ण समाधान दिवस में शाहबाद पत्रकार वेलफेयर एसोसिएशन रजि के पदाधिकारियों ने अध्यक्ष आफताब के नेतृत्व में नगर में पत्रकारों के लिए प्रेस क्लब और पत्रकारों की सुरक्षा से जुड़े मुद्दों को लेकर डीएम जोगिंदर सिंह और पुलिस अधीक्षक विद्यासागर मिश्रा को एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से नगर क्षेत्र में नगर पंचायत की ओर से पत्रकारों के लिए प्रेस क्लब बनाने की मांग की गई है वहीं कवरेज के दौरान पत्रकारों पर आए दिन होने वाले हमलों को लेकर पत्रकारों की सुरक्षा की मांग करते हुए पत्रकारों के साथ होने वाली छोटी मोटी घटनाओं को गंभीरता से लेने की मांग की गई। पत्र सौंपने वालों में संस्थापक अंकित गुप्ता, महासचिव सिफत मियां, वरिष्ठ उपाध्यक्ष एहसान खां, उपाध्यक्ष राजीव भटनागर, उपाध्यक्ष शराफत हुसैन,विधिक सलाहकार अभिषेक शर्मा, संगठन मंत्री विनोद गुप्ता, कोषाध्यक्ष मुस्तफा अली,सचिव शावेज छोटे, सचिव वीरेंद्र सिंह, फहीम आतिश, इरफान मलिक, जिकरा बी आदि रहे।

# पुलिस प्रशासन का फूल मालाओं से हुआ स्वागत

उत्तर प्रदेश रामपुर शाहबाद ।होली का पर्व सकुशल संपन्न कराने में पुलिस प्रशासन की कड़ी मेहनत रही । समय-समय पर पीस कमेटी की बैठकें करके व लोगों से व्यक्तिगत रूप से संपर्क के कारण असामाजिक तत्वों में भय का माहौल रहा। वहीं सनातनियों में सुरक्षा की भावना बढी, जिसके साथ लोगों ने दिल खोलकर गुलाल उड़ाया और एक दूसरे पर रंग लगाकर हंसी खुशी के माहौल में होली का पर्व मनाया। इसी बात से प्रसन्न होकर मोहल्ला बर्बलान के लोगों ने कोतवाली प्रभारी निरीक्षक का फूल माला पहनाकर स्वागत किया, वहीं मुन्नालाल बरनवाल ने कोतवाली प्रभारी निरीक्षक को पटका भी पहनाया। इस अवसर पर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक पंकज पंत के साथ-साथ हेड कांस्टेबल दिवाकर सिद्धू, अमित कुमार आदि रहे।



# श्रीधाम राधाकुंड में चरकुला नृत्य से मन मोहा



मथुरा। गोवर्धन के श्रीधाम राधाकुंड में द्वापर युग की परंपरा का निर्वहन रविवार को हुआ। इसमें कलाकारों ने बम, ढोल और मृदंग की थाप पर चरकुला नृत्य की प्रस्तुति समा बांध दिया। स्टेट बैंक तिराहे पर लोकगीतों के बीच सिर पर चरकुला रख कलाकारों ने मनमोहक प्रस्तुति दी। यह देखकर देश-विदेश से आए और गिरिराज परिक्रमा कर रहे भक्त इस अनोखे आयोजन को एकटक होकर निहारते रहे। शिवजी के मंदिर से सर्वप्रथम पिंकी देवी ने नृत्य की प्रस्तुति दी। इसके बाद कांता देवी, मीरा देवी, आशिकी देवी, प्रीति देवी ने बारी-बारी से चरकुला नृत्य प्रस्तुत किया। इस अवसर पर अध्यक्ष रामफल, विनोद मुकदम, बनवारी लाल, बच्चू सिंह, नेम भगत, दुलीचंद, संजय सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

# होली पर पिता के दोस्त ने किशोरी से बदनीयत से छेड़खानी, रिपोर्ट दर्ज

मथुरा में चौमुहां के जैंत थाने में किशोरी से बदनीयती से छेड़खानी करने का मामला सामने आया है। इस मामले में पीड़ित पिता ने अपने ही दोस्त के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। अब पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है। पीड़ित पिता ने दर्ज कराए मुकदमे में बताया कि वह अपने दोस्त के साथ मिलकर प्रॉपर्टी का काम करते हैं। होली के दिन वह दोस्त के घर गए थे। इसी बीच बेटी उन्हें खोजती हुई दोस्त के घर पहुंची तो



आरोपी उसे बदनीयत से बाथरूम में ले गया और गेट बंद कर छेड़खानी करना लगा। पुत्री के रोने पर आरोपी ने भगा दिया। घर पहुंचने पर उन्होंने नाबालिग बेटी से रोने का कारण पूछा तो उसने सारी घटना बताई। वह अपने ताऊ के पुत्र के साथ आरोपी दोस्त के घर पहुंचे तो गाली गलौज की गई। जान से मारने की धमकी देते हुए आरोपी गाड़ी में बैठकर भाग गया। आरोपी के खिलाफ कार्रवाई कराने को लेकर शनिवार सुबह परिजन थाना जैंत पर पहुंचे। थाना प्रभारी जैंत अश्वनी कुमार ने बताया कि नामजद आरोपी प्रमोद के खिलाफ पॉक्सो एक्ट सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

# ब्रज में भिखारियों की होगी गणना, बनेगा भिक्षुक गृह

नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो



मथुरा। ब्रजधाम के मठ-मंदिरों एवं परिक्रमा मार्गों पर बढ़ती भिखारियों की संख्या पर केन्द्र सरकार की नजर पड़ी है। केन्द्र सरकार जिले के सभी भिखारियों का सर्वे कराकर उनकी संख्या का आंकलन कराकर उनकी भिक्षावृत्ति बंद कराने के साथ पुनर्वास के लिए यहां भिक्षुक गृह का निर्माण भी कराएगी। भारत सरकार ने प्रोजेक्ट स्माइल द्वारा जिले में भिक्षुक गृह के निर्माण की नई कवायद शुरू की है। इसके लिए केंद्र सरकार ने समाज कल्याण विभाग को पत्र भेजा है। इसमें विभाग को जिले में भिक्षुक गृह के निर्माण कराने के बारे में जानकारी दी है। यहां भिक्षुक गृह के निर्माण के लिए उसकी क्षमता का आंकलन करने के लिए सर्वेक्षण कराने के निर्देश भी मिले हैं। यहां समाज कल्याण विभाग द्वारा निजी सामाजिक संस्थाओं से भिखारियों की संख्या, उनकी अन्य विशेषताओं का सर्वेक्षण कराया जाएगा। इसके लिए संस्थाओं से ऑनलाइन आवेदन मांगे हैं। इसके लिए अब तक चार एनजीओ ने आवेदन किए हैं। सर्वेक्षण के लिए केंद्र सरकार के निर्देशों पर विभाग ने सर्वेक्षण कार्य की धनराशि प्राप्त करने एवं भुगतान आदि के लिए पृथक खाता खुलवा लिया है। संस्था का चयन प्रोजेक्ट की केंद्रीय टीम द्वारा किया जाएगा।

शहर के सेठबाड़ा क्षेत्र में पहले भिक्षुक गृह का संचालन किया जाता था। इसका संचालन एक दशक पूर्व तो पूरी तरह बंद कर दिया गया है। इससे पहले के दशक में यह नाम मात्र का ही भिक्षुक गृह था। इसमें दशकों से भिक्षुकों को लाना बंद कर दिया गया था।

# कोसीकलां के बठैन में हुरियारों पर बठैन में बरसीं प्रेम पगी लाठियां

नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो

मथुरा। कोसीकलां में जाव के हुरियारे बठैन में हुरंगा खेलने पहुंचे तो गलियों में उन पर अबीर-गुलाल की ग्रामीणों ने बरसात कर दी। प्राचीन परंपरा के रंग में सराबोर हुरियारे हुरियारिनों की प्रेम पगी लाठियों से खूब पिटे। हास हरिहास के बीच हुरियारे मस्ती में नाच गाकर हुरियारिनों को रिझाते नजर आए। गोपी स्वरूप हुरियारिनों ने हुरियारों से घिरे दाऊजी की पताका तक पहुंचने के लिए आनंदमयी खींचतान की, लेकिन दाऊजी महाराज हुरियारिनों के हाथ नहीं आए। हुरंगा का बदला लेने के लिए



जाव के हुरियारे बठैन में हुरंगा खेलने पहुंचे। दोपहर को ही हुरियारों की अलग-अलग टोलियां गांव में पहुंच गईं। बठैन की सरदारी द्वारा हुरियारों को अबीर-गुलाल लगाकर स्वागत किया। हुरियारों की खातिरदारी के लिए भी जगह-जगह इंतजाम किए गए थे। शाम ढलते ही हुरियारों की टोलियां गलियों में हुरंगा खेलने के लिए उतर गईं। दाऊजी की पताका को घेरकर दर्जन भर नगाड़े एवं ढप ढोल बजाते हुए हुरियारे चल रहे थे। इधर, शोभायात्रा गांव के बाहर हुरंगा मैदान पर पहुंची। जहां घूंघट लगाए और हाथों में लाठियां लिए स्थान-स्थान पर हुरियारिनें खड़ी थीं और बरसाने की लठामार होली की भांति डंडों से हुरियारों पर लकड़ी के विशेष प्रकार से बने हलों पर वार कर रही थीं। वहीं, बठैन के लोगों ने ठंडाई, भांग एवं हुक्का से उनका परंपरागत स्वागत किया। इसके बाद जमकर गुलाल और अबीर बरसाकर हुरियारों को रंगों से सराबोर कर दिया गया।

# अपराधों के विरुद्ध की गई कार्यवाही की डीएम ने की समीक्षा

नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो



चित्रकूट ब्यूरोः कानून व्यवस्था, अभियोजन एवं महिला अपराधों की विशेष समीक्षा बैठक सोमवार को जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन की अध्यक्षता व पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह की उपस्थिति में कलेक्टरेट सभागार में आयोजित की गई। जिसमें डीएम ने अपराधों के विरुद्ध की गई कार्यवाही की समीक्षा करते हुए सम्बन्धितओं को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

बैठक में एससी/एसटी एक्ट, गैंगस्टर एक्ट सहित अन्य बिंदुओं की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि एनडीपीएस एक्ट से सम्बन्धित मामलों की गृह मंत्रालय से निगरानी की जाती है। अतः सूचना लिखित रूप से रजिस्टर में होनी चाहिए। उन्होंने सभी थाना प्रभारियों को निर्देशित किया कि न्यायालय से मिलान कर सर्टिफिकेट भी प्राप्त करें। गवाहों की उपस्थिति के संबंध में जिलाधिकारी ने कहा कि कुंभ मेले के कारण उपस्थित ठीक नहीं रही है, लेकिन अगले माह तक उपस्थित शत-प्रतिशत कराए। आर्म्स एक्ट में कहा कि इसमें लगातार तारीख लगाकर निस्तारण कराएं। उन्होंने खनिज अधिकारी को निर्देशित किया कि अवैध परिवहन नहीं चलने पाए एवं ओवर लोडिंग भी न होने पाए, इसमें अभियान चलाकर पकडें। जिला आबकारी अधिकारी को निर्देशित किया कि किसी प्रकार की अवैध शराब जनपद में न बिकने पाए। इसे रोकने के लिए पुलिस के साथ संयुक्त रुप से अभियान चलाकर छापेमारी करें। डीएम ने अवैध टैक्सी व बस स्टैंड संचालको के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए जुमार्ना करने के निर्देश दिए। उन्होंने एआरटीओ व यातायात प्रभारी से कहा कि इस माह हुई दुघर्टनाओं में घायल व मृतकों की संख्या अधिक है, ऐसा न हो इसके लिए कड़ाई से यातायात नियमों का अनुपालन सुनिश्चित कराएं। एआरटीओ यातायात को निर्देशित किया कि बिना हेलमेट के जो वाहन पकड़े जाते हैं, उनके ड्राइविंग लाइसेंस निरस्त कराएं। साथ ही कहा कि ब्लैक स्पॉट पर बैरियर व शाइनिंग बोर्ड लगवाएं। जिससे कि दुर्घटनाओं में मृतकों की संख्या घटे। धारा 107/116 के संबंध में जिलाधिकारी ने संबंधित उपजिलाधिकारी को समय से इसका निस्तारण कराने के निर्देश दिए।

इस मौके पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व उमेश चंद्र निगम, अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी, उप जिलाधिकारी राजपुर हर्षिता देवडा, मानिकपुर मोहम्मद जसीम, पुलिस क्षेत्राधिकारी राजापुर जयकरण सिंह, मऊ यामीन अहमद, जिला आबकारी अधिकारी अखिलेश प्रताप सिंह, जिला समाज कल्याण अधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह भदौरिया, जिला प्रोबेशन अधिकारी पंकज मिश्रा, अधिशासी अभियंता विद्युत दीपक सिंह सहित सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# भाजपा सरकार की नीतियों का प्राथमिकता से करेंगे प्रचार- महेन्द्र

## नवनियुक्त जिलाध्यक्ष का हुआ स्वागत

नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो



चित्रकूट ब्यूरोः नव नियुक्त भाजपा जिलाध्यक्ष महेंद्र कोटार्य का सोमवार को भारतीय जनता पार्टी कार्यालय में ढोल-नगाड़े व पुष्प वर्षा के साथ स्वागत किया गया। इस दौरान सभी कार्यकताओं उनके मनोनयन पर प्रसन्नता जाहिर की।

पूर्व विधायक आनंद शुक्ला ने कहा कि एक छोटे से कार्यकर्ता को पार्टी ने बड़ी जिम्मेदारी दी है। अब सभी को कार्यकताओं को पूरी ताकत के साथ संगठन को मजबूत करना है तथा पार्टी की नीतियों और योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने के लिए पूरी तत्परता से कार्य करेंगे। उन्होंने सभी कार्यकताओं से एकजुट होकर काम करने की अपील की ताकि भाजपा को आने वाले चुनावों में सफलता मिल सके। नवनियुक्त जिलाध्यक्ष महेंद्र कोटार्य ने कहा कि वह पार्टी द्वारा दिए गए दायित्व को पूरे निष्ठा के साथ निभाएंगे तथा पार्टी के सभी पदाधिकारी-कार्यकताओं को साथ लेकर चलेंगे। कहा कि उनका उद्देश्य संगठन को मजबूत करते हुए भाजपा की जन कल्याणकारी योजनाओं को जनता तक पहुंचना है।

पूर्व सांसद भैरों प्रसाद मिश्र ने कहा कि एक सामान्य कार्यकर्ता को पार्टी ने जिलाध्यक्ष के रुप में बड़ी जिम्मेदारी दी है, जो केवल भाजपा में ही संभव है। निवर्तमान जिलाध्यक्ष लवकुश चतुवेर्दी ने नवनियुक्त जिलाध्यक्ष ने महेंद्र कोटार्य का पार्टी कार्यालय में स्वागत किया और सभी कार्यकताओं को साथ में लेकर चलने को कहा। चंद्रप्रकाश खरे ने कहा कि नवनियुक्त जिलाध्यक्ष ने पूर्व में पार्टी उपाध्यक्ष के रूप में संगठन में कार्य करते हुए मेहनत के साथ पार्टी की नीतियों को लेकर जनता तक पहुंचाने का काम किया। जिसका फल उन्हें आज जिलाध्यक्ष के रूप में नियुक्त होकर मिला है। कहा कि कार्यकर्ता की असली पहचान उसकी मेहनत व ईमानदारी है। इस मौके पर जिला महामंत्री राजेश जायसवाल, आलोक पाण्डेय, अश्वनी अवस्थी, नगर पालिका अध्यक्ष राजापुर संजीव मिश्रा, ब्लॉक प्रमुख रामनगर गंगाधर मिश्रा, मऊ सुशीला देवी, डॉ रणवीर सिंह चैहान, भाजपा नेता मनोज तिवारी, भागवत त्रिपाठी, अर्पित जायसवाल, आनंद त्रिपाठी, हरिओम करवरिया, अंजू वर्मा, राजेश्वरी द्विवेदी, हीरो मिश्रा, सुरेश अनुरागी, राजेश रैकवार, ओम प्रकाश मिश्रा, रवि गुप्ता, रामबाबू गुप्ता, दिव्या त्रिपाठी, विपुल प्रताप सिंह, योगेन्द्र शुक्ला, अखिलेश रैकवार, लवलेश निषाद, अभिषेक ओझा, फूलचन्द्र राजपूत, रामचन्द्र सिंह, संजय पांडेय, पुष्पराज सिंह, अंकित पांडेय, शंकर दयाल जायसवाल, सच्चिदानंद गर्ग, श्रवण पटेल, अभिलाष जायसवाल आदि मौजूद रहे।

# योगाचार्य ने बताए मानसिक तनाव से उबरने के तरीके



चित्रकूट ब्यूरोः जिला मुख्यालय के कुबेरगंज निवासी योगाचार्य रमेश सिंह राजपूत ने बताया कि भाग-दौड़ की दिनचर्या में मानसिक रोग महामारी के रूप में व्याप्त हैं। जिससे हमारी सोच, भावनाएं और व्यवहार विकृत हो जाने से हमारे द्वारा किए गए कार्यों की गुणवत्ता प्रभावित होती है। धरती और बुद्धि शक्ति विकासक क्रिया इन समस्त समस्याओं का एक सहज सरल सूक्ष्म व्यायाम है।

बताया कि चिंता, अशांति, डिप्रेशन, सिजोफ्रेनिया, न्यूरो डिसआर्डर, एंग्जायटी, तनाव की स्थिति में मांसपेशियों में रुकावट जकड़न, जोड़ों में दर्द, असंतुलित रक्त परिसंचरण स्नायु बंधन असंतुलन संपूर्ण शरीर में रहता है। उनके रहते स्थूल व्यायाम हानिकारक सिद्ध होता है। बताया कि धरती और बुद्धि शक्ति विकासक क्रिया इन समस्त समस्याओं का एक सहज सरल सूक्ष्म व्यायाम है। इसे प्रतिदिन खाली पेट करने से मानसिक शक्तियों में शीघ्र ही सकारात्मक परिवर्तन आता है तथा बुद्धि शक्ति में जबरदस्त सुधार आता है। इसे करने के लिए साम्यावस्था में एड़ी पंजा मिलाते हैं। इसके बाद हाथ बाजू में मुट्ठियां खुली करतल अंदर की ओर सर को पीछे ले जाकर दृष्टि दोनों भौंहों के मध्य टिकाते हुए शारीरिक स्थिति बनाकर ध्यान शिखा मंडल पर रखते हुए लोहार की धौकनी की तरह 20 से 25 बार सीने में सांस भरते हैं और छोड़ते हैं। गर्दन सीधी करके शिथिल ताड़ासन में विश्राम करते हैं और शरीर में हुए परिवर्तनों का अनुभव करते हैं। मानसिक शक्ति विकासक इस क्रिया में कुछ सावधानियां भी हैं। यदि उच्च रक्तचाप या सीने में कोई और परेशानी है, तो इसे धीरे-धीरे करना चाहिए।

# बुजुर्गों के मार्गदर्शन और युवाओं की ऊर्जा से बढ़ाएंगे भाजपा का जनाधार- महेन्द्र



चित्रकूट ब्यूरोः भाजपा के नव नियुक्त जिलाध्यक्ष महेन्द्र कोटार्य ने सोमवार को लोकतंत्र रक्षक सेनानी रामप्रकाश द्विवेदी के आवास पर जाकर आशीर्वाद प्राप्त किया। उन्होंने कहा कि सभी बुजुर्गों और वरिष्ठ नेताओं का मार्गदर्शन प्राप्त करते हुए वह जिले में पार्टी का जनाधार और ज्यादा बढ़ाएंगे।

भाजपा जिलाध्यक्ष ने कहा कि पीएम मोदी और सीएम योगी की नीतियों का लाभ समाज के सभी वर्गों को मिल रहा है। खासतौर से गरीब, किसान व मजदूर वर्ग के लिए सरकार जन कल्याणकारी योजनाओं का संचालन कर रही है। सरकार की नीतियों को पार्टी कार्यकताओं के साथ हर गांव और वार्ड तक पहुंचकर प्रचारित किया जाएगा। इस दौरान लोकतंत्र रक्षक सेनानी रामप्रकाश द्विवेदी ने कहा कि युवाओं को साथ लेकर और बुजुर्गों से परामर्श लेकर चलने वालों को हमेशा सफलता मिलती है।

.इस मौके राजापुर नगर पंचायत अध्यक्ष संजीव मिश्रा, भाजपा जिला महामंत्री आलोक पाण्डेय, जिला मंत्री मनोज तिवारी, नगर अध्यक्ष रवि गुप्ता, भाजयुमो के जिला उपाध्यक्ष अभिषेक ओझा, जितेन्द्र पाण्डेय, अखिल रैकवार, प्रेमलाल वाल्मिकि आदि मौजूद रहे।

# प्रयागराज महाकुंभ के श्रद्धालुओं को वितरित किए गए निःशुल्क चश्में

नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो



चित्रकूट ब्यूरोः संत रणछोड़ दास महराज द्वारा स्थापित श्री सद्गुरू नेत्र चिकित्सालय ने प्रयागराज महाकुंभ में सक्षम संगठन द्वारा आयोजित नेत्र कुंभ में अपनी एक ऐतिहासिक और महत्वपूर्ण सहभागिता करते हुए श्रद्धालुओं का नेत्र परीक्षण कर उन्हें निःशुल्क चश्मों का भी वितरण किया।

प्रयागराज महाकुंभ में जहां देश विदेश के करोड़ों श्रद्धालुओं ने त्रिवेणी संगम में आस्था की डुबकी लगाई है, वहीं महाकुंभ में आए सभी श्रद्धालुओं के लिए चिकित्सा के क्षेत्र में भी इस वर्ष सक्षम संगठन द्वारा प्रयागराज में नेत्र कुंभ का आयोजन किया गया था। इस आयोजन में सद्गुरु नेत्र चिकित्सालय को भी नेत्र चिकित्सा के लिए अपनी सेवाएं प्रदान करने का सुअवसर मिला। प्रयागराज महाकुंभ में आयोजित नेत्र कुंभ के माध्यम से सद्गुरु नेत्र चिकित्सालय एवं देशभर के विभिन्न नेत्र चिकित्सालयों के संयुक्त प्रयास से 2,31,313 श्रद्धालुओं का निःशुल्क नेत्र परीक्षण करते हुए 1,58,187 श्रद्धालुओं को निःशुल्क चश्मे वितरित किए गए। वहीं इस नेत्र कुंभ में सद्गुरु नेत्र चिकित्सालय द्वारा लगभग 28,000 लोगो का नेत्र परिक्षण किया गया। इसके अलावा सद्गुरू नेत्र चिकित्सालय द्वारा प्रयागराज महाकुंभ में रणछोड़ दास नगर, अखिल भारतीय निमोर्ही अखाडा एवं रामायणी कुटी में लगातार नेत्र शिविर लगाकर श्रद्धालुओं का नेत्र परीक्षण किया गया। जिसमें लगभग 9000 श्रद्धालुओं का नेत्र परीक्षण किया गया एवं 7,961 श्रद्धालुओं को निःशुल्क चश्मे वितरित किए गए। इसके अलावा लगभग 2000 नेत्र रोगियों को मोतियाबिंद के ऑपरेशन और अन्य जटिल नेत्र रोगों के उत्तम इलाज के लिए सद्गुरु नेत्र चिकित्सालय चित्रकूट रिफर किया गया। नेत्रकुंभ चिकित्सा शिविर में श्रद्धालुओं की अपार भागीदारी और उनके लाभान्वित होने से यह सेवा महाकुंभ के सफल प्रबंधन की एक बड़ी उपलब्धि साबित हुई।

सद्गुरू नेत्र चिकित्सालय के प्रशासक डॉ इलेश जैन ने बताया कि सक्षम संगठन देशभर में दिव्यांगता के क्षेत्र में कार्य करता है। इस ऐतिहासिक महाकुंभ में सक्षम संगठन के सहयोग से सद्गुरु नेत्र चिकित्सालय को भी नेत्र कुंभ के माध्यम से महाकुंभ में आए श्रद्धालुओं का निःशुल्क नेत्र परीक्षण, मोतियाबिंद आपरेशन एवं चश्मा वितरित कर सेवा करने का सौभाग्य मिला। कहा कि प्रयागराज महाकुंभ न केवल आध्यात्मिकता और आस्था का संगम बना, बल्कि इस नेत्र कुंभ से चिकित्सा, सेवा और स्वास्थ्य की त्रिवेणी भी रहा।

# सवर्ण आर्मी में संदीप द्विवेदी को मिली बड़ी जिम्मेदारी, बनाए गए प्रदेश महासचिव

## जिलाध्यक्ष समेत सभी कार्यकताओं ने जताई प्रसन्नता

नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो



चित्रकूट ब्यूरोः सवर्ण आर्मी के शीर्ष नेतृत्व ने पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष संदीप द्विवेदी को सवर्ण आर्मी टीम का उत्तर प्रदेश का महासचिव बनाया है। साथ ही सूरज प्रसाद चैबे को प्रदेश अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी है। उनके मनोनयन पर स्थानीय संगठन पदाधिकारियों ने प्रसन्नता का इजहार किया है।

सवर्ण आर्मी टीम के चित्रकूट जिलाध्यक्ष विजय शुक्ला ने बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष सर्वेश पाण्डेय व राष्ट्रीय महासचिव शिवम सिंह ने संगठन को मजबूत करने के लिए यहां के पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष संदीप द्विवेदी को प्रदेश महासचिव मनोनीत किया है। इसके अलावा सूरज प्रसाद चैबे को प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया है। उनके मनोनयन पर सोमवार को आर्मी पदाधिकारियों व कार्यकताओं ने प्रसन्नता का इजहार किया। इस दौरान नवनियुक्त प्रदेश महासचिव संदीप द्विवेदी ने कहा कि वह कार्यकताओं और पदाधिकारियों के साथ नेतृत्व के भरोसे पर खरा उतरने का प्रयास करेंगे। साथ ही संगठन के विस्तार की जिम्मेदारी निष्ठापूर्वक करेंगे। उनके मनोनयन पर सवर्ण आर्मी के मंडल अध्यक्ष अशोक पाण्डेय, जिलाध्यक्ष विजय कुमार शुक्ला, जिला उपाध्यक्ष प्रकाश पाण्डेय, प्रकाश ओझा, ब्राम्हण एकता परिषद के अध्यक्ष शिवशंकर त्रिपाठी आदि ने प्रसन्नता का इजहार किया है।

# प्री प्राईमरी शिक्षा को मजबूत करने के लिए शुरू हुआ दो दिवसीय प्रशिक्षण

नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो

चित्रकूट ब्यूरोः प्री-प्राईमरी शिक्षा को मजबूत करने के लिए आंगनबाड़ी केन्द्रों को सशक्त बनाने की आवश्यकता के दृष्टिगत विकास खण्ड रामनगर के 50 को-लोकेटेड आंगनबाड़ी केन्द्रों की कार्यकत्रियों व स्कूल रेडीनेस कार्यक्रम के नोडल शिक्षकों का वन्डर बाक्स पर आधारित दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम सोमवार को बीआरसी रामनगर के सभागार में आयोजित किया गया।

खण्ड शिक्षा अधिकारी एनपी सिंह ने माता सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया। बताया कि प्रशिक्षण के पहले चरण में कुल 25 आंगनबाड़ी कार्यकत्री व 25 नोडल शिक्षक सहित कुल 50 लोग प्रतिभाग कर रहे हैं। इसके बाद 19 मार्च से प्रारंभ होने वाले द्वितीय चरण में भी 50 प्रतिभागी शामिल होंगे। उन्होंने समस्त प्रतिभागियों को प्रोत्साहित करते हुए नई शिक्षा नीति 2020 के परिप्रेक्ष्य में बेसिक शिक्षा में बालवाटिका व आंगनबाड़ी की महत्वपूर्ण भूमिका पर चर्चा की। साथ ही आंगनबाड़ी केन्द्रों के लिए उपलब्ध कराये गए वन्डर बाक्स व विभिन्न सामग्रियों के समुचित उपयोग करते हुए बच्चों को गुणवत्तापरक व रुचिकर शिक्षा प्रदान करने पर बल दिया। कहा कि जब तक आंगनबाड़ी केन्द्रों पर बालवाटिका के लिए निर्धारित लक्ष्यों के अनुरूप बच्चों को तैयार नही किया जायेगा तब तक बेसिक शिक्षा के शैक्षणिक स्तर में अपेक्षाकृत सुधार सम्भव नही है।

कार्यक्रम में एआरपी रामभरोसा यादव व छोटा प्रसाद के साथ आंगनबाड़ी विभाग के दो सुपरवाइजरों द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है।

# जिलाधिकारी ने सीएम डैशबोर्ड के माध्यम से की विकास कार्यों की समीक्षा

नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो

चित्रकूट ब्यूरोः सीएम डैशबोर्ड के माध्यम से विकास कार्यों की समीक्षा बैठक सोमवार को जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन की अध्यक्षता में कलेक्टरेट सभागार में आयोजित की गई। जिसमें डीएम ने विकास कार्यों की समीक्षा करते हुए सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

बैठक में जिलाधिकारी ने निर्माण कार्यों सहित अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं की समीक्षा करते हुए कहा कि जिन विभागों की योजनाओं के बिंदुओं पर ए प्लस रेटिंग प्राप्त हुई है, वह ऐसी ही प्रगति बनाए रखें तथा जो विभाग की रेटिंग नीचे है, वह सम्बन्धित बिंदुओं पर फोकस करके प्रगति कराएं। कहा कि जिनक डाटा गलत है, उसमे सुधार कराए। सभी विभागों कि ए प्लस रेटिंग रहनी चाहिए तथा इसमें गिरावट नहीं आनी चाहिए। फार्मर रजिस्ट्रि के सम्बन्ध में डीएम ने उप कृषि निदेशक को निर्देशित किया कि इसमें कार्य योजना बनाकर फार्मर रजिस्ट्रि में प्रगति कराए। डीएम ने उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी विभाग अपने पोर्टल की जांच करते रहे।

इस मौके पर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ भूपेश द्विवेदी, डीसी एनआरएलएम ओम प्रकाश, परियोजना निदेशक सच्चिदानंद प्रसाद, डीसी मनरेगा धर्मजीत सिंह, जिला पंचायत राज अधिकारी इंद्र नारायण, उप निदेशक कृषि राजकुमार, जिला खादी ग्रामोद्योग अधिकारी राजेंद्र कुमार, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी राजदीप वर्मा, जिला विद्यालय निरीक्षक एस के मिश्रा, अधिशासी अभियंता विद्युत दीपक सिंह, जिला समाज कल्याण अधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह भदौरिया, जिला कार्यक्रम अधिकारी पीडी विश्वकर्मा, बेसिक शिक्षा अधिकारी बीके शर्मा सहित सम्बन्धित अधिकारी मौजूद रहे।

# फसल के बीच विशालकाय मगरमच्छ दिखने से किसान हुए भयभीत, वन विभाग की टीम ने किया रेस्क्यू

ललितपुर। ललितपुर के ग्राम पंचायत जीरोन के किसानों में उस वक्त हड़कंप मच गया जब खेतों में विशालकाय मगरमच्छ की सूचना मिली, ग्रामीणों ने वन विभाग को सूचना दी। बताया गया दस से ग्यारह फूट लम्बा मगरमच्छ खेतों में है।

ललितपुर के ग्राम पंचायत जीरोन के किसानों में उस वक्त हड़कंप मच गया जब खेतों में विशालकाय मगरमच्छ की सूचना मिली,



ग्रामीणों ने वन विभाग को सूचना दी। बताया गया दस से ग्यारह फूट लम्बा मगरमच्छ खेतों में है। मामले की सूचना पाकर मौके पर वन विभाग रेंजर भोला सिंह अपनी टीम सहित पहुंचे। रेस्क्यू ऑपरेशन कर मगरमच्छ को बंदरगुडा बेतवा नदी में छोड़ा गया, रेस्क्यू ऑपरेशन कर मगरमच्छ को पकड़ा गया तब जाकर किसानों ने राहत भरी सांस ली मौके पर।

# पौख नगरपालिका में बनने के तीन वर्ष बाद ही टूटने लगी जगह-जगह से सड़क, वाहन चालक परेशान

## ग्रामीणों ने पीडब्ल्यूडी विभाग से टूटी सड़क पर पेचवर्क कार्य करवाने की मांग

**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

झुंझुनूं गुढ़ागौड़जी। पौख नगरपालिका में गुड़ा बाईपास सड़क लगभग तीन वर्ष पहले बनाई गई थी। उक्त सड़क बाईपास पर जगह-जगह टूटकर गहरे गड्ढे बन गए। जिसमें वाहनों के चलने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है वहीं हादसे का खतरा भी रहता है। ब्रह्मदत्त मीणा ने बताया कि यह सड़क कांग्रेस सरकार में पूर्व राज्य मंत्री राजेंद्र सिंह गुढा द्वारा पौख से गुड़ा बाईपास के अंतिम छोर तक फोर लाईन सड़क बनाई गई थी।



सड़क ठेकेदार सड़क में जगह-जगह गड्ढे पड़ने के बाद भी सड़क का पेंचवर्क कार्य नहीं कर रहा है। सड़क की पांच साल तक सार संभाल की जिम्मेदारी सड़क ठेकेदार की होती है। नगर पालिका अध्यक्ष भी इस ओर ध्यान नहीं दे रहा है। सड़क में गहरे गड्ढे पड़ने से कई बाइक सवार रात्रि में गिर जाते हैं। पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिकारियों की अनदेखी के कारण कुछ नहीं हो रहा है। ग्रामीणों ने टूटी सड़क पर पेचवर्क कार्य कर सही करवाने की मांग की है। इस संबंध में पीडब्ल्यूडी उदयपुरवाटी के एईएन व जेईएन से फोन पर बातचीत के दौरान फोन नहीं रिसीव किया। इधर नगर पालिका अध्यक्ष कोमल शेरावत ने बताया कि यह नगर पालिका बाईपास की सड़क पीडब्ल्यूडी ठेकेदार की गारंटी पिरियड में है। टूटी सड़क को ठेकेदार ही सही करेगा।

# केबिनेट मंत्री मदन दिलावर ने किया खैरथल-तिजारा जिले का दौरा

**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

खैरथल-तिजारा, 17 मार्च। शिक्षा (विद्यालयी / संस्कृत) एवं पंचायती राज विभाग मंत्री मदन दिलावर ने सोमवार को खैरथल-तिजारा दौरे के दौरान तिजारा कि ग्राम पंचायत भिंडूसी तथा कोटकासिम की पंचायत भौंकर का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने व्यवस्थाओं का जायजा लेकर अधिकारियों को सभी आधारभूत सुविधा आमजन को प्रदान करने के निर्देश दिए।



शिक्षा मंत्री दिलावर ने निरीक्षण के दौरान ग्राम पंचायत में स्वच्छता पर जोर देते हुए कूड़ा-करकट, साफ-सफाई, नाली सफाई सहित अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लेकर आमजन से प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने कि अपील की। उन्होंने भिंडूसी गांव में गंदगी और अव्यवस्था को देखकर नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि सरकार सफाई व्यवस्था के लिए बजट देती है, अतः बजट का सदुपयोग किया जाना चाहिए। उन्होंने ग्रामीणों से बातचीत करते हुए कहा कि यदि गांव में सफाई नहीं होती या कोई अन्य समस्या आती है, तो वे सीधे उन्हें शिकायत कर सकते है। इसके लिए उन्होंने ग्रामीणों को अपना नंबर भी दिया और अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि सफाई व्यवस्था में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

निरीक्षण के दौरान मंत्री ने पंचायत अधिकारियों से कहा कि वे सफाई कर्मचारियों की जिम्मेदारी तय करें और नियमित सफाई कराएं। उन्होंने कहा कि यदि आगे भी इस तरह की लापरवाही सामने आई, तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने निरीक्षण के दौरान ग्रामीणों की समस्याएं भी सुनीं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि इन समस्याओं का जल्द से जल्द समाधान किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को बजट का सही इस्तेमाल करने तथा जनता को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

शिक्षा मंत्री दिलावर ने ग्रामीणों से भी अपील की कि वे सफाई को अपनी जिम्मेदारी समझें और गांव को स्वच्छ बनाए रखने में योगदान दें। उन्होंने कहा कि स्वच्छ गांव, स्वस्थ समाज की नींव रखता है और सरकार का लक्ष्य हर गांव को स्वच्छ और विकसित बनाना है।

इस दौरान अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी संजय यादव, सरपंच दिनेश खाम्बरा, ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत भिंडूसी एंव भौंकर के कर्मचारी मौजूद रहे।

# विभिन्न विभागों की साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित

खैरथल-तिजारा, 17 मार्च।* जिला कलेक्टर किशोर कुमार की अध्यक्षता में सोमवार को जिला कलेक्ट्रेट सभागार में विभिन्न विभागों की साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित हुई।

जिला कलक्टर किशोर कुमार ने 21 मार्च को तिजारा में आयोजित होने वाले रोजगार मेले की तैयारी हेतु अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मेले में अधिक से अधिक युवाओं को रोजगार का लाभ दिलाया जाए। उन्होंने कहा कि सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ बजट घोषणाओं सहित अन्य विकास कार्यों को तय समय में गुणवत्ता के साथ पूरा किया जाना सुनिश्चित करें। बजट घोषणाओं एवं विकास कार्यों की प्रगति एवं गुणवत्ता की नियमित मॉनिटरिंग कर रिपोर्ट अपडेट करें। उन्होंने बजट 2025-26 में की गई घोषणाओं को समयबद्ध धरातल पर उतारने के लिए संबंधित विभागों द्वारा की जा रही कार्यवाहियों की विभागवार समीक्षा करते हुए आवश्यक भूमि चिन्हिकरण व नियमानुसार आवंटन प्रक्रिया हेतु शीघ्र आवेदन भिजवाने को कहा। उन्होंने संपर्क पोर्टल पर लंबित चल रहे परिवादों का समय पर निस्तारण कर आमजन को राहत पहुंचाने एवं एवरेज डिस्पोजल टाइम में सुधार करने के निर्देश दिए।

जिला कलक्टर ने सीएमएचओ को निर्देशित किया कि मौसम में बदलाव को देखते हुए मौसमी बीमारियों के रोकथाम के लिए उपयुक्त उपाय सुनिश्चित करें, पर्याप्त दवा भंडार सुनिश्चित करते हुए अन्य तैयारियां पुख्ता रखें। उन्होंने बीमारियों की रोकथाम की निरन्तर मॉनिटरिंग करते हुए अस्पतालों में सुविधाऐं बढाने, मरीजों को सरकारी योजनाओं का लाभ देने एवं नियमित रूप से जनता क्लीनिकों एवं चिकित्सा संस्थानों के निरीक्षण के निर्देश दिए।

उन्होंने पीएचईडी को नियमित रूप से शुद्ध पेयजल आपूर्ति बनाये रखने, जेजेएम के तहत लक्ष्यानुरूप नल कनेक्शन पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने आगामी ग्रीष्म ऋतु को देखते हुए वाटर टैंकर सैंक्शन प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने समाज कल्याण विभाग को पालनहार व पेंशन सत्यापन शत प्रतिशत पूर्ण करने, विद्युत निगम को विभागीय योजनाओं के अनुसार पात्र लोगों को लाभान्वित करने के निर्देश दिए।

बैठक के दौरान अतिरिक्त जिला कलेक्टर शिवपाल जाट, अधिशासी अभियंता सार्वजनिक निर्माण विभाग आदेश कुमार, कोऑपरेटिव वेद प्रकाश सैनी, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी अरविंद गेट, अधीक्षण अभियंता बिजली विभाग, समाज कल्याण रमेश दहमीवाल, नगर परिषद कनिष्क अभियंता मोतीलाल वर्मा, इरिगेशन, महिला एवं बाल विकास, पुलिस, राजीविका, बिजली, कृषि, वन, शिक्षा, सहित अन्य विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

# रंगों में सराबोर हुई खाकी :जम के उड़ा गुलाल



**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

खैरथल-तिजाराः भिवाड़ी पुलिस ने मनाया होली का त्योहार धूमधाम से मनाया एसपी ज्येष्ठा मैत्रेयी समेत सभी पुलिसकर्मियों ने जम कर गुलाल उड़ाया थानों में बजा डीजे पर होली के गीतों पर अधिकारी,पुलिस कर्मी जम के झूमे बाबा मोहन राम के मेले की समाप्ति के बाद भिवाड़ी पुलिस ने सोमवार को होली का त्योहार मनाया। पुलिस लाइन में आयोजित कार्यक्रम में एसपी ज्येष्ठा मैत्रेयी के नेतृत्व में सभी पुलिसकर्मियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।महिला थाना अधिकारी, हेड कांस्टेबल और कॉन्स्टेबल सहित सभी पुलिसकर्मी रंग-बिरंगे गुलाल में सराबोर नजर आए। एएसपी अतुल साहू और सभी थानों के थानेदार भी इस उत्सव में शामिल हुए।

## राजस्थान रॉयल्स के तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर की तबियत बिगड़ी, ले जाया गया निजी अस्पताल

जयपुर। राजस्थान रॉयल्स के तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर की तबियत बिगड़ी गई। आर्चर को इलाज के लिए निजी अस्पताल ले जाया गया। राजस्थान रॉयल्स के तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर की तबियत अचानक बिगड़ गई, जिसके बाद उन्हें जयपुर के जवाहर सर्किल स्थित निजी हॉस्पिटल में ले जाया गया। हॉस्पिटल सूत्रों के मुताबिक, आर्चर को हाथ-पैर में दर्द और शरीर में कमजोरी महसूस हो रही थी, जिसके बाद उनका रूटीन ब्लड टेस्ट किया गया। टेस्ट रिपोर्ट में वायरल इन्फेक्शन की पुष्टि हुई है।

सूत्रों ने बताया कि सीनियर जनरल फिजिशियन ने आर्चर को दवाइयां दीं और अस्पताल में रुकने की आवश्यकता नहीं बताई। डॉक्टरों ने उन्हें होटल में आराम करने की सलाह दी है। राजस्थान रॉयल्स की टीम इस समय आईपीएल की तैयारियों के लिए जयपुर में है और खिलाड़ी होटल में ठहरे हुए हैं।

विज्ञापन

# दिनदहाड़े पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी पर चाकू से हमला, आरोपी गिरफ्तार

**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

उदयपुर । राजस्थान के उदयपुर जिले में दिनदहाड़े पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी पर चाकू से हमला किया गया है। फिलहाल, पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

उदयपुर के बड़गांव थाना क्षेत्र में सोमवार दोपहर एक बदमाश ने अपने पड़ोसी पर चाकू से हमला कर दिया। इस घटना में पीड़ित को गंभीर चोटें आईं, जिसे इलाज के लिए एमबी अस्पताल ले जाया गया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू की और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया।

कंचन कुटिया निवासी पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी ओमशंकर श्रीमाली अपने घर के बाहर खड़े थे। तभी उनका पड़ोसी ऋतिक श्रीमाली अचानक पीछे से आया और उन पर चाकू से वार कर दिया। हमले के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। चाकू लगने से घायल ओमशंकर श्रीमाली को तुरंत एमबी अस्पताल ले जाया गया, जहां उनका इलाज जारी है।

पुलिस कार्रवाई और आरोपी की पहचान- बड़गांव थाना पुलिस ने घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंचकर साक्ष्य जुटाए। पास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने के बाद



आरोपी की पहचान की गई। इसके बाद पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए ऋतिक श्रीमाली को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया।

आरोपी मानसिक रूप से कमजोर-पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी मानसिक रूप से अस्थिर है और इससे पहले भी वह हिंसक घटनाओं में शामिल रह चुका है। जानकारी के अनुसार, कुछ समय पहले उसने राजसमंद के पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष मानसिंह बारहठ के पुत्र पर भी चाकू से हमला किया था।

इलाके में दहशत, पुलिस की अपील- दिनदहाड़े हुई इस वारदात के बाद स्थानीय लोगों में दहशत फैल गई है। पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि यदि किसी व्यक्ति के व्यवहार में असामान्य गतिविधि दिखे तो तुरंत प्रशासन को सूचित करें, ताकि इस तरह की घटनाओं को

# झुंझुनूं में बेटे की चाह, लेकिन पैदा हुई बेटी...मां ने टंकी में डुबाकर मार डाला



झुंझुनूं। एक दिल दहलाने वाली वारदात सामने आई है। मां को बेटा चाहिए था, लेकिन डिलीवरी के बाद जब दूसरी बार बेटी पैदा हुई तो मां इसे बर्दाश्त नहीं कर सकी। आखिरकार 17वें दिन घर में बने पानी के टैंक में नवजात बच्ची की डुबाकर हत्या कर दी।

झुंझुनूं में एक दिल दहलाने वाली वारदात सामने आई है। मां को बेटा चाहिए था, लेकिन डिलीवरी के बाद जब दूसरी बार बेटी पैदा हुई तो मां इसे बर्दाश्त नहीं कर सकी। आखिरकार 17वें दिन घर में बने पानी के टैंक में नवजात बच्ची की डुबाकर हत्या कर दी। इसके बाद बच्ची के लापता होने का ढोंग किया। घटना झुंझुनूं के वार्ड 53 नयाबास में रविवार की सुबह हुई। परिजनों को हालात संदिग्ध लगे तो उन्होंने मां से कड़ाई से पूछताछ की, जिसके बाद मां ने बताया कि उसे बेटे की चाह पूरी नहीं हुई।

डीएसपी वीरेंद्र कुमार ने बताया कि पति पंकज सैनी की रिपोर्ट पर पत्नी निशा उर्फ आचकी देवी के खिलाफ बेटी की हत्या करने का मामला दर्ज किया है। आरोपी मां को गिरफ्तार कर लिया गया है।आपको बता दें कि झुंझुनूं शहर के वार्ड नंबर 53 नयाबास में प्रताप सैनी का परिवार रहता है। प्रताप सैनी के छोटे बेटे पंकज सैनी की पत्नी आचकी सैनी ने 28 फरवरी को अपनी दूसरी बेटी को जन्म दिया था, जिसके बाद वह अस्पताल में भर्ती रही।

**घर के लोग खेत की कटाई करने गए थे**

तीन मार्च को ही उसे अस्पताल से छुट्टी मिली तो उसकी दूसरी बेटी सोनिया का घर पहुंचने पर पारंपारिक रीतियों के मुताबिक परिवार की महिलाओं ने स्वागत भी किया। सब कुछ ठीक चल रहा था। लेकिन रविवार सुबह जब परिवार के सभी सदस्य खेत में फसल कटाई के लिए घर से निकले।उसके करीब एक घंटे बाद आचकी ने रोते-बिलखते हुए फोन किया कि उसकी 17 दिन की बेटी सोनिया गायब हो गई।

यह भी पढ़ेंः अवैध संबंधों के चलते विवाहिता की हत्या, चचेरी बहन और उसका प्रेमी गिरफ्तार

**पानी की टंकी में तैरता मिला नवजात का शव**

परिवार के लोग फसल कटाई छोड़कर घर पहुंचे। पूरे मोहल्ले के लोगों ने करीब एक घंटे तक घर में और घर के बाहर मासूम को तलाश किया। लेकिन कहीं पर भी कोई जानकारी नहीं मिली तो पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने आकर भी इधर-उधर तलाश किया। बाद में घर में बनी पानी की होद का ढक्कन खोलकर देखा तो उसमें 17 दिन की मासूम सोनिया का शव उतराता हुआ मिला, जिसे निकाला गया और बीडीके अस्पताल में पोस्टमॉर्टम के बाद परिजनों को दिया गया।

गणगौर ■ घर-घर गूंज रहे गणगौर के गीत, होली से 16 दिन तक होगी

# होली से 16 दिन तक होगी सामूहिक पूजा

**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

खैरथल :होली के बाद गणगौर की धूम है। विवाहिताएं पति की लंबी उम्र व कुंवारी लड़कियां अच्छे वर की कामना में गणगौर का व्रत रखती हैं।

खैरथल -तिजारा जिले में होली के बाद सुहाग का प्रतीक माने जाने वाली गणगौर की धूम है। राजशाही से पहले से चला आ रहा गणगौर ना सिर्फ विवाहिताएं, बल्कि कुंवारी कन्याएं भी हर्षोल्लाह से मनाती हैं। मान्यता है कि विवाहिताएं पति की लंबी उम्र के लिए गणगौर का व्रत और विशेष पूजा करती हैं तो कुंवारी लड़कियां अच्छे वर की कामना में व्रत रखती हैं।ब्राह्मण महिला मंडल अध्यक्षा मीना शर्मा ने बताया कि होलिका दहन के अगले दिन से कुंवारी कन्याएं व विवाहिताएं गणगौर पूजने लगती है। कन्याएं और नवविवाहित महिलाएं सुबह फूल चुनने के बाद घर का पवित्र जल कलश में भरकर ईसर-गणगौर पूजती हैं। सुबह महिलाएं बगीचे में जाती है और दूब लाती हैं। गोर ये गणगौर माता खोल किवाड़ी, बाहर ऊबी थारी पूजन वाली, गोर-गोर गोमती जोड़ा



पूजा पार्वती का आला गीला लगी, महाक कुकू का टीका, टीका दिया ठुमका दिया बाला रानी व्रत कयो व बाड़ी वाला बाड़ी खोल, म्हैं आया थारी दोब ने।।।आदि गीत गाती हैं। महिलाएं तय जगह जुटती हैं और कनिष्ठा से जोड़ा बनाकर गणगौर पूजा करती है।

खैरथल पुष्करणा समाज के नारायण छागाणी ने बताया

गणगौर एक महत्वपूर्ण त्योहार है, जो पुष्करणा समाज सहित कई अन्य समाजों में मनाया जाता है। यह त्योहार विशेष रूप से महिलाओं के लिए महत्वपूर्ण है, जो अपने पतियों की लंबी उम्र और सुखी जीवन के लिए पूजा-अर्चना करती हैं।

*पारंपरिक पूजाः पुष्करणा समाज में गणगौर की पूजा बहुत ही पारंपरिक तरीके से की जाती है। महिलाएं अपने घरों में गणगौर की मूर्ति स्थापित करती हैं और उन्हें विशेष पूजा-अर्चना करती हैं।

2। सुहागिन महिलाओं का त्योहारः गणगौर पुष्करणा समाज में सुहागिन महिलाओं के लिए एक महत्वपूर्ण त्योहार है। महिलाएं अपने पतियों की लंबी उम्र और सुखी जीवन के लिए पूजा-अर्चना करती हैं।

3। सामाजिक एकताः गणगौर का त्योहार पुष्करणा समाज में सामाजिक एकता को बढ़ावा देता है। महिलाएं अपने परिवार और समाज के साथ मिलकर गणगौर की पूजा करती हैं और त्योहार का आनंद लेती हैं।

4। सांस्कृतिक महत्वः गणगौर का त्योहार पुष्करणा समाज में सांस्कृतिक महत्व का प्रतीक है। यह त्योहार समाज की पारंपरिक और सांस्कृतिक विरासत को दशार्ता है।

यह त्योहार समाज की सांस्कृतिक और पारंपरिक विरासत का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है।

निरमला शर्मा बताया 16 दिन तक माता गणगौर की पूजा होती है। होलिका दहन की राख से कई महिलाएं पिंड बनाकर पूजा करती हैं, फिर सात दिन के बाद बासेड़ा यानी शीतला अष्टमी को लकड़ी अथवा मिट्टी के बने ईसर और गौरा यानी कि शिव और पार्वती को गणगौर के रूप में घर लाया जाता है। नई-नवेली दुल्हनों के घर में यह त्योहार खासा उत्साह से मनाया जाता है। मां और सास सिंजारा करती हैं। बहू-बेटियों का सत्कार किया जाता है। उनके हाथों में मेहंदी रचाई जाती है। परंपरा है कि बहू बेटी का पहला गणगौर मायके में होता है। हालांकि, सुविधा के अभाव में यह ससुराल में भी किया जा सकता है

# पुलिस-गौतस्करों के बीच मुठभेड़ में दो घायल

## एक अन्य गौकश भी गिरफ्तार, एसओजी शामली व पुलिस ने किया 24 घंटे में खुलासा





**एनपीटी संवाददाता**

**चौसाना।** लाव्वादाउदपुर में बीतें शनिवार की सुबह को गन्ने के खेत से बरामद गोवंश अवशेष के मामले में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है।पुलिस ने मुठभेड़ के बाद तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। मुठभेड़ में दो तस्करों के पैर में गोली लगी है। घायल बदमाशों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मुठभेड की सूचना पर सीओ कैराना फोर्स के साथ मौके पर पहुंचें।

बीते शनिवार की सुबह को संदीप नामक एक किसान के खेत में 7 से 8 गोवंशों के अवशेष मिलने से हड़कंप मच गया था। पुलिस ने मामले में मुकदमा दर्ज करते हुए जांच पड़ताल शुरू कर दी थी। घटना के खुलासे को चार टीम में लगी हुई थी ।पुलिस ने 24 घंटे में घटना को वर्कआउट करते हुए आरोपियों की धर पकड़ को तेज किया ।पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि गो तस्कर नाईनंगला तिराहे पर घटना को अंजाम देने की फिराक में है। सूचना मिलते ही पुलिस एवं एसओजी के टीमों ने आरोपियों को पकड़ने के लिए घेराबंदी शुरू कर दी। पुलिस को देखकर आरोपियों ने पुलिस पर फायर कर दिया ।पुलिस ने जवाबी कार्रवाई करते हुए इकबाल पुत्र रसीद निवासी बसी चुंधियारी जावेद पुत्र इस्लाम निवासी मुंडेट पैर में गोली लगने ससे घायल हो गये। जबकि रहीस पुत्र मुमताज निवासी बसी चुधियारी को पकड़ लिया गया । पकड़े गए आरोपियों के कब्जे से पुलिस को बाइक, मोबाइल फोन एवं गोवंश काटने के उपकरण व दो तमंचे व कारतूस बरामद हुए है।

### 12-13 मार्च की रात्रि मे काटे गये थे गोवंश

चौसाना। मुठभेड के बाद पकडे गये तस्करो ने पुलिस को बताया कि लम्बे समय से खेतों मे घूमने वाली गायो को पकडकर काटते थे और उसके बाद फुटकर मे बेचते थे। जिन गोवंश के अवशेष संदीप के खेत से मिले है उन्हे 12-13 मार्च की रात्रि मे काटा गया था। 15 मार्च को अवशेष ग्रामीणों को मिले।

### घबराये तस्कर, बोले अब नही करेगें गोवंश की हत्या

चौसाना। मुठभेड मे गोली लगने के बाद गोवंश तस्कर घबरा गये और पकडे जाने पर बोले की अब कभी तस्करी नही करेगे। गाय हमारी माता है।

**इन्होंने कहा...**

गोवंश बरामद की मामले में मुठभेड़ के बाद आरोपियों को पकड़ लिया गया है। दो आरोपियों के पैर में गोली लगी है, जांच जारी है।

**-श्यामवीर सिंह, सीओ कैराना**

# दुष्कर्म पीड़ित छात्रा के कोर्ट में दर्ज हुए ब्यान

कैराना। सात दिन पूर्व दुष्कर्म का शिकार हुई 10वीं कक्षा की छात्रा के मजिस्ट्रेट के सामने ब्यान दर्ज कराए गए। वहीं, पुलिस आरोपी को पूर्व में गिरफ्तार करके जेल भेज चुकी है। विगत 11 मार्च को कोतवाली क्षेत्र के गांव निवासी कक्षा दस की छात्रा कस्बे के एक इण्टर कॉलिज में परीक्षा देने के बाद अपने घर वापिस लौट रही थी। इसी दौरान एक युवक छात्रा को उसके घर छोड़ने का झांसा देकर अपने साथ बाइक पर बैठा ले गया था। आरोप है कि युवक ने रास्ते में छात्रा को नशीला पदार्थ सुंघा दिया, जिससे वह बेहोश हो गई। बाद में आरोपी ने छात्रा को जंगल में ले जाकर उसके साथ में दुष्कर्म किया। आरोपी ने अपने साथियों को भी मौके पर बुला लिया था। आस-पास के किसानों के मौके पर आ जाने पर आरोपी पीड़ित छात्रा को बेहोशी की हालत में छोड़कर फरार हो गए थे। बाद में पीड़ित छात्रा के पिता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी अंकित निवासी ग्राम मलकपुर के खिलाफ दुष्कर्म व पॉक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया था। पुलिस ने मुकदमें में नामजद आरोपी को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया था। हालत ठीक न होने के कारण पुलिस पीड़ित छात्रा के कोर्ट में ब्यान दर्ज नही करा पाई थी। सोमवार को पुलिस ने पीड़ित छात्रा के कोर्ट में ब्यान दर्ज कराए।

# नहर में पडा मिला अज्ञात महिला का शव

## शिनाख्त न होने पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मोर्चरी भिजवाया

**एनपीटी संवाददाता**

**शामली।** जिला संयुक्त चिकित्सालय के निकट स्थित पूर्वी यमुना नहर में अज्ञात महिला का शव मिलने से सनसनी फैल गयी। लोगों की सूचना पर आदर्श मंडी पुलिस मौके पर पहुंची तथा शव को नहर से बाहर निकलवाया। काफी प्रयासों के बावजूद भी शिनाख्त न होने पर महिला के शव को पुलिस ने कब्जे में लेकर मोर्चरी भिजवा दिया। सूचना पर फोरेंसिक टीम ने भी मौके पर पहुंचकर जांच पडताल की।





जानकारी के अनुसार सोमवार की सुबह जिला संयुक्त चिकित्सालय के निकट स्थित पूर्वी यमुना नहर में एक महिला का शव देखकर लोगों में सनसनी फैल गयी। सूचना मिलते ही बडी संख्या में लोग मौके पर एकत्र हो गए तथा मामले की सूचना आदर्श मंडी पुलिस को दी जिस पर पुलिस मौके पर पहुंची तथा शव को नहर से बाहर निकलवाया। मृतका की आयु करीब 50 साल बतायी जा रही है, शरीर पर कोई चोट के निशान भी नहीं है। शव करीब तीन चार दिन पुराना लग रहा है। पुलिस ने शव की शिनाख्त के प्रयास किए लेकिन कोई सफलता नहीं मिल सकी। पुलिस की सूचना पर फोरेंसिक टीम भी मौके पर पहुंची तथा जांच पडताल शुरू कर दी। आदर्श मंडी पुलिस ने बताया कि काफी प्रयासों के बाद भी मृतका की शिनाख्त न होने पर शव को कब्जे में लेकर मोर्चरी भिजवा दिया गया है, आसपास के थानों को भी मृतका के फोटो भेजकर शिनाख्त के प्रयास किए जा रहे हैं।

## संक्षेप समाचार :

### फूलन देवी पर अशोभनीय टिप्पणी से निषाद पार्टी में आक्रोश




शामली। निषाद पार्टी के पदाधिकारियों ने सोमवार को कलेक्ट्रेट में प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि जालौन निवासीएक व्यक्ति द्वारा पूर्व सांसद फूलन देवी के खिलाफ सोशल मीडिया पर अशोभनीय टिप्पणी से मछुआ समाज खासतौर पर महिलाओं में आक्रोश है। उन्होंने उक्त व्यक्ति के खिलाफ कठोर कार्रवाई करने की मांग की। इसके अलावा कार्यकताओं ने कहा कि निषाद, केवट, मल्लाह, कश्यप, कहार, धीमर, बिन्द, बाथम, तुरहा, मांझी, मछुआ जातियों को पिछडी जाति की सूची से निकाल दिया गया है लेकिन इसके बावजूद भी जनपद एवं तहसील स्तर पर उक्त जातियों को पिछडी जात का प्रमाण पत्र जारी हो रहा है जो नियम विरुद्ध है। उन्होंने उक्त जातियों, उपजातियों को मझवार एवं तुरैहा को पिछडे वर्ग के स्थान पर अनुसूचित जाति का प्रमाण पत्र जारी करने की भी मांग की।

### एसएन इण्टर कॉलेज का छात्र बना सेंट्रल एक्साइज ऑफिसर



कैराना। सीएससी परीक्षा उत्तीर्ण कर कैराना के लाल ने 392 रैंक प्राप्त कर बड़ी उपलब्धि हासिल करते हुए एक्साइज ऑफिसर बनकर जनपद का नाम रोशन किया है ।उनकी इस उपलब्धि पर एसएन इण्टर कॉलेज में उनका भव्य स्वागत किया गया।

सोमवार को कस्बे मोहल्ला बेगमपुरा निवासी मोहम्मद सुहैल पुत्र शफीक ने सीएससी एग्जाम उत्तीर्ण कर 392 रैंक प्राप्त करते हुए बड़ी उपलब्धि हासिल करते हुए सेंट्रल एक्साइज ऑफिसर बनकर जनपद का नाम रोशन किया है ।सुहैल ने हाई स्कूल व इण्टर मीडिएट की परीक्षा कस्बे के एसएन इण्टर कॉलेज से उत्तीर्ण की। स्नातक करने के बाद सुहैल अपनी कंपीटिशन की तैयारी में जुटा रहा ।कड़ी मेहनत व परिश्रम के बाद सुहैल ने सीएससी परीक्षा उत्तीर्ण करते हुए 392 रैंक प्राप्त की ।जिसके बाद उन्हें एक्साइज ऑफिसर के पद पर तैनाती मिली है ।सुहैल की इस उपलब्धि के बाद जनपद व क्षेत्र में खुशी की लहर है और मुबारकबाद देने वालों का उसके घर तांता लगा हुआ है। एक्साइज ऑफिसर बने सुहैल ने इसका श्रेय अपने माता-पिता के साथ अध्यापकों को दिया है। एक्साइज ऑफिसर बनने के बाद कैराना पहुंचने पर एसएन इण्टर कॉलेज में सुहैल का भव्य स्वागत किया। इस दौरान विद्यालय के संस्थापक लियाकत अली, प्रबंधक रफाकत अली, प्रधानाचार्य रवि कुमार मित्तल सहित कॉलेज के समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

# तापमान में बढोत्तरी: बीमारियों की चपेट में आ रहे लोग

## जिला चिकित्सालय में मरीजों की लंबी लाइन, चिकित्सक दे रहे एहतियात बरतने की सलाह

**एनपीटी संवाददाता**

**शामली।** मार्च माह के शुरू होने के बाद से ही तापमान में भी बढ़ोत्तरी होने लगी है। दिन में तेज धूप निकलने से लोगों को गर्मी का अहसास हो रहा है। मौसम में परिवर्तन से लोगों में बीमारियां भी फैल रही है। सोमवार को जिला संयुक्त चिकित्सालय में बीमार लोगों की काफी भीड रही, लोगों में ज्यादातर बदन दर्द व पेट दर्द की समस्या देखने को मिल रही है। मार्च का महीना शुरू होते ही मौसम में भी परिवर्तन होने लगा है। दिन में गर्माहट होने व तेज धूप लोगों के पसीने निकाल रही है। अब सुबह व शाम के समय भी ठंड का कोई असर नहीं होता जिस कारण लोगों ने अपने गर्म कपड़े भी पैक करके रख दिए हैं। दोपहर के समय गर्मी के चलते कई जगह लोगों ने पंखे चलाने भी शुरू कर दिए हैं। लोगों का कहना है कि आने वाले दिनों में गर्मी के और ज्यादा बढने की आशंका है। पहले मार्च माह में ठंडक का अहसास होता था लेकिन इस बार तो मार्च माह में गर्मी सता रही है, दोपहर के समय धूप में निकलने से शरीर पसीनों से तरबतर हो जाता है। वहीं, मौसम में परिवर्तन होने से लोगों में बीमारियों भी बढने लगी है। लोगों में नजला, जुकाम, बदन दर्द, खांसी, बुखार व पेट दर्द की शिकायतें देखने को मिल रही है। मरीज चिकित्सकों के पास पहुंचकर उपचार करा रहे हैं। सोमवार को जिला संयुक्त चिकित्सालय में मरीजों की अच्छी खासी भीड रही। चिकित्सकों ने भी मरीजों को इस मौसम में एहतियात बरतने की सलाह दी है। उन्होंने बताया कि मौसम के बदलाव के साथ सेहत का ध्यान रखने की जरूरत है। खान-पान का ध्यान रखें। इसके साथ ही व्यायाम भी करते रहे। अधिक दिक्कत होने पर चिकित्सक से संपर्क जरूर कर लें।



# आरके पीजी में कैंपस प्लेसमेंट में 4 छात्रों का चयन

**एनपीटी संवाददाता**

**शामली।** सोमवार को आरके पीजी कालेज में कैंपस प्लेसमेंट का आयोजन किया गया। इस मौके पर कालेज की ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट सैल द्वारा एनबुशर ऐनबेव अंतर्राष्ट्रीय कंपनी में इंटरशिप ट्रेनी पद के लिए साक्षात्कार का आयोजन किया गया। कंपनी की ओर से आए सीनियर मैनेजर मानव अरोडा, रिसर्च एवं डेवलपमेंट आफिसर आरेश कुमार व सौरभ कुमार ने कृषि स्नातक एवं स्नातकोत्तर छात्रों को कंपनी की व्यवसायिक संगठन तथा भविष्य की योजना के बारे में जानकारी दी। प्लेसमेंट अधिकारी डा. एमआरसैनी ने बताया कि एबी एनेबेव कंपनी ने कृषि संकाय से स्नातक एवं स्नातकोत्तर अंतिम वर्ष के चार छात्रों का चयन किया है। चयनित छात्रों को कालेज के प्राचार्य डा. सतेन्द्र पाल ने बधाई दी। इस मौके पर विशाल, सुमित, नितिन, तरूण, करण, विजय मौजूद रहे।

# एक महिला ने छेड़छाड़ तो दूसरी ने दुष्कर्म करने का लगाया आरोप

**एनपीटी संवाददाता**

**कांधला।** थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने पड़ोस के ही एक युवक पर घर में घुसकर छेड़छाड़ करने का आरोप लगाया है। पीड़िता का आरोप है कि आरोपी ने पीड़िता के पुत्र के साथ भी मारपीट की है। पीड़ित ने थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने थाने पर तहरीर देते हुए बताया कि पड़ोस का ही एक युवक पीड़िता पर बुरी नजर रखता है। दो दिन पूर्व पीड़िता घर पर अकेली थी। आरोप है कि इसी बीच मौका पाकर आरोपी युवक पीड़िता के घर में घुस गया और पीड़िता के साथ छेड़छाड़ करने लगा। पीड़िता ने विरोध किया तो आरोप है कि आरोपी युवक ने पीड़िता के साथ मारपीट कर दी। शोर शराबा सुनकर पीड़िता का पुत्र भी मौके पर आ गया। आरोपी युवक ने पीड़िता के पुत्र के साथ भी मारपीट कर दी। पीड़ित ने थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। वहीं दूसरी ओर क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने थाने पर तहरीर देते हुए बताया कि पीड़िता अपने घर पर सो रही थी। आरोप है कि इसी बीच पड़ोस का ही युवक पीड़िता के घर में घुस गया और पीड़िता को दबोच लिया। आरोप है कि आरोपी युवक ने पीड़िता के मुंह में कपड़ा ठूंस कर पीड़िता के साथ जबरदस्ती दुष्कर्म किया। पीड़िता ने शोर मचाया तो पीड़िता का ससुर मौके पर आ गया। आरोप है कि आरोपी युवक पीड़िता और पीड़िता के ससुर को जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गया। पीड़िता ने थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। थाना प्रभारी निरीक्षक क्षितिज कुमार सिंह का कहना है कि दो अलग-अलग मामलों की तहरीर मिली है। जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# राजस्थान से मिला शामली से लापता हुआ छात्र

शामली। आदर्श मंडी थानाक्षेत्र के मोहल्ला वेद विहार निवासी सुनील कुमार ने रविवार देर रात शहर कोतवाली पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसका पुत्र लवंश रविवार की दोपहर करीब पौने 12 बजे घर से कोचिंग के लिए शहर के भिक्की मोड़ के निकट सेंटर पर साईकिल से गया था। इसके बाद वह घर नहीं पहुंचा। सीसीटीवी कैमरों की जांच की तो वह कोचिंग सेंटर से वह करीब डेढ़ बजे निकला। इसके बाद वह धीमानपुरा रेलवे फाटक पर दिखाई दिया। तलाश करने पर उसकी साईकिल रेलवे स्टेशन के बाहर खड़ी मिली। पुलिस ने तहरीर के आधार पर छात्र की रिपोर्ट दर्ज कर ली थी। परिजनों ने पुलिस को बताया कि सोमवार को स्कूल में उसकी किसी विषय की परीक्षा भी थी।

# अवैध रेत खनन पर प्रशासन मौन, ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री से लगाई न्याय की गुहार




**एनपीटी संवाददाता**

**चौसाना।** सामली जिले के कई गांवों में अवैध रेत खनन और परिवहन धड़ल्ले से जारी है, लेकिन प्रशासन पूरी तरह मूकदर्शक बना हुआ है। ग्रामीणों का आरोप है कि खनन माफिया खुलेआम कानून की धज्जियां उड़ा रहे हैं, और पुलिस-प्रशासन की मिलीभगत के कारण उनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हो रही। इस निष्क्रियता से नाराज ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को शिकायत पत्र भेजकर सख्त कार्रवाई की मांग की है। ग्राम मंसूरा, मैनपुरा, छतेला और शीतल गढ़ी सहित कई अन्य गांवों के ग्रामीणों ने अवैध रेत खनन और उसके अवैध भंडारण को लेकर आवाज उठाई है। उनका कहना है कि खनन माफिया बेखौफ होकर 3 लाख घन मीटर से अधिक रेत का अवैध स्टॉक कर चुके हैं। ग्रामीणों के अनुसार, बिडौली खनन पट्टे की आड़ में रात के अंधेरे में शीतल गढ़ी क्षेत्र में अवैध खनन किया जा रहा है। एक स्थानीय किसान ने कई बार प्रशासन से शिकायत की कि उसकी जमीन से जबरदस्ती रेत उठाई जा रही है, लेकिन अधिकारियों ने उसकी एक न सुनी ग्रामीणों का आरोप है कि खनन माफिया भारी वाहनों से बिना किसी रोक-टोक के रेत का परिवहन कर रहे हैं, जिससे यातायात प्रभावित हो रहा है और दुर्घटनाओं की संख्या बढ़ती जा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि खनन विभाग और स्थानीय पुलिस को कई बार शिकायत दी गई, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। इसके बजाय, अधिकारी कार्रवाई करने के बजाय मामलों को टालते नजर आए। स्थानीय लोगों का आरोप है कि प्रशासन और पुलिस की मिलीभगत से यह अवैध खनन हो रहा है। शीतल गढ़ी के किसान ने बताया कि रात के समय जबरन उसकी जमीन से रेत उठाई जा रही है। उसने कई बार पुलिस और प्रशासन से मदद मांगी, लेकिन कहीं से भी राहत नहीं मिली। एक अन्य ग्रामीण ने कहा, हम जब भी शिकायत करते हैं, तो हमें ही धमकाया जाता है।

# मुकदमा वापस नहीं लेने पर अंजाम भुगतने की चेतावनी

कांधला। क्षेत्र के गांव सुन्ना निवासी अलीहसन व नबाब पुत्रगण गभरू ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ - साथ प्रदेश के उच्चाधिकारियों को शिकायती पत्र भेजते हुए बताया कि उनकी नाबालिग पुत्री को ही गांव निवासी अमन अपने साथ बहला फुसलाकर लगभग एक माह पूर्व ले गया था। इस दौरान घर में रखे सोने चांदी के जेवरों के साथ - साथ घर में रखी नगदी भी अपने साथ ले गई थी। मामले में पीडितों ने गांव निवासी अमन के साथ - साथ छोटन, जासमीन, जमीर हसन के साथ रोजदिन के खिलाफ थाने में अभियोग पंजीकृत कराया था। जिसके लगभग एक सप्ताह बाद आरोपी किशोरी को छोडकर फरार हो गए थे। इस दौरान आरोपियों ने किशोरी के साथ गलत कार्य किए थे। किशोरी के बरामद होने के बाद पुलिस ने उसके बयान कोर्ट में दर्ज कराएं थें। जिसके बाद आरोपी जेल चले गए थे, और पीडित गांव से दूर एक भट्टे पर मजदूरी के कार्य पर चले गए थे। अब आरोपी युवक बार बार भट्टे पर जाकर पीडितों के द्वारा दर्ज अभियोग को वापस ना लिए जाने पर गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दे रहे है। अगर पीडित उनका विरोध करते है तो वह पीडितों के साथ अभद्रता ओर गाली गलौच करते है। जिस कारण पीडित मानसिक व आर्थिक रूप से परेशान है। पीडितों ने कार्रवाई कर पीडित परिवार की सुरक्षा की गुहार लगाई है।

# दूसरे दिन भी मां की पूजा अर्चना करने को उमडी भीड

## बडी माता मंदिर में श्रद्धालुओं ने पूजा कर की बच्चों के स्वास्थ्य की कामना, मेले में खरीददारी

**एनपीटी संवाददाता**

**शामली।** सोमवार को भी बडी माता मंदिर में श्रद्धालुओं ने मां की पूजा अर्चना कर सुख समृद्धि एवं बच्चों के अच्छे स्वास्थ्य की कामना की। मंदिर में अच्छी खासी भीड उमडी। वहीं बच्चों ने मंदिर के बाहर मेले में भी खरीददारी की।

जानकारी के अनुसार होली के बाद बडी माता की पूजा अर्चना करने की मान्यता है। रविवार को भी माता की पूजा अर्चना करने के लिए श्रद्धालुओं की भीड रही, वहीं सोमवार को भी बडी संख्या में श्रद्धालुओं ने मंदिर पहुंचकर मां से परिवार की सुख समृद्धि व बच्चों के अच्छे स्वास्थ्य की कामना की। सुबह से ही मंदिर में श्रद्धालुओं के आने का सिलसिला शुरू हो गया था जो दोपहर तक जारी रहा। मंदिर के बाहर लगे मेले में बच्चों ने जमकर खरीददारी की वहीं चाट पकौडियों का भी आनंद लिया। मान्यता है कि बडी माता की पूजा अर्चना करने से कष्टों का निवारण हो जाता है। सच्चे मन से पूजा करने से सभी मनोकामना पूर्ण होती है। इस मौके पर मंदिर के पंडित अशोक शर्मा, धर्नेन्द्र संगल, देवानंद गौड, पं. गोलू शर्मा, मोहित सहित अन्य पदाधिकारी भी मौजूद रहे।



# बजाज शुगर मिल पर पुराना ब्याज व गन्ना भुगतान न करने का आरोप

**भारतीय किसान संघ के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन, भुगतान की मांग**

**एनपीटी संवाददाता**

**शामली।** भारतीय किसान संघ ने थानाभवन की बजाज शुगर मिल पर पुराना ब्याज न देने व गन्ना भुगतान जल्द से जल्द कराए जाने की मांग की है। इस मौके पर संघ के दर्जनों कार्यकताओं ने मुख्यमंत्री को संबोधित एक ज्ञापन डीएम को सौंपकर समाधान की मांग की।

जानकारी के अनुसार सोमवार को भारतीय किसान संघ के दर्जनों पदाधिकारियों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर थानाभवन की बजाज शुगर मिल पर पुराना ब्याज न देने व गन्ना भुगतान कराए जाने की मांग की। इस मौके पर मुख्यमंत्री को संबोधित एक ज्ञापन डीएम को सौंपा गया। जिलाध्यक्ष ओमकार उर्फ बबलू राणा ने कहा कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश गन्ना व गेहूं बाहुल्य क्षेत्र है, यहां के किसान इन्हीं दोनों फसलों पर निर्भर है, अगर इनका समय से और सही मूल्य किसानों को मिलता रहे तो किसान खुश रहेगा। उन्होंने आरोप लगाया कि थानाभवन की बजाज शुगर मिल किसानों का पुराना ब्याज नहीं दे रही है वही नए सत्र का गन्ना भुगतान भी नहीं किया गया है जिस कारण किसानों को भारी परेशानियों का सामना करना पड रहा है। उन्होंने पुराना ब्याज व गन्ना भुगतान जल्द से जल्द कराने, आवारा पशुओं से किसानों की फसलों की सुरक्षा करने, किसानों का 14वें दिन गन्ना भुगतान कराए जाने, किसानों को दी जाने वाली किसान सम्मान निधि को बढाने व गन्ना मूल्य में बढोत्तरी की मांग की। इस मौके पर रामपाल सिंह, शुभम चौहान, प्रदीप मुखिया, दुष्यंत पुंडीर, विनीत कुमार शर्मा, योगेन्द्र, संजीव पंवार, राजन, विनोद कुमार, प्रदीप शर्मा, बबीता चौधरी, देशराज शर्मा, सत्यप्रकाश शर्मा, वासुदेव आदि भी मौजूद रहे।




# गौकशी मामले में एक और अभियुक्त गिरफ्तार

**चौसाना।** चौसाना पुलिस ने गौकशी की घटना में शामिल एक और अभियुक्त को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। गिरफ्तार अभियुक्त का नाम समीर पुत्र शहजाद है, जो मौहल्ला लाही बक्स थाना व कस्बा गंगोह जनपद सहारनपुर का निवासी है। पुलिस ने अभियुक्त के कब्जे से एक अवैध चाकू भी बरामद किया है । पुलिस अधीक्षक शामली श्री राम सेवक गौतम के आदेशानुसार चलाए जा रहे प्रतिबंधित पशुओं की तस्करी एवं गौकशी की घटनाओं के रोकथाम हेतु अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी कैराना के कुशल पर्यवेक्षण में थाना झिंझाना पुलिस ने यह कार्रवाई की है।


**आवश्यकता है**

दैनिक नेशनल प्रेस टाइम्स में शामली थानाभवन जलालाबाद झिंझाना चौसाना बिडौली गढ़ी पुख्ता एलम बनत आदि स्टेशनों पर रिपोर्टरो की आवश्यकता है इच्छुक व्यक्ति संपर्क करें

**आदिल राणा**
जिला प्रभारी शामली
9082190000,9997173786

### करोड़ों की लागत से बनेगी कई उच्च स्तरीय ब्रिज, क्षेत्र की सर्वांगिण विकास में

# बनेगा सहायक, विधायक ने निर्माण कार्य का किया शिलान्यास



**एनपीटी ब्यूरो**

पाकुड़ (झा०खं०), विधानसभा क्षेत्र से हैट्रिक लगाये विधायक प्रो. स्टीफन मरांडी ने करोड़ों की लागत से निर्माण होने वाली उच्च स्तरीय ब्रिज निर्माण कार्य का विधिवत शिलान्यास किया। विधायक ने श्रीरामगढ़िया पंचायत अन्तर्गत ग्राम विशनपुर स्कूल के पास नदी में करीब 255. 923 लाख की लागत से निर्माण होने वाली उच्च स्तरीय ब्रिज निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। साथ ही महेशपुर एसडीपीओ कार्यालय भवन सह-आवास निर्माण कार्य समेत महेशपुर विधानसभा क्षेत्र के पंचायत बाबुदहा में ग्राम लोंगांव तथा सिरीशतल्ला के बीच जोंका नाला पर लगभग 246. 411 लाख की लागत से निर्माण होने वाली उच्च स्तरीय ब्रिज निर्माण कार्य का भी शिलान्यास किया। इसके अलावे विधायक प्रो स्टीफन मरांडी ने पंचायत खॉपुर के ग्राम राधोपाड़ा टोला शेरपुर में लगभग 324. 570 लाख की लागत से निर्माण होने वाली उच्च स्तरीय ब्रिज निर्माण कार्य का विधिवत शिलान्यास किया।

वही शिलान्यास कार्यक्रम में पहुंचते ही स्थानीय लोगों के द्वारा परांगत आदिवासी रीति-रिवाज से जोरदार तरीके से विधायक का स्वागत किया गया। साथ ही ब्रिज निर्माण कार्य का शिलान्यास देख ग्रामीणों के चेहरे पर मुस्कान जगजाहिर था। वही विधायक प्रो. स्टीफन मरांडी ने कहा कि इन उच्च स्तरीय ब्रिजों/ पुलों का निर्माण होने से क्षेत्र की कम्युनिकेशन में सुगमता तो होगा ही, साथ ही दर्जनों गांव का एक दूसरे के साथ कनेक्टिविटी होने के साथ-साथ प्रखण्ड जिला मुख्यालय के साथ भी जुड़ जायेंगे एवं क्षेत्र के सर्वांगीण विकास में सहायक साबित होगा। लोगों की वर्षों की आकांक्षाओं में यह ब्रिज खड़ी उतरेगी, क्योंकि दर्जनों गांव एक दुसरे से जुड़कर सीधे प्रखण्ड मुख्यालय के साथ कनेक्ट हो जायेंगे। कहा कि लोगों की सिर्फ और सिर्फ आवागमन में ही में सुगमता नहीं बल्कि कृषि क्षेत्र के अलावे ट्रांसपोर्टिंग में भी सहूलियत होगी। इस दौरान झामुमो जिला अध्यक्ष अजीजुल इस्लाम, जिला सचिव माईकिल मुर्मू, पूर्व केन्द्रीय समिति सदस्य पिंकु शेख, प्रखण्ड अध्यक्ष अब्दुल वदूद, उपाध्यक्ष अनारूद्दीन मियां, प्रखण्ड सचिव जेम्स सुशील हेम्ब्रम, कोषाध्यक्ष सुनील कुमार साहा, सांसद प्रतिनिधि कुणाल अल्फ्रेड हेम्ब्रम, संतोष हेम्ब्रम, बाबुधन मुर्मू उर्फ डॉन, निरोज मड़ैया, गाजी मंडल, मो.असद, सहित सैकड़ों झामुमो कार्यकर्ता स्थानीय ग्रामीण मौजूद थे।

## आवास, मनरेगा व पेयजल की व्यवस्था दुरुस्त रखने की ध्यानार्थ डीडीसी ने की समीक्षा बैठक



**एनपीटी ब्यूरो**

पाकुड़ जिले के हिरणपुर प्रखण्ड सभागार में उप विकास आयुक्त महेश कुमार संथालिया ने सभी रोजगार सेवक, पंचायत सचिव, अभियंता एवं पीएचइडी विभाग के अभियंता, जिला समन्वयक के साथ प्रखंड में पेयजल व्यवस्था को दुरुस्त करने को लेकर समीक्षा बैठक किया। हिरणपुर प्रखण्ड अन्तर्गत पड़ने वाले तीन पंचायत केन्दुआ, डांगापाड़ा तथा बड़तल्ला जो रेड जोन में है वहां विशेष फोकस कर खराब पड़े चापाकल एवं जल मीनार को त्वरित ठीक करने का निर्देश दिया। इसके लिए सभी पंचायत सचिव को जीआइ पाइप खरीदने का निर्देश दिया। इसके साथ ही सभी पंचायतों में एक-एक टैंकर खरीदने तथा प्रखंड स्तर पर पांच अतिरिक्त टैंकर खरीदने का निर्देश दिया। आवास योजना में सेल्फ सर्वे में घाघरजानी पंचायत में 971 लक्ष्य के विरुद्ध 355 सर्वे किया गया है जिसपर डीडीसी ने शेष 616 सर्वे करने हेतु 25 मार्च तक का समय दिया गया। सर्वे के लिए प्रतिदिन 100 करके लाभुकों का सर्वे सभी पंचायत सचिव को दिया गया। पीएमएवाइजी 2, जनमन योजना, अबुआ आवास योजना का लक्ष्य के अनुरूप शत प्रतिशत उपलब्धि प्राप्त करने का निर्देश दिया गया। मनरेगा योजना अंतर्गत सभी रोजगार सेवक को सभी अबुआ आवास में मजदूरी डिमांड करने, एक-एक पोटो हो खेल मैदान प्रति पंचायत स्वीकृत कराने तथा क्रियान्वित पोटो हो खेल मैदान को पूर्ण कराने एवं बिरसा हरित ग्राम योजना में जीवी दा हासा टीम के साथ वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु चयनित लाभुकों का स्थल निरीक्षण कर उपयुक्त लाभुकों का योजना स्वीकृत कराने हेतु 24 मार्च तक का समय दिया गया। उप विकास आयुक्त ने पुनः सभी बिन्दुओं पर प्रगति प्रतिवेदन के साथ समीक्षा बैठक 25 मार्च को जिला स्तर पर लेने की बात कही। बैठक में बीडीओ टुडू दिलीप, अंचलाधिकारी मनोज कुमार, कार्यपालक अभियंता पीएचइडी, जिला समन्वयक एसबीएम, परियोजना पदाधिकारी मोतिउर रहमान, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी ट्विंकल चौधरी एवं अभियंतागन मौजूद रहे।

## शोशल मीडिया में आपत्तिजनक पोस्ट करने को लेकर बालूमाथ थाना में दोनों समुदाय के प्रबुद्ध लोगों की हुई बैठक



**एनपीटी ब्यूरो**

लातेहार ( झा०खं० ), लातेहार जिला अन्तर्गत बालूमाथ थाना परिसर में रविवार की देर शाम थाना प्रभारी अमरेन्द्र कुमार की अध्यक्षता में बालूमाथ थाना क्षेत्र के दोनों समुदाय के प्रबुद्ध लोगों की एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में पिछले कुछ दिनों से एक विशेष समुदाय के कुछ युवकों द्वारा सोशल मीडिया में बराबर आपत्तिजनक पोस्ट किया जा रहा था। जिसे दूसरे समुदाय के लोगों ने कड़ा विरोध जताया था। इसके बाद बालूमाथ पुलिस ने सोशल मीडिया में पोस्ट करने वाले एक युवक को बालूमाथ थाना में लाकर बैठा दिया था। इसी बीच दोनों समुदाय के लोगों ने बैठकर युवक को सामूहिक रूप से माफी मांगने की सजा दी गई एवं भविष्य में इस तरह का गलती नहीं करने के लिए बॉन्ड करवाया गया। वही बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि आने वाले दिनों में किसी भी धर्म के खिलाफ किसी की भावना को ठेस पहुंचाने वाला पोस्ट किसी के द्वारा किया जाता है तो उसके ऊपर कानूनी कार्रवाई करते हुए जेल भेजा जाएगा एवं समाज के प्रबुद्ध लोगों ने निर्णय लिया कि उसे समाज के तरफ से भी बहिष्कार किया।

वही सोशल मीडिया में पोस्ट करने वाले युवक ने अपना गलती स्वीकार किया और लोगों से अपील करते हुए कहा है कि मेरे द्वारा जो गलती किया गया है मैं क्षमा प्रार्थी हूं उन्होंने दूसरे लोगों को इस तरह का पोस्ट नहीं करने की अपील की है। इस बैठक में सद्भावना कमेटी के महासचिव सह- अंजुमन के सदर हाजी मोहम्मद साबिर, मोहम्मद मुजम्मिल, मौलाना जियाउल्लाह, सुरेन्द्र गुप्ता, मो शमीम, अर्जुन कुमार साहू, रोशन कुमार गुप्ता, मोहम्मद शाहनवाज, दिवाकर प्रसाद, तपेश्वर साहू, गोविंद कुमार साहू, सब इंस्पेक्टर गौतम कुमार समेत कई पुलिस पदाधिकारी व प्रबुद्ध लोग मौजूद थे।

## पाकुड़ पॉलिटेक्निक के छात्रों का जेएसडब्ल्यू स्टील लिमिटेड में चयन, 3.2 लाख का मिला ऑफर




**एनपीटी ब्यूरो**

पाकुड़ (झा०खं०), पॉलिटेक्निक कॉलेज, पाकुड़ के छात्रों ने एक बार फिर संस्थान का नाम रोशन किया है। हाल ही में जेएसडब्ल्यू स्टील लिमिटेड, विजयनगर वर्क्स, बेल्लारी (कर्नाटक) द्वारा आयोजित कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव में मेटलर्जी ब्रांच के करण राज और करण कर्मकार का चयन हुआ है। उन्हें डिप्लोमा अप्रेंटिसशिप ट्रेनी के पद पर नियुक्त किया गया है। जहां उन्हें 3.20 लाख रुपये प्रति वर्ष (छढअ) का आकर्षक वेतन पैकेज मिलेगा। संस्थान के टीपीओ अमित रंजन और प्लेसमेंट कोऑर्डिनेटर विवेक कुमार ने छात्रों को इसकी जानकारी दी और बताया कि जेएसडब्ल्यू स्टील लिमिटेड भारत की अग्रणी इस्पात निर्माण कम्पानियों में से एक है और यहां करियर की अपार संभावनाएं हैं। संस्थान के प्राचार्य ऋषीकेश गोस्वामी, प्रशाशनिक पादशिकारी निखिल चंद्रा ने चयनित छात्रों को बधाई दी और उन्हें उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। इस सफलता से अन्य छात्रों में भी प्रेरणा जगी है, और वे भी अपने करियर को लेकर और अधिक उत्साहित है।

## रघुवर सरकार में रहे पांच पूर्व मंत्रियों को हाईकोर्ट से मिली राहत, दायर याचिका किया खारिज



**एनपीटी**

रांची, झारखण्ड के रघुवर दास सरकार में रहे पांच पूर्व मंत्रियों को हाईकोर्ट से बड़ी राहत मिली है। इन पांच पूर्व मंत्रियों की आय से अधिक सम्पत्ति मामले की जांच को ले दायर याचिका में सोमवार को सुनवाई हुई। पूरे मामले की सुनवाई चीफ जस्टिस की बेंच में हुई। सुनवाई करते हुए अदालत ने पंकज यादव की याचिका को खारिज कर दिया। गौरतलब हो कि वर्ष 2020 में सोशल एक्टिविस्ट पंकज कुमार यादव ने झारखण्ड हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर की थी। जिसमें पूर्व मंत्री अमर कुमार बाउरी, नीरा यादव, नीलकंठ सिंह मुंडा, लुइस मरांडी और रणधीर सिंह के खिलाफ आय से अधिक सम्पति होने का आरोप लगाया और मामले की जांच एसीबी से करने को कहा था। जिसके बाद जुलाई 2023 में मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कैबिनेट से पांचों पूर्व मंत्रियों के खिलाफ एसीबी जांच की स्वीकृति दी। इसके बाद एसीबी ने पूर्व मंत्रियो के खिलाफ जांच कर पंकज यादव की शिकायत को सही भी पाया था। वही एसीबी ने इस मामले में पीई दर्ज कर पूर्व मंत्रियों को तथा शिकायतकर्ता को नोटिस भी भेजा था। हालांकि अब जनहित याचिका खारिज होने से उक्त पांच पूर्व मंत्रियों को तत्काल बड़ी राहत मिली है। बता दे कि पूर्व मंत्री लुईस मरांडी फिलहाल झारखण्ड मुक्ति मोर्चा की विधायक है। विधानसभा चुनाव से पहले उन्होंने भाजाप छोड़ झामुमो ज्वाइन किया है।

## पश्चिमी सिंहभूम जिले के गीतिलिपि गांव में हुआ दर्दनाक हादसा, आग की जद से चार बच्चों की हुई मौत

**एनपीटी ब्यूरो,**

पश्चिमी सिंहभूम जिले के गीतिलिपि गांव में एक दर्दनाक हादसा हो गया। मिली जानकारी के अनुसार जिले के जगन्नाथपुर थाना क्षेत्र में चार बच्चे जिंदा जल गये। पुआल की आग इतनी तेज थी कि ग्रामीण कुछ खास मदद नहीं कर सके। इसके बाद मिली सूचना पर प्रशासन पहुंची। फायरब्रिगेड की गाड़ी पहुंची और आग को बुझाने में जुट गई। घटना जगन्नाथपुर के गीतिलिपि गांव की है। बच्चे 11 बजे के करीब पुआल घर के पास खेल रहे थे। इसी बीच आग लग गई। पुआल सूखा होने की वजह से उसमें तेजी से आग लग गई। स्थानीय लोगों ने बच्चों को निकालने की कोशिश की, लेकिन तब तक आग की लपटें इतनी तेजी से बढ़ी कि ऐसा करना सम्भव नहीं हो सका। जहां ये घटना घटी है, उसी जगह पर बच्चे अक्सर खेला करते थे। पुआल में आग कैसे लग गई, इसकी जानकारी अभी तक नहीं मिल पायी है। बताया जा रहा है कि मृतक बच्चों में दो कि मां उस वक्त कहीं गई थी। वही अर्जुन चातर और सुखराम सुंडी भुवनेश्वर काम करने गये हुए हैं। इस हादसे के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। हादसे में जिन बच्चों की मौत हुई है, उसमें अर्जुन चातर का 5 साल का बेटा प्रिंस चातर, चंद्रमोहन सिंकू का 5 साल बेटा साहिल सिंकू, सुखराम सुंडी का 2 साल का बेटा रोहित सुंडी और एक पांच साल की लड़की भूमिका सुंडी शामिल है।

## सांसद एवं विधायक निधि के कार्यों को जल्द पूर्ण करे - डीसी

**एनपीटी ब्यूरो**

पाकुड़ उपायुक्त मनीष कुमार की अध्यक्षता में सांसद एवं विधायक निधि योजना के कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई। बैठक के दौरान उपायुक्त मनीष कुमार ने सांसद योजना एवं विधायक योजना मद में लंबित योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की तथा लंबित डी.सी विपत्र पर चर्चा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। उपायुक्त ने कहा कि उक्त सभी फंड विकास



कार्यों के क्रियान्वयन से जुड़ी हैं। उपायुक्त ने कहा कि कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ख्याल रखें तथा जो कार्य अपूर्ण है उनमें आवश्यक गति लाकर पूर्ण करायें। विधायक निधि एवं सांसद निधि अंतर्गत पूर्ण हुए कार्यों की यूटिलाइजेशन सार्टिफिकेट जल्द से जल्द जमा करने का निर्देश दिया गया। बैठक में परियोजना निदेशक, आईटीडीए, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, जिला पंचायत राज पदाधिकारी समेत व अन्य उपस्थित थे।

# श्याम यादव व सोलेमान बास्की ने दी श्रृद्धांजलि, जताया शोक



**एनपीटी ब्यूरो**

पाकुड़ (झा०खं०), झामुमो के पूर्व पाकुड़ जिलाध्यक्ष सह- सांसद प्रतिनिधि श्याम यादव ने झामुमो केन्द्रीय सदस्य सह- गोपीकांदर जिला परिषद निशा सबनम हंसदा के पिता स्वर्गीय राजा हांसदा के आकस्मिक निधन की खबर सुन कर रंगा स्थित कब्रिस्तान पहुंचकर मिट्टी डाल कर भावपूर्ण श्रृद्धांजलि दी एवं दिवंगत आत्मा की शान्ति और मोक्ष प्रदान के लिए ईश्वर से प्रार्थना किया। वही श्याम यादव ने कहा कि स्वर्गीय राजा हांसदा हमलोगों को छोड़ कर चले जाने से इनकी कमी महसूस होगी। क्योंकि वे झामुमो पार्टी की मजबूत सिपाही थे। पूर्व जिला सचिव सुलेमान बास्की ने मिट्टी डाल कर भावपूर्ण श्रृद्धांजलि दी एवं दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से कामना की। मौके पर अमड़ापाड़ा प्रखण्ड सचिव जहीरूद्दीन मियां, कोषाध्यक्ष संजीत भगत, पाकुड़ नगर अध्यक्ष मुकेश सिंह, पूर्व प्रखंड अध्यक्ष कॉर्नेलियस हेंब्रम, संतोष भगत, जोतिस बास्की, जेम्स सुशील हेंब्रम, सुलेमान हांसदा, प्रेम रजक, मनोज भगत,धानो मरांडी, भीमसेन हेंब्रम, दयानंद भगत ने श्रृद्धांजलि दी और ईश्वर से आत्मा की शान्ति के लिए कामना की। मौके पर झामुमो के अन्य कार्यकर्ता व समर्थक समेत ग्रामीण मौजूद थे।

## एक आश्रित को नौकरी दे हेमन्त सरकार- विजय शंकर नायक

**एनपीटी ब्यूरो**

रांची, आदिवासी मूलवासी जनाधिकार मंच के केन्द्रीय उपाध्यक्ष विजय शंकर नायक ने सोमवार को अपने प्रेस बयान जारी कर हेमन्त सरकार पर बड़ा निशाना साधा। नायक ने राज्य सरकार को आदिवासी मूलवासी विरोधी बताते हुए कहा कि होली के दिन जोरार नामकुम में हुई हिंसक घटना पुलिस प्रशासन की अक्षमता साबित करता है। कहा मामले में प्रशासन ने गैर झारखण्डी उपद्रवियों कि गिरफ्तारी कर सिर्फ आदिवासी मूलवासी लोगों के विश्वास जीतने का ढोंग रचने का प्रयास भर है, पुलिस अगर मुस्तैद रहती तो ये घटना ही नहीं घटती। रांची पुलिस अगर आदिवासी मूलवासी समाज का विश्वास जितना चाहती है तो इरादतन हत्या का आरोप में 302 के तहत सब अपराधियों पर मुकदमा दर्ज कर फास्ट ट्रैक कोर्ट में फांसी की सजा दिलाये, तब ही सोनू मुंडा को न्याय मिल सकता है। नायक ने आगे कहा कि आदिवासी युवक की हत्या एवं हिंसक हमले एक पूर्व नियोजित योजना के तहत की गई है।

राजद- कांग्रेस-झामुमो के शासन में आदिवासी मूलवासी समाज अगर अपने उत्पीड़न एवं शोषण का प्रतिरोध करता है तो जैसे लगता है कोई अपराध कर दिया है। यदि वे शोषण का विरोध करेंगें तो उन्हें दौड़ा दौड़ा कर गैर झारखंडीयों के द्वारा मारा एवं पीट पीट कर हत्या कर दिया जायेगा जो राज्य के लिए शुभ संकेत नहीं है। नायक ने आगे कहा कि तुष्टिकरण की राजनीति के कारण ही आज दिन दहाड़े आदिवासी युवाओ को दौड़ा- दौड़ा कर पीट-पीटकर हत्या की जा रहीं है , तो दूसरी ओर सिरम टोली के मुख्य द्वार पर फ्लाई ओवर से रैम्प हटाने के लिए आदिवासी समाज आन्दोलनरत है, मगर आज तक सरकार धृतराष्ट्र की भूमिका निभा रहीं है। उन्होंने कहा कि हेमन्त सरकार की आदिवासी मूलवासी विरोधी मानसिकता स्पष्ट नजर आती है। विजय शंकर नायक ने कहा कि जोरार नामकुम की घटना निंदनीय सोनू मुंडा के हत्यारों को फांसी दो और सोनू मुंडा के परिवार वालो को मुआवजा 50 लाख एक आश्रित को नौकरी दे हेमंत सोरेन सरकार।

## महावीर मंडल समिति के अध्यक्ष बने रौशन साहू

एनपीटी ब्यूरो

लातेहार ( झा०खं० ), लातेहार जिला अन्तर्गत बालूमाथ स्थित श्री महावीर मंदिर रामनवमी पूजा समिति का एक बैठक कमिटी के पूर्व उपाध्यक्ष मनोहर प्रसाद गुप्ता के अध्यक्षयता में देवी मंडप के समिप आयोजित की गई। जिसमें कमिटी का पुनर्गठन किया गया, बैठक में सर्वसम्मति से पूर्व जीप उपाध्यक्ष एवं पूर्व मंडल अध्यक्ष स्व राजेन्द्र प्रसाद साहू के पुत्र रौशन कुमार गुप्ता को अध्यक्ष चुना गया,और मुख्य संरक्षक में रूप में विधायक प्रकाश राम, जीप उपाध्यक्ष अनिता देवी, जीप सदस्य पूर्वी प्रियंका कुमारी,कृष्णा यादव, सुरेंद्र गुप्ता, प्रेम प्रसाद गुप्ता, संजीव सिन्हा, वीरेंद्र प्रसाद गुप्ता, अर्जुन साव, प्रयाग साव, शैलेश सिंह,नमेश्वर गुप्ता,बबन सिंह, चेतलाल रामदास, राजेन्द्र साव चावल,साखो साव,राजीव रंजन, रामदर्शन तिवारी,सूरज साह, कौशल साव, सतेंद्र साव, रंजीत लाल, संजीत गुप्ता, बालेश्वर साव, देवकी साव, और उपाध्यक्ष के रूप में राजेश प्रसाद, दिवाकर प्रसाद, राजेश पांडेय,राजेश सिंह, प्रदीप साव पुटुन, तपेश्वर साव, विजय कुमार, बिनोद साव महासचिव अरुण कुमार कोषाध्यक्ष विशाल कुमार गोलू, दीपक कुमार, विक्रम कुमार विक्की। वही सचिव बहादुर साव, सुनील कुमार, अमित गुप्ता(उपमुखिया), तुलसी कुमार ऋषि, सोनू कुमार, राजेश प्रसाद रिंकू, आमोद कुमार, आदित्या कुमार, बिट्टू सोनी, संतोष कुमार एवं मीडिया प्रभारी गोविंद कुमार, करण कुमार, विक्की राज, दिव्यांशु कुमार । वही सदस्य के रूप में पवन कुमार, प्रदीप कुमार, विशाल कुमार, हिमांशु कुमार टिंकू सोनी, शंकर कुमार समेत अन्य लोग को चुना गया एवम बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय समेत रामनवमी धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया ।

# रोटरी क्लब ऑफ गाजियाबाद स्मार्ट सिटी द्वारा पोलो चैम्पीयनशिप - 2025 का उत्कृष्ट आयोजन





**एनपीटी ब्यूरो**

**गाजियाबाद।** रोटरी क्लब ऑफ गाजियाबाद स्मार्ट सिटी के सदस्य एवं बी.एम.सी. एडवाइजर्स, नई दिल्ली के निदेशक रो० ब्रिजेश माथुर एवं रो० सुषमा माथुर द्वारा नार्दन इण्डिया पोलो चैम्पीयनशिप का उत्कृष्ट आयोजन जयपुर पोलो ग्राउन्ड, दिल्ली रेसकोर्स, नई दिल्ली में किया गया। मुख्य अतिथि सुश्री रेखा गुप्ता, मुख्यमन्त्री नई दिल्ली ने पोलो कप चैम्पीयनशिप का उद्घाटन किया। जिसमें पीजीवी ग्लोबल ने इक्विपमेंट के विरूद्ध 6-3 से शानदार जीत हासिल की।

मैच में दोनों टीमों के बीच रोमांचक मुकाबला हुआ। स्टेडियम में मौजूद दर्शकगणों ने अपने पसंदीदा खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। मुकाबले में लोकसभा सांसद एवं पोलो खिलाड़ी और टीम के कप्तान नवीन जिन्दल और उनकी टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पोलो चैम्पीयनशिप कप-2025 पर अपनी जीत दर्ज की। मुकाबले के बाद राज्यसभा सांसद विक्रमजीत सिंह साहनी ने विजेता टीम को ट्राफी देने के साथ-साथ ही उन्हें जीत की बधाई दी। नवीन जिन्दल ने इस अवसर पर कहा कि था। जो कि दुनिया में आज मार्डन पोलो कही पोलो भारत का खेल है। भारत देश में ही इस खेल का शुभारम्भ हुआ जाती है। यह खेल भारत का विश्व को तोहफा है।

इसलिए हमारा यह फर्ज बनता है कि हम इस खेल को बढ़ावा दे और अधिक से अधिक युवा इस खेल को खेलें इस अवसर पर रोटरी क्लब गाजियाबाद स्मार्ट सिटी के सभी सदस्य उपस्थित थे। क्लब सदस्य एवं रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3012 के पूर्व गवर्नर डा० सुभाष जैन, श्री नवीन जैन, रो० आलोक गर्ग, क्लब के अध्यक्ष रो० दीपक कुमार अग्रवाल, रो० रीनम अग्रवाल क्लब सचिव रो० भारती गर्ग, रो० आशीष गर्ग, रो० डा० राकेश छारिया, रो० सारंग अग्रवाल एवं रो० रीना अग्रवाल, रो० विकास शर्मा, रो० साक्षी जिन्दल, रो० विपिन गुप्ता, रो० रमा गुप्ता इत्यादि सदस्य उपस्थित रहे क्लब के अध्यक्ष रो० दीपक कुमार अग्रवाल एवं सचिव रो० भारती गर्ग ने इस कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए पोलो चैम्पीयनशिप के व्यवस्थापक एवं होस्ट क्लब सदस्य रो० ब्रिजेश माथुर एवं रो० सुषमा माथुर का हार्दिक आभार व्यक्त किया। और उपस्थित क्लब सदस्यों को धन्यवाद दिया

# सुंदरदीप वर्ल्ड स्कूल में राष्ट्रीय टीकाकरण दिवस पर बच्चों के लिए निःशुल्क स्वास्थ्य जांच और टीकाकरण शिविर का सफल




**एनपीटी ब्यूरो**

**गाजियाबाद।** रेखा देवी मेमोरियल अस्पताल, डासना द्वारा राष्ट्रीय टीकाकरण दिवस के अवसर पर आज सुंदरदीप वर्ल्ड स्कूल में छोटे बच्चों के लिए एक निःशुल्क स्वास्थ्य जांच और टीकाकरण शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में बच्चों के स्वास्थ्य की जांच हुई।

शिविर में डॉ. यश ने बच्चों की आंखों की जांच, ऊंचाई और वजन मापा और अन्य आवश्यक स्वास्थ्य जांच की। उन्होंने उपस्थित लोगों को टीकाकरण के महत्व के बारे में भी जानकारी दी और उन्हें बच्चों को सभी आवश्यक टीके समय पर लगवाने के लिए प्रेरित किया।

शिविर में बड़ी संख्या में बच्चों ने भाग लिया। इस शिविर के आयोजन के लिए रेखा देवी मेमोरियल अस्पताल को सुंदरदीप वर्ल्ड स्कूल ने धन्यवाद दिया ।

रेखा देवी मेमोरियल अस्पताल के आयोजकों ने कहा कि ₹हमारा उद्देश्य बच्चों को स्वस्थ और सुरक्षित भविष्य प्रदान करना है। राष्ट्रीय टीकाकरण दिवस पर इस शिविर का आयोजन इसी दिशा में एक प्रयास है। हम भविष्य में भी इस तरह के शिविरों का आयोजन करते रहेंगे।₹

सुन्दरदीप वर्ल्ड स्कूल की प्रधानाचार्य श्रीमती सपना अहलावत जी ने कहा₹हम अपने स्कूल परिसर में इस महत्वपूर्ण शिविर का आयोजन करके खुश हैं। हम बच्चों के स्वास्थ्य और कल्याण के लिए प्रतिबद्ध हैं।

# पति ने उठाया खौफनाक कदम: पत्नी पर पेट्रोल डालकर लगाई आग, दिल दहला देगी सादिया की ये दर्दभरी दास्तान



लोनी एसीपी सिद्धार्थ गौतम ने बताया कि महिला के भाई की शिकायत पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है। पति को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। उसने बताया कि घटना के समय वह घर में नमाज पढ़ रहा था।

कोतवाली क्षेत्र के मुस्तफाबाद कॉलोनी में रविवार रात महिला सादिया ने अपने पति पर पेट्रोल डालकर आग लगाने का आरोप लगाया। 40 फीसदी से भी अधिक आग में झुलसी सादिया को अस्पताल में भर्ती कराया गया। महिला ने पति पर दूसरी शादी करने का आरोप लगाया। दूसरी शादी करने को लेकर दोनों में झगड़ा हो रहा था। महिला के भाई ने लोनी थाने में मुकदमा दर्ज कराया है।

मूलरुप से गांव आसरा जिला बागपत में रहने वाली सादिया की शादी 2019 में आरिफ निवासी मोहाली पानीपत के साथ हुई थी। सादिया के भाई सलमान ने बताया कि बहन और आरिफ लोनी के मुस्ताबाद कालोनी में किराए के मकान में रहते हैं। दोनों की पांच वर्षीय बेटी हुमा, जुड़वा बच्चे फातिमा और मोहम्मद 17 माह है।

सादिया ने पुलिस को जानकारी देते हुए बताया कि उनके पति ने दूसरी शादी की हुई है। इस बात को लेकर दोनों में झगड़ा हो रहा है। आरिफ पूर्व में मस्जिद में इमाम का काम करता था। झगड़े को लेकर दंपति पड़ोस में रहने वाले चाचा के घर पहुंचे थे। इसके बाद दोनों अपने घर आ गए। घर आने के बाद फिर से दोनों में झगड़ा हो गया।

सादिया ने पुलिस को बताया कि झगड़े के बाद उनके पति ने उनके ऊपर पेट्रोल डालकर आग लगा दी। आग लगने पर उन्होंने शोर मचा दिया। शोर सराबा सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। उन्होंने किसी तरह आग बूझकर पुलिस की घटना की जानकारी दी। आग लगने से सादिया गंभीर रूप से घायल हो गई। सादिया को दिल्ली के जीटीबी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टर ने सादिया को 40 फीसदी से भी अधिक झुलस ने की बात कही है।

सूचना पाकर परिवार के लोग भी मौके पर पहुंचे। मामले में सादिया के भाई सलमान ने आरिफ पर बहन के ऊपर पेट्रोल डालकर आग लगाने का आरोप लगाते हुए शिकायत दी। लोनी एसीपी सिद्धार्थ गौतम ने बताया कि महिला के भाई की शिकायत पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है। पति को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। उसने बताया कि घटना के समय वह घर में नमाज पढ़ रहा था।

# बलवे में 30 घंटे बाद दर्ज हुई रिपोर्ट हल्की धारा लगाने का आरोप

**एनपीटी ब्यूरो**

मोदीनगर। निवाड़ी के गांव अबूपुर में शुक्रवार को दुल्हैंडी के दिन हुए बलवे में घायल युवक अभिषेक के पिता भोपाल सिंह ने पुलिस पर गंभीर आरोप लगाए है। उन्होने प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य को पत्र लिखकर पुलिस की शिकायत की है। पुलिस ने घटना में शामिल तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।




भोपाल सिंह का आरोप है कि पुलिस ने बलवे के तीस घंटे बाद बहुत हलकी धाराओं में घटना की रिपोर्ट दर्ज की। भोपाल ने पुलिस पर तहरीर बदलवाने का आरोप भी लगवाया। आरोप है कि पुलिस ने साठगांठ के कारण बलवाइयों का हलकी धाराओं में चालान किया। बाकी बलवाई अभी भी गांव में खुलेआम घूम रहे हैं और उन्हें जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। आरोपी सोशल मीडिया पर धमकी भरे पोस्ट वायरल कर दहशत फैला रहे हैं। भोपाल सागर ने बताया कि उन्होंने उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य को पत्र लिखकर सुरक्षा और न्याय दिलाने की मांग की है। एसीपी मोदीनगर ज्ञानप्रकाश राय का कहना है कि आरोप निराधार हैं। तहरीर प्राप्त होने पर तत्काल रिपोर्ट दर्ज की गई। तीन आरोपियों प्रवीण, लाखन और सागर को गिरफ्तार कर लिया गया है। बाकी आरोपियों की तलाश में दबिश दी जा रही है।

**यह था मामला**–निवाड़ी के गांव अबूपुर में पुरानी रंजिश में शुक्रवार दोपहर बलवा हो गया था। बलवे में जमकर पर लाठी डंडे चले थे और पत्थरबाजी हुई थी। बलवाइयों ने होटल मैनेजमेंट के छात्र अभिषेक सागर और उसके दोस्त पकंज की लाठी डंडों से पिटाई कर उन्हें गंभीर रूप से घायल दिया था। घटना के कई वीडियों सोशल मीडिया पर वायरल हुए थे। निवाड़ी पुलिस ने अभिषेक के पिता भोपाल सिंह की तहरीर पर बलवे समेत कई अन्य धाराओं में सौरभ, सागर, सन्नी, प्रवीण, लाखन और जोनी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की थी। तीन नामजद आरोपी अभी पुलिस की पकड़ से दूर है।

## जमीन के विवाद में मारपीट, प्रधान समेत 13 पर रिपोर्ट

गाजियाबाद। टीला मोड थाना क्षेत्र के फर्रुखनगर गांव के पास खलिहान की जमीन मामले में चल रहे विवाद के बाद दबंगों ने पीड़ित परिवार के साथ मारपीट की। पीड़ित का आरोप है कि राइफल, सरिये और धारदार हथियारों से हमला किया गया है। मारपीट में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हैं। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर ग्राम प्रधान समेत 13 के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। फर्रूखनगर गांव निवासी अंकित त्यागी ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनके पास खलिहान की जमीन है। इस जमीन के पास में ही लगभग ढ़ाई साल पहले प्रॉपर्टी डीलर ने किसान से जमीन खरीदकर प्लाटिंग कर दी थी। उस दौरान उनके खलिहान की लगभग 200 गज जमीन पर कब्जा कर लिया था।

# इण्डियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन (आईआईए) 19 से 21 मार्च 2025 तक भारत मंडपम, हॉल न० 06, नई दिल्ली में सबसे बड़ी औद्योगिक प्रदर्शनी बिल्ड भारत एक्सपो-2025 के प्रथम संस्करण की मेजबानी करेगा।

**एनपीटी ब्यूरो**

**गाजियाबाद।** केन्द्र एवं राज्य सरकार के कई गणमान्य मंत्री एवं अधिकारियों की गरिमामयी उपस्थिति में 19 मार्च 2025 को सुबह 11 बजे बिल्ड भारत एक्सपो 2025 का भव्य शुभारम्भ होगा। देश की 151 से अधिक कम्पनियाँ बिल्ड भारत एक्सपो में अपने प्रोडक्ट्स को डिस्प्ले करेंगी।



ऑस्ट्रिया, मलेशिया, रूस, ईरान, कनाडा, आइसलैंड सहित 34 से अधिक देशों के ट्रेड कमिश्नर एवं बिजनेस डेलीगेशन इस एक्सपो में भाग लेंगे। इण्डियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन (आईआईए) द्वारा भारत मंडपम, हॉल नं 06, नईदिल्ली में 19 से 21 मार्च 2025 तक बिल्ड भारत एक्सपो 2025 का आयोजन किया जा रहा है जिसका भव्य उद्घाटन समारोह केन्द्र एवं राज्य सरकार के कई गणमान्य मंत्री एवं अधिकारियों की गरिमामयी उपस्थिति में 19 मार्च 2025 को सुबह 11 बजे से होना सुनिश्चित हुआ है। इस एक्सपो का उद्देश्य भारत और खासतौर से उत्तर भारत के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों को प्रोत्साहित करना एवं विभिन्न औद्योगिक क्षेत्रों में नवीनतम तकनीकों और व्यापारिक संभावनाओं को बढ़ावा देना है। टरटए मंत्रालय भारत सरकार ने भी इस एक्सपो को मान्यता दी है। इसके अतिरिक्त खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय, भारत सरकार तथा उत्तर प्रदेश के टरटए एवं एक्सपोर्ट प्रमोशन विभाग द्वारा भी एक्सपो को सपोर्ट किया गया है।

एक्सपो में 151 से अधिक स्टॉल पर औद्योगिक उत्पादों और क्षेत्रों की एक विस्तृत श्रृंखला प्रदर्शित की जा रही है जिसमें ग्रीन एंड क्लीन एनर्जी, कृषि और खाद्य प्रसंस्करण, बिल्डिंग एंड कंस्ट्रक्शन मटेरियल, इलेक्ट्रिकल एंड इलेक्ट्रॉनिक्स एवं ODOP एवं ExportÔble प्रोडक्ट्स प्रमुख रूप से शामिल हैं। इस एक्सपो में 500 से अधिक आर्किटेक्ट, 1000 से अधिक लघु उद्यमियों एवं 15000 से अधिक घरेलू बिजनेस विजिटरों की उपस्थिति होगी। बिल्ड भारत एक्सपो 2025 में देश एवं विदेश से भारी संख्या में बिजनेस विसिटर्स आयेंगे, जिसमें 34 से अधिक देशों की एम्बेसी के प्रतिनिधि / राजदूत / ट्रेड कमिश्नर्स शामिल होंगे। रूस, ऑस्ट्रिया, जापान, मलेशिया, वियतनाम, ईरान, कनाडा, आइसलैंड, इराक, सिंगापुर, नीदरलैंड, बांग्लादेश, फिलिपीन्स, म्यानमार, थाईलैंड, मोरिशस, साउथ कोरिया, नेपाल, फिजी, इंडोनेशिया, गुयेना, घाना, इथोपिया, सेय्वेल्लेस, कजाकस्तान सहित 34 से अधिक देशों के प्रतिनिधिमंडलों इस एक्सपो को विजिट करेंगे।आईआईए के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीरज सिंघल ने बताया कि विकसित भारत के निर्माण में लघु उद्योगों की महत्वपूर्ण भूमिका है और इसके लिए लघु उद्योगों को राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय मार्केट में प्रोडक्ट को बेचने का अवसर दिलाकर टरटए२ विकसित करना अत्यंत ही आवश्यक है` इसी दिशा में आईआईए द्वारा BUILD इलअफ्अळ एढड 2025 का आयोजन नई दिल्ली में आयोजित किया जा रहा है जिसमें ग्रीन एंड क्लीन एनर्जी, बिल्डिंग एंड कंस्ट्रक्शन मटेरियल, इलेक्ट्रिकल एंड इलेक्ट्रॉनिक्स, एग्रो एंड फूड प्रोसेसिंग सेक्टर की MSMEs सहित डऊ्ढ की इकाइयाँ शामिल हो रही है। आईआईए के मिशन Transforming MSMEs Towards Industry 4.0 & 48 एवं विकसित भारत के निर्माण की परिकल्पना को साकार करने में आईआईए की इस महत्वाकांक्षी प्रदर्शनी बिल्ड भारत एक्सपो 2025 महत्वपूर्ण भूमिका अदा करेगा।

आईआईए के वरिष्ठ उपाध्यक्ष दिनेश गोयल ने बताया कि बिल्ड भारत एक्सपो 2025 के प्रथम संस्करण को सफल बनाने में भारत सरकार सहित उत्तर प्रदेश सरकार एवं दिल्ली सरकार का पूरा सहयोग मिल रहा है। आईआईए द्वारा इस आयोजन की तैयारी लगभग पूरी कर ली गयी है। इस एक्सपो में विजिट निःशुल्क है और विजिटर को लिंक https://exporeg-istration.in/buildbharat-expo-visitor.aspx पर रजिस्ट्रेशन करना अनिवार्य है। बिल्ड भारत एक्सपो 2025 की अधिक जानकारी एवं अपडेट एक्सपो की वेबसाइट www.buildbharatexpo.co m एवं आईआईए के सोशल मीडिया अकाउंट्स पर उपलब्ध है।

BUILD BHARAT EXPO 2025 के कन्वेनर एवं आईआईए के उपाध्यक्ष राजीव बंसल ने बताया कि तीन दिवसीय बिल्ड भारत एक्सपो के दौरान उद्योग विकास हेतु हर दिन विभिन्न विषयों पर सेमिनार आयोजित किये जा रहे हैं जिसमें राष्ट्रीय स्तर (वोकल फॉर लोकल) एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर (लोकल टू ग्लोबल) पर बिजनेस ग्रोथ हेतु उपलब्ध अवसरों की जानकारी देश विदेश के जाने माने स्पीकर्स देंगें साथ ही नेटवर्किंग एवं बी 2 बी का अवसर भी उपलब्ध होगा। 20 मार्च 2025 को ऑस्ट्रिया, ईरान, मलेशिया, रूस सहित 25 से अधिक देशों के साथ नेटवर्किंग डिनर मीटिंग आयोजित किये जाने की भी योजना है।

आईआईए के महासचिव आलोक अग्रवाल ने यह जानकारी दी कि इस एक्सपो में देश के विभिन्न राज्यों के प्रमुख औद्योगिक संगठनों का फोरम (अ-20 जॉइंट फोरम), आईआईटी रूड़की जैसी प्रतिष्ठित शैक्षिक संस्थाएं / यूनिवर्सिटी की भी भागीदारी हो रही है जो इंडस्ट्रियल टेक्नोलॉजिकल अपडेट, स्टार्टअप विलेज कांसेप्ट एवं पेटेंट्स की प्रदर्शनी करेंगे जिससे युवा उद्यमी लाभान्वित होंगे। उत्तर प्रदेश के लगभग 50 जिलों सहित दिल्ली, उत्तराखंड एवं नार्थ ईस्ट प्रदेशों से हजारों की संख्या में उद्यमी इस एक्सपो को विजिट कर लाभान्वित होंगे। प्रेस वार्ता के इस अवसर पर चैप्टर चेयरमैन, संजय अग्रवाल, सचिव हर्ष अग्रवाल, कोषाध्यक्ष संजय गर्ग के अलावा विभिन्न पदाधिकारी एस.के. शर्मा, मनोज कुमार, जेपी कौशिक, यश जुनेजा, साकेत अग्रवाल, श्री अमित नागलिया,प्रदीप गुप्ता, वी के सिंघल इत्यादि उपस्थित रहे।

'नेशनल प्रेस टाइम्स'
दैनिक समाचार पत्र में एनसीआर के जनपदों के लिए ब्यूरो चीफ, तहसील ब्यूरो, संवाददाता व मार्केटिंग के लिए इच्छुक लड़के व लड़की सम्पर्क करें।
विज्ञापन, न्यूज, आदि के लिए संपर्क करें।
सुखपाल सिंह (संपादक)
प्रमोद मिश्रा (सह-संपादक)
8448184482
एस.के. राणा (सह-संपादक)
8938805409
पता : 209, द्वितीय तल, दुर्गा चैम्बर, आरडीसी, राजनगर, गाजियाबाद
फोन- 0120-4549844, मो. 9312606107
nationalpresstimes@gmail.com/
www.nationalpresstimes.com
नेशनल प्रेस टाइम्स की तरफ से मुफ्त कानूनी सलाह के लिए सम्पर्क कर सकते हैं।
एडवोकेट आदर्श कुमार राय
(इलाहाबाद हाईकोर्ट)
09415624173

स्वामी' प्रकाशक, मुद्रक एवं सम्पादक सुखपाल सिंह ने 209, द्वितीय तल, दुर्गा चैम्बर, आरडीसी, राजनगर, गाजियाबाद उत्तर प्रदेश से प्रकाशित एवं **बैकुंठ मीडिया, 47 बेसमेंट, नवयुग मार्केट, गाजियाबाद** (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित। RNI No. : UPHIN/2015/64579 मुख्य कार्यालय-209, द्वितीय तल, दुर्गा चैम्बर, आरडीसी, राजनगर, गाजियाबाद। मो. 9312606107, फोन- 0120-4549844, **nationalpresstimes@gmail.com/ www.nationalpresstimes.com** नोटः- समाचार पत्र से संबंधित किसी भी विवाद के निपटारे के लिए न्याय क्षेत्र गाजियाबाद ही होगा। *पीआरबी अधिनियम के अनुसार समाचार चयन और संपादन के लिए उत्तरदायी। समाचार पत्र में छपने वाले विज्ञापन की सत्य/ असत्य की जानकारी स्वयं करें, किसी भी विज्ञापन की असत्यता की जिम्मेदारी समाचार पत्र की नहीं होगी।